जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

जयपुर, सोमवार 10 मार्च, 2025



## विचार बिन्दु

**निरंतर विकास जीवन का एक नियम है। और जो भी व्यक्ति खुद को सही दिखाने के लिए अपनी रूढ़िवादिता को बरकरार रखने की कोशिश करता है वो खुद को एक गलत स्थिति में पंहुचा देता है। –महात्मा गांधी**

# वरदान या अभिशाप: सावधानी ज़रूरी है!

आज मैं सुदूर दक्षिण कोरिया के एक प्रकरण को अपने पाठकों के सामने रख रहा हूं। ऐसा क्यों कर रहा हूं, इसकी चर्चा थोड़ा ठहर कर करूंगा। लगभग एक दशक से दक्षिणी कोरिया के शहर बुसान में सफलता और आनंद पूर्वक अध्यापन कर रही गा-युन (यह उनका असली नाम नहीं है) बहुत परेशान और अवसाद ग्रस्त हैं। वजह? किसी ने उनके चेहरे की तस्वीर एक नग्न देह पर लगाकर टेलीग्राम चैनल पर अपलोड कर दी। यह काम डीपफ़ेक तकनीक के माध्यम से किया गया। शिक्षिका का कहना है कि "जब भी मेरे विद्यार्थी मुझे देखते तो मुझे लगता कि उन्होंने वह तस्वीर देखी है और उसी को चैक करने के लिए वे मेरी तरफ़ देख रहे हैं। मैं उनकी आंखों में नहीं देख सकती और अब उन्हें ठीक से पढ़ा भी नहीं सकती हूं।" वे आगे कहती हैं, "मैं बचपन से ही टीचर बनना चाहती थी, और मेरा सपना कभी नहीं बदला। लेकिन अब, अवसाद और चिंता के कारण मुझे दिन में पांच गोलियां लेनी पड़ती हैं। मैं अभी भी कमज़ोर महसूस करती हूं और मुझे लगता है कि बेहतर होने में कुछ और समय लगेगा।" शिक्षिका सात महीने से मेडिकल लीव पर हैं।

यह दक्षिण कोरिया की अकेली घटना नहीं है। इससे पहले एक अन्य शिक्षिका के साथ भी वहां ऐसा ही हो चुका था। एक मैसेजिंगएप से उनकी तस्वीर ली गई और उनकी तथा एक अनजान आदमी की तस्वीर यौन क्रिया में लिप्त दो बंदरों के शरीर पर लगाकर एक अत्यंत आपत्तिजनक शीर्षक के साथ साझा कर दी गई। अगस्त 2024 में कोरियाई शिक्षक और शिक्षा कर्मचारी संघ ने एक सर्वेक्षण किया था जिसमें यह जानने का प्रयास किया गया था कि क्या शिक्षक और विद्यार्थी कभी अपनी तस्वीरों के साथ छेड़छाड़ के शिकार हुए हैं। इसके जवाब में 2492 मामले सामने आए थे। इन शिकारों में माध्यमिक, प्राथमिक और विशेष स्कूलों के ही नहीं, किंडरगार्ट्न तक के विद्यार्थी शामिल थे। कुल मिलाकर 517 लोग प्रभावित पाए गए जिनमें 204 शिक्षक, 304 विद्यार्थी और शेष स्कूलों के कर्मचारी थे। दक्षिण कोरिया में पुलिस के पास दर्ज़ होने वाले डीपफेक यौन अपराधों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। साल 2001 में यह संख्या केवल 156 थी जो 2024 में बढ़कर 1202 तक जा पहुंची थी। चौंकाने वाली बात यह है कि गिरफ्तार किए गए 682 लोगों में से 548 किशोर थे और इनमें 100 से अधिक तो 10 से 14 बरस की उम्र के ही थे। पिछले साल दिसंबर में वहां के शिक्षा मंत्रालय नेमिडिल और हाई स्कूलों के 2000 से अधिक विद्यार्थियों के बीच एक सर्वेक्षण किया था जिससे पता चला कि इनमें डीपफ़ेक से सम्बद्ध अपराधों के बारे में जानकारी का अभाव है। 54% विद्यार्थियों का कहना था कि ऐसा केवल मनोरंजन के लिए किया जाता है। बहुत सारे विद्यार्थियों ने कहा कि उन्हें तो यह अनुमान ही नहीं था कि ऐसा करना भी अपराध है!

इस विषय पर आगे चर्चा से पहले यह जान लेना उपयुक्त होगा कि आख़िरडीपफेक है क्या बला। डीपफ़ेक एक अत्याधुनिक आर्टिफीशियल इंटेलिजेंस (ए आई) तकनीक है। यह डीप लर्निंग के माध्यम से किसी भी फोटो, वीडियो या ऑडियो को इस तरह संपादित कर सकती है कि वह असल प्रतीत हो। इस तकनीक में किसी व्यक्ति के चेहरे, आवाज़ या हाव-भाव को किसी दूसरे व्यक्ति पर इस कुशलता से आरोपित कर दिया जाता है कि वह नकली निर्माण लगभग असली जैसा ही प्रतीत होता है। उदाहरण के लिए कहूं कि किसी बहुत जाने माने अभिनेता की आवाज़ को मेरे मुंह से निकलता हुआ दर्शाया जा सकता है या मेरा चेहरा किसी बड़े नेता के धड़ पर अत्यंत कुशलतापूर्वक चिपकाया जा सकता है। डीपफ़ेक के लिए जनरेटिव एडवर्सेरियल नेटवर्क्स (GANs) नामक तकनीक का उपयोग किया जाता है। इस तकनीक का सफलतापूर्वक और सार्थक उपयोग अनेक क्षेत्रों में किया जाता है। फ़िल्म उद्योग में पुरानी फिल्मों को पुनः प्रस्तुत करने में और अभिनेताओं को युवा और अधिक आकर्षक दिखाने में इस तकनीक का सफलतापूर्वक उपयोग किया जाने लगा है। इसी तरह दिवंगत ऐतिहासिक व्यक्तित्वों को सजीव करके अध्यापन को अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है। विज्ञापनों की दुनिया में विशेष प्रभाव उत्पन्न करने में यह तकनीक अत्यधिक उपयोगी है।

> **भारत जैसे देश में मुझे पहली ज़रूरत तो यह लगती है कि हम लोगों को और विशेष रूप से युवा पीढ़ी को तकनीक के दुरुपयोग के ख़तरों के बारे में पर्याप्त जानकारी और प्रशिक्षण दें। उनसे इसके दुष्परिणामों के बारे में खुलकर चर्चा करें। दूसरी बात यह कि हम भी अपने सामने आई हर चीज़ को जांचना-परखना सीखें और जल्दबाज़ी में उसे प्रचारित करने की अपरिपक्वता से बचें।**

लेकिन इन कुछ सकारात्मक बातों के साथ-साथ इस तकनीक के दुरुपयोग के भी अनेक प्रकरण सामने आ चुके हैं। दक्षिण कोरिया के जिस प्रकरण से हमने अपनी चर्चा शुरु की उसी को आगे बढ़ाते हुए यह भी कहा जाना ज़रूरी है कि झूठी ख़बरों को फैलाने और भ्रामक एवं किसी को क्षति पहुंचाने वाली जानकारी रचने और उसे फैलाने में यह तकनीक इस्तेमाल की जाने लगी है। राजनीति में इस तकनीक का दुरुपयोग आम हो चला है। ऐसे कुछ उदाहरण हम आगे चलकर देखेंगे। वैयक्तिक स्तर पर फ्रॉड करके आर्थिक क्षति पहुंचाने और ब्लैकमेलिंग में इस तकनीक के इस्तेमाल के उदाहरण तो हम आए दिन ख़बरों के माध्यम से जानने लगे हैं। यह याद किया जा सकता है कि बहुत पहले, सन् 2018 में बराक ओबामा का एक नकली वीडियो ज़ारी हुआ था जिसमें उनके मुंह से ऐसी कुछ बातें सुनने को मिली थी जो उन्होंने कही ही नहीं थी। यह वीडियो एक कॉमेडियन जॉर्डन पीले ने बनाया था और वे इसमें हूबहू ओबामा की आवाज़ रचने में कामयाब रहे थे। इसके अगले बरस इस तकनीक के शिकार बने मार्क ज़ुकरबर्ग। उनसे कहलवाया गया (जो असल में उन्होंने कभी नहीं कहा) कि "जो भी फ़ेसबुक का इस्तेमाल करता है उसकी सारी जानकारी मेरे पास है।" सन् 2021 में प्रख्यात अभिनेता टॉमक्रूज़ के अनेक डीपफ़ेक वीडियो सामने आए। सन 2022 में रूस-यूक्रेन युद्ध के दौरान यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेन्स्की का एक डीपफेक वीडियो सामने आया था जिसमें उन्हें यूक्रेन की सेना को आत्म समर्पण करते हुए बताया गया था। बाद में यूक्रेन सरकार ने आरोप लगाया कि यह वीडियो रूस द्वारा बनाया गया था। और हम भारतीय इस बात को क्यों न याद करें कि अरविंद केजरीवाल का एक डीपफ़ेक वीडियो ज़ारी हुआ था जिसमें वे भाजपा के समर्थन में कुछ कह रहे थे। राजनीतिक दलों के वेतनभोगी कर्मचारी और उनके अवैतनिक उत्साही समर्थक आजकल अपने प्रतिपक्षी को क्षति पहुंचाने के लिए इस तरह के काम खूब करने लगे हैं और इनसे शायद ही कोई बच पाता हो। इनकी वजह से बहुत बार सबसे तेज़ ख़बर का दावा करने वाले सूचना तंत्र को लज्जित भी होना पड़ता है। जिसे वे ब्रेकिंग न्यूज़ बता कर अपनी पीठ थपथपाते हैं वही कुछ दिनों के बाद डीपफ़ेक की रचना के रूप में जानी जाती है तो उन्हें लज्जित तो होना ही है।

और अब वह बात, जिसे मैंने बाद के लिए स्थगित रखा था। यह सवाल कि आखिर क्यों मैं दक्षिण कोरिया की इस घटना को इतनी अहमियत दे रहा हूं। मेरा कहना यह है कि आज सारी दुनिया एक वैश्विक गांव में बदल चुकी है और अब जो एक जगह घटित होता है उसे दूसरी जगह घटित होने में देर नहीं लगती है। वैसे भी जो दक्षिण कोरिया में हुआ है उसकी आहटें हम अपने देश में सुनने ही लगे हैं। तकनीक अब सर्व सुलभ होने लगी है और नई पीढ़ी पिछली पीढ़ी की तुलना में तकनीक के प्रयोग में बहुत अधिक दक्ष भी है। ऐसे में किसी भी तकनीक से होने वाले लाभ और उससे मिलने वाली सुविधाओं के साथ-साथ उसके दुरुपयोग की आशंकाएं भी बहुत तेज़ी से बढ़ती जा रही हैं। इस समस्या का समाधान यह तो नहीं हो सकता कि हम तकनीक से किनारा कर लें। तकनीक अब हमारे लिए अपरिहार्य है। हमें देखना यह होगा कि उसका दुरुपयोग कम से कम हो और अगर हो जाए तो हम उसके दुष्प्रभाव से कैसे बचें! भारत जैसे देश में मुझे पहली ज़रूरत तो यह लगती है कि हम लोगों को और विशेष रूप से युवा पीढ़ी को तकनीक के दुरुपयोग के ख़तरों के बारे में पर्याप्त जानकारी और प्रशिक्षण दें। उनसे इसके दुष्परिणामों के बारे में खुलकर चर्चा करें। दूसरी बात यह कि हम भी अपने सामने आई हर चीज़ को जांचना-परखना सीखें और जल्दबाज़ी में उसे प्रचारित करने की अपरिपक्वता से बचें। इधर वॉट्सएप पर लोग बिना जांचें परखें इधर की सामठाी को उधर ठेलने का जो उत्साह दिखाते हैं उस पर नियंत्रण की ज़रूरत है। यह काम भी शिक्षा और जागरूकता के प्रसार से ही सम्भव हो सकता है। समझने की बात यह है कि तकनीक तो आ गई है और हमें उसका बहिष्कार भी नहीं करना है। लेकिन इस बात का ध्यान रखना है कि हम उसका इस्तेमाल करें, और इतने सावधान रहें कि वह हमारा इस्तेमाल न करने लग जाए।

**–अतिथि संपादक,**
**डॉ. दुर्गाप्रसाद अग्रवाल**
**( शिक्षाविद और साहित्यकार**

# खाटू नरेश बाबा श्याम की सवारी के लिए डेढ़ करोड़ की लागत का भव्य रथ तैयार

- **बीकानेर के नोखा में तैयार किया रथ खाटू श्याम मंदिर पहुंच चुका है, दानदाता का नाम गुप्त रखा गया है**
- **खाटू श्यामजी में फाल्गुनी एकादशी पर बाबा इसी रथ पर सवार होकर भक्तों को दर्शन देंगे**

**नोखा, (निसं)।** खाटू नरेश बाबा श्याम की सवारी के लिए 125 किलो चांदी से रथ बनाया गया है। सोमवार को फाल्गुनी एकादशी पर बाबा इसी रथ पर सवार होकर भक्तों को दर्शन देंगे। बीकानेर के नोखा में करीब डेढ़ करोड़ रुपए की लागत से भव्य रथ तैयार किया गया है। इसके निर्माण में एक महीने से ज्यादा का समय लगा है। रथ खाटू श्याम मंदिर पहुंच चुका है। फाल्गुन एकादशी को श्याम मंदिर से सुबह रथ यात्रा रवाना होगी। यात्रा प्राचीन श्याम कुंड, अस्पताल चौराहा, पुराना बस स्टैंड से होकर मुख्य बाजार कबूतर चौक पहुंचेगी, जहां रथ यात्रा समाप्त होगी।

नोखा सिल्वर वर्क्स के रामगोपाल चांडक और सुनील राहड़ ने बताया कि प्रतिदिन आठ मजदूरों ने काम करके इसे एक महीने में नोखा में ही तैयार किया है। दानदाता का नाम गुप्त रखा गया है। इस प्रकार का विशेष रथ बाबा श्याम की सवारी के लिए बनाया गया है, जो उनके भक्तों के लिए आकर्षण का केंद्र बनेगा। रथ को नोखा से सात मार्च को रवाना किया गया था, जो आठ मार्च को खाटू श्याम पहुंच चुका है। सीकर के खाटू श्याम मंदिर में श्याम धणी सरकार इस बार एकादशी को चांदी से तैयार हुए रथ पर विराजमान होकर अपने भक्तों को दर्शन देंगे। रथ को धक्का नहीं लगाना पड़े इसके लिए जीप की बॉडी पर इसे तैयार किया गया है। जानकारी के अनुसार पिछले मेले के दौरान रथ के पहिए निकलने से समस्या आ रही थी। रथ भी काफी पुराना हो गया था।

जानकारी के अनुसार एंटीक आइटम बनाने के लिए चांदी को 962 से 1250 डिग्री सेल्सियस तक पिघलाया जाता है। इस प्रक्रिया में एक बार में 30 किलो चांदी के आइटम तैयार किए जा सकते हैं। पिघली हुई चांदी को ठंडा करने के लिए पानी में डाला जाता है। चांदी को पिघलाने के बाद पात मशीन में डालकर शीट तैयार की जाती है, जिसमें करीब 3 से 4 घंटे लगते हैं। इस शीट को बर्तनों के आकार के अनुसार डाई और हाथ से शेप दी जाती है। इसके बाद हाइड्रोलिक प्रेस मशीन में 10 मिनट से एक घंटे तक प्रोसेस किया जाता है। बफ पॉलिशिंग से ही आभूषणों और एंटीक आइटमों की चमक बढ़ती है, इसलिए इस प्रक्रिया में सबसे ज्यादा समय लगता है। पॉलिशिंग के बाद आइटम फैक्ट्री के शोरूम से होते हुए दुकानों तक पहुंचते हैं।

# रेलवे बोर्ड के महानिदेशक ( संरक्षा ) ने जोधपुर का दौरा किया

- **मंडल रेल प्रबंधक तथा विभागाध्यक्षों के साथ रेल संरक्षा को सुदृढ़ करने और संरक्षा कार्यों पर चर्चा की**

**जोधपुर, (कासं)।** उत्तर-पश्चिम रेलवे जोधपुर रेल मंडल पर हरिशंकर वर्मा, महानिदेशक (संरक्षा), रेलवे बोर्ड ने रविवार को मंडल रेल प्रबंधक पंकज कुमार सिंह तथा विभागाध्यक्षों के साथ रेल संरक्षा को सुदृढ़ करने और संरक्षा कार्यों पर विस्तृत चर्चा की।

हरिशंकर वर्मा, महानिदेशक (संरक्षा), रेलवे बोर्ड ने जोधपुर स्टेशन परिसर पर मंडल के विभागाध्यक्षों के साथ समीक्षा बैठक में भाग लिया। बैठक में महानिदेशक (संरक्षा), रेलवे बोर्ड ने कहा रेल संचालन में संरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है और संरक्षा में कोई भी कोताही नहीं करनी चाहिए तथा भविष्य में और बेहतर कार्यनिष्पादन के लिए दिशा निर्देश प्रदान किए। उन्होंने कहा कि विगत वर्षों में अत्याधुनिक तकनीक के उपयोग से हमारी संरक्षा को मजबूती मिली है। महानिदेशक ने संरक्षा को प्राथमिकता पर रखते हुए सतर्कता और सजगता से कार्य करने और रेल सचांलन पर विशेष ध्यान केन्द्रित करने की बात कही। निरीक्षण के दौरान महानिदेशक ने क्रू लाबी, क्रू रेस्ट रूम, काउन्सिलिंग रूम, जोधपुर रेल मंडल के रनिंग स्टाफ के लिए उपलब्ध एकीकृत क्रू मॉनिटरिंग सिस्टम सॉफ्टवेयर का निरीक्षण किया।

डीआरएम पंकज कुमार सिंह ने बताया कि रनिंग स्टाफ के लिए एकीकृत सिस्टम को मंडल के क्रू लॉबी, रनिंग रूम में उपलब्ध कराया गया है, इस प्लेटफार्म के अन्तर्गत मॉनिटरिंग डैशबोर्ड, रोकथाम और परामर्श, अध्ययन और मूल्यांकन के लिए प्रश्न बैंक, प्रमुख यार्ड सिम्युलेटर, लर्निंग रोड मॉड्यूल, ज्ञान केंद्र, क्विज आधारित काउन्सिल, (रनिंग रूम प्रबंधन प्रणाली), रिपोर्ट्स इत्यादि उपलब्ध हैं। निरीक्षण के दौरान महानिदेशक ने संरक्षा सुनिश्चित करने के लिए और उपयोगी प्रयास के लिए डेवलपमेंट टीम की बहुत प्रशंसा की एवं इसमें ओर बेहतर सुधार हेतु कुछ बहुमूल्य सुझाव दिए तथा अपने अनुभव अन्य मंडलों को साझा करने के निर्देश दिए। लोको पायलटों से संवाद के दौरान ट्रेन संचालन में संरक्षा की उपयोगिता एवं लोको पायलट की भूमिका को इंगित किया। उन्होंने सहायक लोको पायलट और लोको पायलटो से संवाद करते हुए कहा कि ट्रेन को अपेक्षित गति के साथ चलाना चाहिए, जिससे सेफ्टी और समयपालनता दोनों बनी रहे।

उत्तर-पश्चिम जोधपुर रेल मंडल के एकीकृत क्रू लोको लॉबी के निरीक्षण के दौरान महानिदेशक ने संरक्षा और कार्यकुशलता से जुड़े कार्यों का निरीक्षण किया जहां उन्होंने संरक्षा के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना की तथा उनके बेहतर कार्यनिष्पादन एवं प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से महानिदेशक ने 50 हजार रूपए का पुरस्कार घोषित किया। निरीक्षण के दौरान मंडल रेल प्रबंधक पंकज कुमार सिंह, अपर मंडल रेल प्रबंधक राकेश कुमार, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक विकास खेड़ा, वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर (पावर) जोगेंद्र मीना, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर समन्वय मनोहर सिंह, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक लोकेश कुमार और वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी मुकेश मीणा सहित स्टेशन अधीक्षक व सुपरवाइजर उपस्थित रहे।

## प्रवासी माहेश्वरी सम्मेलन में शोभायात्रा निकाली

**जैसलमेर, (नि.सं.)।** अखिल भारतीय जैसलमेर प्रवासी माहेश्वरी सम्मेलन की शोभायात्रा रविवार सुबह माहेश्वरी बेरा एवं गड़ीसर के श्रीकृष्ण श्रीमाली चौराहा से प्रारम्भ हुई। शोभायात्रा चाचा पाड़ा, मोहता पाड़ा के समीप से होते हुए गुलास्तला रोड, आसनी रोड, गांधी चौक, हनुमान चौराहा होते हुए अधिवेशन स्थल जवाहर निवास होटल पहुंची। सम्पूर्ण मार्ग में जैसलमेरवासियों ने भव्य स्वागत किया। शोभायात्रा में आगे आगे हाथी चल रहा था उसके बाद बघियों में शिव पार्वती, जगनन्नाथ, राम जानकी हनुमान एवं अनेक देवताओं की झंकियों के पश्चात् चुनरी की साड़ी पहने हजारों महिलाएं एवं बालिकाएं जैसलमेरी पगड़ी एवं सफेद कुर्ता पाजामा पहने पुरुष एवं युवा भगवान महेश का जय घोष करते चल रहे थे। जिला प्रशासन का बेहतरीन सहयोग रहा। शोभायात्रा की झंकियों में भाग लेने वालों को स्मृति चिन्ह संयोजक परमानन्द राठी के हाथों वितरित किए गए। स्थानीय वरिष्ठ नागरीक किशनलाल भाटिया ने बताया कि ऐसी शोभायात्रा उन्होंने अपने 80 वर्षीय जीवन काल में पहली बार देखी।

## सफाई अभियान चलाकर ग्रामीणों को स्वच्छता का संदेश दिय

- **ग्रामीणों को गांव को साफ बनाए रखने के लिए सहयोग की आवश्यकता जताई**

**सादुलपुर, (निसं)।** तहसील के ग्रामीण क्षेत्र सिधमुख सांखू, नुहन्द व हरपालु में स्वच्छ भारत मिशन योजना अंतर्गत जिला कलेक्टर के दिशा निर्देशानुसार रविवार को स्वच्छता अभियान चलाया गया तथा सफाई कर ग्रामीणों को अभियान अंतर्गत स्वच्छता का संदेश दिया गया।

पंचायत समिति विकास अधिकारी राजेंद्र जोईया के सानिध्य एवं देखरेख में सफाई अभियान चलाया गया, जल भराव क्षेत्र का चिन्हीकरण कर सफाई कार्य शुरू किया गया। साथ ही लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। इस मौके पर पंचायत समिति विकास अधिकारी राजेन्द्र जोईया ने ग्रामीणों को स्वच्छ भारत मिशन योजना अंतर्गत जानकारी दी तथा गांव को साफ सुथरा बनाए रखने के लिए सहयोग की आवश्यकता जताई। ग्रामीण क्षेत्र के सफाई अभियान में गांव के बाहर कूडे के ढेर, मैन चौक सडक व मंदिर परिसर आदि जगहों की साफ-सफाई की गई। इस दौरान विधायक मनोज न्यांगली ने कहा कि स्वच्छता में ही भगवान है। हम अपने आसपास गली मोहल्ले सार्वजनिक स्थल आदि की सफाई की जिम्मेदारी हम सब की बनती है। उन्होंने बताया कि हम सफाई के प्रति ध्यान रखेंगे तो गांव स्वच्छ रहेंगे एवं बीमारियों से मुक्ति मिलेगी। इस दौरान जिला कलेक्टर, उपखंड अधिकारी, पंचायत समिति प्रधान, विधायक सहित सरपंच एवं ग्रामीण मौजूद थे।

# महिला सशक्तिकरण में युनैस्को की भूमिका सराहनीय है : विधायक कोठारी

- **स्टेट फेडरेशन ऑफ युनैस्को एसोसिएशन इन राजस्थान, जवाहर फाउण्डेशन तथा भारतीय जैन संगठना द्वारा "महिला शक्ति सम्मान" समारोह का आयोजन**



समारोह में युनैस्को ने 121 महिलाओं का सम्मान किया।

**भीलवाड़ा, (निसं)।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कोटा रोड़ स्थित यश विहार में स्टेट फेडरेशन ऑफ यूनेस्को एसोसिएशन इन राजस्थान, जवाहर फाउण्डेशन तथा भारतीय जैन संगठना द्वारा "महिला शक्ति सम्मान" समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में विभिन्न क्षेत्रों की 121 महिलाओं सहित सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करने वाली महिलाओं व छात्राओं का भी विशेष अभिनन्दन किया गया।

जिला यूनेस्को एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष ललित अग्रवाल ने बताया कि समारोह के मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक अशोक कोठारी थे। वहीं समारोह की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा ने की। मुख्य अतिथि कोठारी ने समारोह में उपस्थित महिला शक्ति को प्रेरित कर कहा कि हमारे देश व समाज में परिवर्तन के लिए महिलाओं को अपने से संबंधित मुद्दों पर अपनी जिम्मेदारी समझकर आगे आना होगा, साथ ही मिलकर कार्य करना होगा। महिला सशक्तिकरण में यूनेस्को की भूमिका सराहनीय है। भाजापा जिलाध्यक्ष मेवाड़ा ने महिलाओं को राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी व अधिक से अधिक लाभ लेने को कहा। माताएं-बहनें अपने बच्चों को संस्कारित कर समाज को अनमोल सेवायें प्रदान कर रही है। साथ ही अधिकारों का दुरूपयोग न करने की सलाह देते हुए कहा कि महिलाएं आत्म विश्वास को मजबूत रखे, बालिकाओं को शिक्षा प्रदान करें तथा महिला सुरक्षा से जुड़ी घटनाओं को रोकने के लिए परिवार में बच्चों को सकारात्मक प्रेरणा दे। स्टेट फेडरेशन ऑफ यूनेस्को एसोसिएशन इन राजस्थान के प्रदेश संयोजक गोपाल लाल माली ने महिलाओं को आगे बढ़ने की प्रेरणा दी व कहा कि महिलाओं के आगे बढ़ने से ही देश ही उन्नित संभव है। यूनेस्को एसोसिएशन महिला सशक्तिकरण हेतु सदैव कटिबद्ध है। उन्होंने कहा कि महिलाएं आज देश में किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है। सभी महिलाओं को प्रेरणा लेकर देश की सेवा में आगे आना चाहिए। समारोह को जवाहर फाउण्डेशन के प्रभारी रजनीश वर्मा, बीजेएस के जिलाध्यक्ष अनिल कोठारी, संरक्षक आरएल टुकलिया, जिला यूनेस्को एसोसिएशन के अध्यक्ष चेतन मानसिंहका, जवाहर फाउण्डेशन के लोकेन्द्र पण्डिया सहित कई वक्ताओं ने भी संबोधित किया।

सम्मान समारोह से इण्डस वेली स्कूल, सोशल क्लब क्रू द्वारा महिला सशक्तिकरण पर नाटक मंचन के द्वारा प्रस्तुतियां पेशकर महिला सम्मान अधिकारों के बारे में बताया। साथ ही जोगन डांस एकेडमी द्वारा महाभारत थीम पर प्रस्तुतियां दी गई, जिससे उपस्थित महिलाओं का उत्साह देखते ही बनता था। समारोह में शिक्षा विभाग, चिकित्सा विभाग, सामाजिक संगठनों, सरकारी विभागों सहित खेल-कूद व अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य कर रही 121 महिला प्रतिभागियों का अतिथियों द्वारा मोमेंटो व प्रशस्ति पत्र भेंट कर उनका विशेष सम्मान किया।

## राशिफल


पंडित अनिल शर्मा

**सोमवार 10 मार्च, 2025**

फाल्गुन मास, शुक्ल पक्ष, एकादशी तिथि, सोमवार, विक्रम संवत 2081, पुष्य नक्षत्र रात्रि 12:51 तक, शोभन योग दिन 1:52 तक, विष्टि करण प्रात: 7:45 तक, चन्द्रमा आज कर्क राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-कुम्भ, चन्द्रमा-कर्क, मंगल-मिथुन, बुध-मीन, गुरू-वृष, शुक्र-मीन, शनि-कुम्भ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में।

आज सर्वार्थ सिद्धि योग रात्रि 12:51 तक है। आज भद्रा प्रात: 7:45 तक है। आज आमला एकादशी व्रत, रंगभरी ग्यारस है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** अमृत सूर्योदय से 8:14 तक, शुभ 9:42 से 11:04 तक, चर 2:05 से 3:33 तक, लाभ-अमृत 3:33 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 7:30 से 9:00 तक। सूर्योदय 6:46, सूर्यास्त 6:29

### मेष

घर-परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक कार्यों/आय में वृद्धि होगी।

### वृष

व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। महत्वपूर्ण कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों को अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### मिथुन


आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों को भागदौड़ रहेगी।

### कर्क

नौकरीपेशा व्यक्तियों को बाहर जाना पड़ सकता है। व्यावसायिक कार्यों के लिए भागदौड़ बनी रहेगी। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। मानसिक तनाव दूर होगा।

### सिंह

घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। मन में असंतोष बना रहेगा। समय अनर्गल कार्यों में खराब हो सकता है।

### कन्या


आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। धार्मिक कार्यों में भाग ले सकते हैं।

### तुला

व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नौकरीपेशा व्यक्तियों का प्रभाव-प्रभुत्व बढ़ेगा।


### वृश्चिक

घर-परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में धार्मिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। व्यावसायिक आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### धनु

चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। आज आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। यात्रा में परेशानी हो सकती है।

### मकर

परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। आज परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी।

### कुंभ

व्यावसायिक कार्यों के संबंध में उचित सोच-विचार हो सकता है। व्यावसायिक कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### मीन

परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। आज समय रचनात्मक कार्यों में व्यतीत होगा। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी।

फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 75 संख्याः 218 प्रभात जयपुर, सोमवार 10 मार्च, 2025 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.75 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

ARBiT





**It is all about the money, honey!...**

The recitation had been pre-recorded. So, instead of a live performance, the audience watched as these actors lip-synced, much like playback singers (the concept overplayed, don't you think?)

**Our Very Own Movie**

A single glass of water came with a triple-digit price. Before we could fully process this daylight robbery, we found out that the price wasn't just for the water, it was for a personalized IIFA tumbler

# टीम इंडिया ने 12 साल बाद चैंपियन्स ट्रॉफी जीती

## रोहित शर्मा की कप्तानी में नौ महीने में भारत को दूसरा खिताब

- गत 29 जून को उनके नेतृत्व में भारतीय टीम ने टी-20 वर्ल्ड कप जीता था।
- भारतीय टीम ने न्यूज़ीलैंड को 4 विकेट से हराया।

दुबई, 9 मार्च । टीम इंडिया ने फाइनल में न्यूज़ीलैंड को 4 विकेट से हराकर चैंपियन्स ट्रॉफी जीत ली है। दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में इंडिया ने 252 का टारगेट 49 ओवर में चेज़ कर लिया। बतौर कप्तान रोहित शर्मा का नौ महीने में यह दूसरा खिताब है। पिछले वर्ष 29 जून को उन्होंने टी-20 वर्ल्ड कप भी जितवाया था।

रोहित शर्मा ने कप्तानी पारी खेली और 76 रन बनाए। रन चेज़ में श्रेयस (48 रन), केएल राहुल (नाबाद 34 रन), अक्षर पटेल (29 रन) का अहम रोल रहा । गेंदबाजी में सबसे बड़ा रोल रहा कुलदीप यादव का, जिन्होंने दो ओवर में लगातार 2 विकेट लेकर गेम को भारत के पाले में ला दिया। उन्होंने रचिन रवींद्र और केन विलियम्सन को पवेलियन भेजा। न्यूज़ीलैंड की तरफ से सबसे ज्यादा स्कोर डेरिल मिचेल (63 रन) का रहा। 42वें ओवर में भारत ने 5वां विकेट गंवाया। यहां अक्षर पटेल 29 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें मिचेल सैंटनर ने विलियम ओरूर्क के हाथों कैच कराया। 41वें ओवर में भारतीय टीम ने 200 रन का आंकड़ा हासिल कर लिया है। टीम इंडिया की जीत पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, "एक असाधारण खेल और एक असाधारण परिणाम । चैंपियन्स ट्रॉफी घर लाने के लिए हमारी क्रिकेट टीम पर गर्व है। उन्होंने पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया है।"

भारतीय पारी के 49वें ओवर में रवींद्र जडेजा ने चौका लगाकर जीत दिलाई। विलियम ओरुर्क के ओवर की अंतिम बॉल पर जडेजा ने डीप फाइन लैग पर चौका लगाया। वो 9 रन बनाकर नाबाद रहे।



*भारत ने न्यूजीलैंड को हराकर चैंपियन्स ट्रॉफी 2025 का खिताब अपने नाम कर लिया है। भारतीय टीम के ऑलराउंडर रवीन्द्र जडेजा ने 49 ओवर की आखिरी बॉल पर चौका लगाकर टीम को जीत दिलाई। उन्होंने बॉलिंग में भी 10 ओवर में 30 रन देकर एक विकेट लिया।*

## उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के एम्स में स्टैंट लगा

नयी दिल्ली, 09 मार्च। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की तबीयत रविवार को अचानक बिगड़ गयी जिसके बाद उन्हें यहां अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान(एम्स) में भर्ती कराया गया। तिहत्तर वर्षीय धनखड़ को आज तड़के बेचैनी और सीने में दर्द की शिकायत के बाद तत्काल एम्स ले जाया गया और कार्डियोलॉजी विभाग के प्रमुख डॉ. राजीव नारंग की देखरेख में क्रिटिकल केयर यूनिट (सीसीयू) में भर्ती कराया गया। उन्हें सफलतापूर्वक एक स्टैंट प्रत्यारोपित किया गया है और डॉक्टरों की टीम उनकी स्थिति पर लगातार नजर रखे हुए है। अभी उनकी हालत स्थिर बतायी गयी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एम्स जाकर धनखड़ के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। मोदी ने कहा,एम्स जाकर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ जी के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। मैं उनके अच्छे स्वास्थ्य और शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं।

- रविवार की सुबह बेचैनी व सीने में दर्द की शिकायत पर उन्हें एम्स लाया गया था। क्रिटिकल केयर यूनिट में उनके सफलता पूर्वक स्टैंट लगाया गया।
- प्रधानमंत्री मोदी ने एम्स जाकर धनखड़ के स्वास्थ्य की जानकारी ली।

# मुख्यमंत्री योगी ने प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की

## चर्चा है कि दोनों ने यूपी में संभावित मंत्रिमंडल विस्तार तथा संगठन चुनाव पर बातचीत की

दिल्ली, 09 मार्च। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से रविवार, 9 मार्च को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में मुलाकात की। योगी और पीएम मोदी के बीच महाकुंभ के समापन के बाद ये पहली औपचारिक मुलाकात है। कहा जा रहा है कि इस मुलाकात में राज्य से जुड़े कुछ अहम मुद्दों पर चर्चा हुई। जानकारी के अनुसार यूपी में संभावित मंत्रिमंडल विस्तार और संगठन चुनाव और प्रदेश में होनी वाली नियुक्तियों को लेकर भी चर्चा हुई। इससे पहले योगी आदित्यनाथ ने शनिवार, 8 मार्च को भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा से भी मुलाकात की थी। सूत्रों के अनुसार नड्डा के साथ बैठक में भी इन्हीं मुद्दों पर चर्चा हुई थी।

कहा जा रहा है कि यूपी में कैबिनेट में फिलहाल 6 मंत्रियों की जगह खाली है। इसको लेकर यूपी भाजपा और हाईकमान के बीच मंथन जारी है। सूत्रों के अनुसार यूपी भाजपा के मौजूदा अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी को योगी कैबिनेट में जगह मिल सकती है। इसके अलावा विभिन्न आयोगों में नेताओं के समायोजन को लेकर भी वार्ता जारी है।

- उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल में फिलहाल 6 पद खाली हैं। चर्चा है कि वर्तमान प्रदेशाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी राज्य मंत्रिमंडल में शामिल हो सकते हैं।
- उत्तर प्रदेश में भाजपा अध्यक्ष की दौड़ में पूर्व सांसद हरीश द्विवेदी, बी.एल. वर्मा, धर्मपाल सिंह तथा स्वतंत्र देव सिंह के नाम आगे बताये जा रहे हैं।

कैबिनेट विस्तार के अलावा यूपी भाजपा के अध्यक्ष के लिए भी नाम की घोषणा होनी है। कुछ नाम रेस में भी हैं। सूत्रों के अनुसार, पूर्व सांसद हरीश द्विवेदी, बीएल वर्मा, धर्मपाल सिंह, स्वतंत्र देव सिंह के नाम इस रेस में है।

इसके साथ ही यूपी में जिलाध्यक्षों के संदर्भ में बीते महीने फरवरी में भाजपा

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# सीरिया में हिंसा फैली, दो दिन में 1 हजार की मौत

## अपदस्थ राष्ट्रपति बशर अल-असद के समर्थकों और सुरक्षा बलों के बीच हिंसा का दौर लगातार जारी है

दमिश्क, 09 मार्च। सीरिया में अपदस्थ राष्ट्रपति बशर अल-असद के समर्थक और सुरक्षा बलों के बीच भीषण झड़प और हिंसा का दौर जारी है। बीते दो दिन की हिंसा में सीरिया में एक हजार से अधिक लोगों की मौत हो गई है। युद्ध निगरानी संस्था सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स ने एक रिपोर्ट में एक हजार से अधिक लोगों के मारे जाने की बात कही है। संस्था का मानना है कि 14 साल पहले सीरिया में शुरू हुए संघर्ष के बाद की यह सबसे घातक घटनाएं हैं। रिपोर्ट का दावा है कि सीरिया के तट शहर में गुरुवार को हिंसक झड़पें शुरू हुईं और इसके बाद हिंसा फैल गई है।

- सीरियन ऑब्ज़र्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स के अनुसार, मारे गये लोगों में 745 आम नागरिक हैं, जिनमें अधिकांश को नज़दीक से गोली मारी गई।

सीरिया में शुरू हुई इस हिंसा ने नई सरकार के लिए चुनौती बढ़ ा दी है। सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स के रिपोर्ट में कहा कि दो दिन की हिंसा में जिन हजार से अधिक लोगों की मौत हुई, उसमें 745 आम नागरिक हैं, जिनमें से ज्यादातर को नजदीक से गोली मारी गई। इस हिंसा के भीषण दौर के कारण लातकिया शहर के आसपास के

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## सुरंग हादसे में मशीन में फंसा शव मिला

हैदराबाद, 09 मार्च। तेलंगाना के सुरंग हादसे में एक शव बरामद हुआ है, जो एक मशीन में फंसा हुआ था। बचाव दल ने मशीन को काटकर शव निकाला। अभी सात अन्य लोगों की तलाश जारी है। बचाव अभियान में केरल के खास खोजी कुत्तों की भी मदद ली जा रही है। हादसे को 15 दिन से ज्यादा का समय बीत गया है। श्रीशैलम लेफ्ट बैंक कैनाल (एसएलबीसी) की आंशिक रूप से ध्वस्त सुरंग में फंसे आठ लोगों को

- हादसे के 15 दिन बाद बचाव दल ने मशीन को काट कर शव निकाला। अभी सात अन्य लोगों की तलाश जारी है।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# संसद सत्र में डीएमके परिसीमन का मुद्दा उठाएगी

## डीएमके 10 मार्च से शुरु हो रहे संसद सत्र में परिसीमन को मुख्य मुद्दा बनाएगी

चेन्नई, 09 मार्च। द्रविड़ मुनेत्र कझगम (डीएमके) के सांसदों ने रविवार को एक महत्वपूर्ण बैठक की। इस दौरान 10 मार्च से शुरू हो रहे संसद सत्र में परिसीमन का मुद्दा उठाने के लिए एक प्रस्ताव पारित किया गया। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और डीएमके प्रमुख एमके स्टालिन ने इस बैठक की अध्यक्षता की। चेन्नई के अन्ना अरिवालयम में आयोजित बैठक में पार्टी के लोकसभा और राज्यसभा सांसदों ने भाग लिया।

- डीएमके ने एक प्रस्ताव पारित कर परिसीमन के कारण सीटों का नुकसान झेलने वाले, कर्नाटक, केरल आदि राज्यों से तालमेल करने का निर्णय लिया।

बैठक में तीन प्रस्ताव पारित किए गए, जिसमें इस बात पर जोर दिया गया कि परिसीमन प्रक्रिया आगामी संसद सत्र का मुख्य मुद्दा रहेगा। इसके साथ ही परिसीमन का मुद्दा उठाने के लिए मुख्यमंत्री स्टालिन को धन्यवाद देने वाला एक प्रस्ताव भी पारित किया गया। एक प्रस्ताव में कहा गया कि डीएमके सांसद तमिलनाडु लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों को बचाने के लिए मुख्यमंत्री स्टालिन के प्रयासों का समर्थन करेंगे और इस मुद्दे को संसद में उठाएंगे।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## महिला कांग्रेस 33% आरक्षण के लिये संसद का घेराव करेगी

नयी दिल्ली, 09 मार्च। कांग्रेस की महिला शाखा लोकसभा तथा राज्यसभा में महिलाओं को 33 फ़ीसदी आरक्षण देने वाले कानून को क्रियान्वित करने के लिए सरकार पर दबाव बनाने के लिए सोमवार को सांसद का घेराव करेगी।

- महिला कांग्रेस अध्यक्ष अलका लांबा ने कहा कि महिलाओं के आरक्षण का विधेयक लोकसभा, राज्यसभा व विधानसभाओं में पास हो चुका है, पर, इसका क्रियान्वयन नहीं हो रहा।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# डीआरआई ने 33 करोड़ रूपए का चरस का तेल पकड़ा

## कन्याकुमारी तट के पास रोके जहाज से डीआरआई व तटरक्षक दल ने यह बरामदगी की

नयी दिल्ली, 09 मार्च। डायरैक्टोरेट ऑफ रैवेन्यु इंटैलिजैंस (डी.आर.आई.) ने भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) के साथ एक संयुक्त अभियान में मालदीव की ओर जाने वाले एक टग-बार्ज जहाज से 33 करोड़ रुपये मूल्य का 29.954 किलोग्राम चरस का तेल जब्त किया है। इस मामले में तीन लोग गिरफ्तार किये गये हैं।

वित्त मंत्रालय ने रविवार को यहां जारी बयान में यह जानकारी देते हुये कहा कि डी.आर.आई. अधिकारियों ने विशेष खुफिया जानकारी के आधार पर तूतीकोरिन के पुराने बंदरगाह से रवाना हुए एक जहाज को पत्थरों से लदे एक जहाज को खींचते हुए देखा। पता चला कि तूतीकोरिन में स्थित एक गिरोह ने जहाज के चालक दल के एक सदस्य की सहायता से मालदीव की यात्रा के दौरान बीच समुद्र में ही भारी मात्रा में चरस के तेल को जहाज पर लाद दिया था।

डी.आर.आई. के आदेश पर, भारतीय तटरक्षक बल ने 5 मार्च, 2025 को कन्याकुमारी तट के पास समुद्र में जहाज को रोक लिया और 7 मार्च, 2025 तक उसे तूतीकोरिन न्यू पोर्ट पर वापस ले आया।

- तूतीकोरिन के पुराने बंदरगाह से रवाना हुए पत्थरों से लदे जहाज में यात्रा के दौरान समुद्र में ही भारी मात्रा में चरस का तेल लाद दिया गया था।

जानकारी के अनुसार, जहाज पर मादक पदार्थ रखने के लिए जिम्मेदार व्यक्ति और उसके साथी को गिरफ्तार कर लिया गया। इसके अलावा, गिरोह के साथ जहाज के स्थान के बारे में जानकारी साझा करने में शामिल चालक दल के

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )



# अज्ञात वाहन की टक्कर से कार सवार एक युवक की मौत, चार जने घायल

## अजमेर व नसीराबाद निवासी कार सवार खाटूश्यामजी के दर्शन कर लौट रहे थे

- बांदरसिंदरी थाना अंतर्गत जयपुर हाइवे मार्ग पर गांव पाटन के पास हुआ हादसा
- घायलों को अजमेर रैफर किया

**मदनगंज-किशनगढ़,** (निसं)। बांदरसिंदरी थाना अंतर्गत जयपुर हाइवे मार्ग पर गांव पाटन के पास रविवार को अज्ञात वाहन की टक्कर से कार में सवार एक युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दो महिलाओं सहित चार जने चोटग्रस्त होकर घायल हो गये।

दुर्घटना इतनी भीषण थी कि कार के आगे का हिस्सा पूरी तरह चकनाचूर होकर कबाड़ में तब्दील हो गया। काफी मशकक्त के बाद मृतक के शव सहित घायलों को बाहर निकाला गया। खाटूश्याम के दर्शन कर वापस लौट रहे परिवारजनों की कार अज्ञात वाहन से टकराने से हादसा घटित हो गया।

थाना इंचार्ज अमरचंद ने बताया कि गांव पाटन के पास अज्ञात वाहन के चालक ने लापरवाही व तेज गति से वाहन चलाकर कार के टक्कर मार दी। दुर्घटना में कार सवार नसीराबाद हाल अजमेर निवासी चीराग (17) पुत्र अनुपम गर्ग की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि चौकड़ी मोहल्ला नसीराबाद निवासी मनीष गर्ग (48) पुत्र सीताराम गर्ग, इसकी पत्नी अमिता गर्ग, वैशाली नगर अजमेर निवासी सोनिया (25) पुत्री राकेश जैन, इसकी मां तिलका जैन (52) पत्नी राकेश जैन घायल हो गये। इनमें से मनीष गर्ग, तिलका जैन व सोनिया जैन को जेएलएन अस्पताल अजमेर रेफर कर दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मनीष गर्ग के पुत्र की सगाई सोनिया जैन के संग हुई और मृतक चीराग मनीष गर्ग का भतीजा था, इसलिये दोनों संबंधी खाटू श्यामजी के दर्शन करने गये थे, पर रास्ते में हादसा हो गया। बांदर सिंदरी थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर पोस्टमार्टम की कार्यवाही के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया।



हादसे में कार के आगे का हिस्सा पूरी तरह चकनाचूर हो गया।

# दिनदहाड़े युवक की चाकू मारकर हत्या

## हत्या के बाद भागते हत्यारे का वीडियो सामने आया

- स्थानीय लोगों ने बताया कि भागते युवक के हाथ खून से सने थे

**उदयपुर,** (कासं)। उदयपुर में रविवार को दिनदहाड़े एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी। हत्या के बाद भागते हत्यारे का वीडियो भी सामने आया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि भागते युवक के हाथ खून से सने थे।

जानकारी के अनुसार घटना रविवार दोपहर करीब तीन बजे हिरणमगरी थाना क्षेत्र के पानेरियों की मादडी की है। मृतक की पहचान डूंगरपुर निवासी जितेंद्र मीणा (30) के रूप में हुई है, जिस युवक की हत्या हुई है, उसके साथ एक युवती भी थी। वो भी सीसीटीवी फुटेज में हत्यारे के पीछे भागते हुए दिखाई दी है। थानाधिकारी भरत योगी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में प्रेम-प्रसंग का मामला सामने आया है। घटना के बाद हत्यारा युवक गली में भागते हुए जा रहा था। इसी दौरान लोगों ने देखा तो पुलिस को सूचना दी।

थानाधिकारी ने बताया कि मृतक जितेंद्र और डिंपल यहां किराया के मकान में पिछले 5 महीने से रह रहे थे। वारदात के दौरान मकान मालिक खेत पर गए हुए थे। एसआई करनाराम ने बताया कि जितेंद्र उदयपुर शहर के निजी अस्पताल में कंपाउंडर था। वारदात के दौरान जितेंद्र और डिंपल साथ में ही थे। इस दौरान हमलावर अचानक कमरे में आया और जितेंद्र की पीठ पर चाकू से चार से पांच बार वार कर हत्या कर दी। तीन मिनट में ही इस पूरी वारदात को अंजाम दिया। युवती भी एक निजी अस्पताल में नर्स है। जितेंद्र के शव को एमबी हॉस्पिटल की मॉर्च्यूरी में रखवाया गया है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है।

इस मामले में पुलिस ने हत्या के आरोपी नरसी मीणा निवासी बोखला डूंगरपुर को नामजद कर उसकी तलाश शुरू की। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला कि नरसी की पत्नी से उसका विवाद होने से अलग रह रही थी। डिम्पल गत छह सात माह से अपने प्रेमी जितेन्द्र मीणा निवासी डूंगरपुर फला देवल गामडी थाना बिच्छीवाड़ा के साथ रह रही थी। इसका पता चलने पर रविवार को नरसी ने पानेरियों की मादड़ी स्थित किराए के मकान में घुसकर चाकू से जितेन्द्र की पीठ व अन्य स्थानों पर हमला कर फरार हो गया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस उप अधीक्षक छगनपुरोहित, हिरणमगरी थाना एसआई करनाराम मय जाप्ता ने मौके पर पहुंच कर कार्यवाही की।

**युवक की मौत :** उदयपुर में गोवर्धन विलास थाना क्षैत्र में हुए सड़क हादसे में घायल युवक की मौत हो गई। पुलिस से प्रापत जानकारी के अनुसार गोवर्धन विलास हाइवे ऑडी शोरूम के समीप हुए सड़क हादसे में घायल पटेलवाड़ा सलूम्बर निवासी शुभम पटेल पुत्र रामलाल की एमबी चिकित्सालय में उपचार के दौरान मौत हो गई। सूचना मिलने पर एएसआई अकरम खां ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दियां शुभम बाइक पर 3 मार्च को शहर से गांव लौट रहा था, जहां बीच रास्ते जीप कार ने टक्कर मार दी थी।

# भाजपा नेता यासीन की हत्या का आरोपी गिरफ्तार

## मुख्य आरोपी जाहिद एक साल से फरार चल रहा था

**नारायणपुर,** (निसं)। नारायणपुर पुलिस ने भाजपा नेता यासीन खान की हत्या के मामले में मुख्य आरोपी जाहिद को गिरफ्तार कर लिया है, जो पिछले एक साल से फरार चल रहा था। आरोपी जाहिद पुत्र जफरू निवासी बल्लाणा थाना अकबरपुर जिला अलवर का रहने वाला है। उसे अलवर की अरावली विहार थाना पुलिस ने पकड़ा और नारायणपुर पुलिस को सौंप दिया।

इस आरोपी पर कोटपुतली-बहरोड़ एसपी द्वारा पांच हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। यह मामला 11 जुलाई 2024 का है, जब नारायणपुर थाना क्षेत्र के विजयपुरा गांव में अलवर-जयपुर सड़क मार्ग पर बदमाशों ने यासीन खान की गाड़ी रोककर उन पर हमला कर दिया था। हमलावर स्कॉर्पियो और थार गाड़ियों में आए थे और उन्होंने यासीन खान के साथ मारपीट की थी। गंभीर रूप से घायल यासीन खान को जयपुर ले जाया गया, लेकिन इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई थी। इस घटना के बाद पुलिस लगातार आरोपियों की तलाश में जुटी थी और अब मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी से इस मामले में बड़ी सफलता मिली है। पुलिस का कहना है कि आगे की जांच जारी है और अन्य संभावित आरोपियों पर भी कार्रवाई की जाएगी।

# बिजौलियां थाने के पुलिसकर्मियों पर तीन आदिवासी युवकों के साथ मारपीट का आरोप

- पुलिस ने हिरासत में युवकों के सिर व मूंछ के बाल उखाड़े, गम्भीर मारपीट से घायल हुए युवकों का चलना-फिरना हुआ दुश्वार
- तीनों युवक बाइक से मजदूरी करने खदान पर जा रहे थे, पुलिस ने चोरी के शक में पकड़ लिया था
- भील समाज के लोगों ने दोषी पुलिसकर्मियों पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई करने की मांग की

**माण्डलगढ़,** (निसं)। मांडलगढ़ के बिजौलियां थाने में पुलिस का अमानवीय चेहरा सामने आया है। पुलिस ने बेकसूर आदिवासी समाज के तीन युवकों को थाने ले जाकर क्रूरता की हदें पार कर दी। थाने में पुलिसकर्मियों ने पीड़ितों को निवस्त्र कर आपस में अप्राकृतिक कृत्य करने, गुप्तांगों में मिर्ची पाऊडर डालने का दबाव बनाया गया और बिजौलिया इलाके में हुई चोरी व लूट की वारदात जबरन कबूल करने के लिए टॉर्चर किया गया।

पीड़ित युवकों के साथ हुई घटना को सुन कर परिजनों की रूह कांप उठी और समाज के लोगों ने जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देकर दोषी पुलिसकर्मियों के ख़िलाफ़ कार्रवाई कर पीड़ित युवकों के न्याय की गुहार लगाई है। बिजौलिया थाना क्षेत्र के आरोली गाँव निवासी भील समाज के तीन जनों ने भीलवाड़ा पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र यादव, मांडलगढ़ के प्रशिक्षु आईपीएस जतिन जैन, मांडलगढ़ पुलिस उप अधीक्षक बाबूलाल विश्नोई को दी गई रिपोर्ट में बताया कि तीनों पीड़ित युवक बाइक से खदान पर मजदूरी करने जा रहे थे। इस दौरान बिजौलिया थाने के तीन पुलिसकर्मी जीप से आए और पीड़ितों को जबरन जीप में डाल कर थाने ले गए। पुलिसकर्मियों ने थाने में तीनों युवकों को निवस्त्र किया और गुप्तांग में मिर्ची पाऊडर डालने की धमकी देकर बेरहमी से गम्भीर मारपीट की। मारपीट के दौरान युवक बेसुध हो गए। पुलिसकर्मियों ने पीड़ितों के सिर और मूंछ के बाल उखाड़ कर घायल कर दिया जिससे उनका चलना-फिरना दुश्वार हो गया।

पुलिसकर्मियों ने बिजौलियां थाना क्षेत्र में बीते दिनों हुई चोरी व लूट की वारदात को पीड़ितों से जबरन कबूल करने का दबाव बनाय। इस मामले में तीनों युवकों को करीब 30 घण्टे तक थाने की हवालात में बंद रखा। पीड़ित युवकों को इस घटना की जानकारी मिलने पर थाने पहुंचे, तो उन्हें मिलने नहीं दिया गया और रात्रि करीब दस बजे शांतिभंग के मामले में गिरफ्तारी बताकर बिजौलियां एसडीएम न्यायालय में पेश कर छोड़ा गया। पीड़ितों ने परिवार वालों को थाने में पुलिसकर्मियों के द्वारा की गई क्रूरता की घटना बताई।

मामले की जानकारी मिलने पर पंचायत समिति सदस्य चन्द्र प्रकाश भील के नेतृत्व में समाज के सेकड़ों महिला-पुरुष और युवकों ने प्रशासन के उच्चाधिकारियों को भी ज्ञापन देकर न्याय की गुहार लगाई है। समाज के लोगों ने बताया कि दोषी पुलिसकर्मियों के ख़िलाफ़ कार्रवाई नहीं की गई,तो बड़ा जन आंदोलन किया जाएगा।

मांडलगढ़ प्रशिक्षण आईपीएस जतिन जैन, डीएसपी बाबूलाल विश्नोई ने बताया कि पीड़ित युवकों द्वारा दी गई रिपोर्ट पर गहनता से जाँच की जा रही है। उधर बिजौलियां थाना प्रभारी लोकपाल सिंह का कहना है कि आरोली निवासी तीन युवकों द्वारा लगाए जा रहे आरोप निराधार हैं।

# टैंक में डूबने से मासूम की मौत

**कोटा,** (निसं)। कुन्हाड़ी थाना इलाके में खेलते समय पानी के टैंक में डुबने से एक दो वर्षीय मासूम बालक की मौत का मामला सामने आया है। वहीं पिता ने ससुराल पक्ष के लोगों पर आरोप लगाते हुए कुन्हाड़ी थाने में शिकायत दी है। कुन्हाड़ी थाने के थानाधिकारी अरविन्द भारद्वाज ने बताया कि कुन्हाडी इलाके के लैंडमार्क एरिया में दो वर्षीय अनुष खेलते समय मकान के पानी के टैंक में डुब गया। जब परिजनों ने बच्चे को इधर उधर तलाश किया तो बच्चा पानी के टैंक में दिखा। जिसे परिजन उपचार के लिये जेकेलॉन चिकित्सालय लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने जांच के बाद मासूम को मृत घोषित कर दिया। मृतक मासूम के पिता ने ससुराल पक्ष के खिलाफ रिपोर्ट दी है। थानाधिकारी ने बताया कि मृतक मासूम बालक के शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है। पिता की शिकायत पर मामला दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# युवक की संदिग्ध मौत, हाइवे की नाली में शव मिला

- करीब 50 मीटर की दूरी पर सड़क किनारे युवक की मोटरसाइकिल भी खड़ी मिली

**मानपुरा माचेड़ी,** (निसं)। चंदवाजी थाना क्षेत्र में बीलपुर के पास दिल्ली-अजमेर एक्सप्रेस हाइवे की नाली में रविवार को एक युवक का संदिग्ध अवस्था में शव पड़ा मिला। लाश पड़े होने की सूचना पर सनसनी फैल गई। करीब 50 मीटर की दूरी पर सड़क किनारे युवक की मोटरसाइकिल भी खड़ी मिली। सूचना पर पुलिस ने पहुंचकर मौका मुआयना किया व युवक के शव को कब्जे में लेकर निम्स अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया।

चंदवाजी थाना पुलिस के सहायक उप निरीक्षक हरिराम ढाका ने बताया कि रविवार सुबह बीलपुर के पास एक शराब ठेके के नजदीक दिल्ली-अजमेर एक्सप्रेस हाइवे की सूखी नाली में एक युवक की लाश पड़ी होने की सूचना मिली। पुलिस ने मौके पर पहुँच मौका मुआयना किया। युवक का शव नाली में पड़ा था व कुछ दूरी पर सड़क किनारे युवक की बाइक भी खड़ी थी। युवक के सिर में चोट लगी थी व खून भी बह रहा था। पुलिस ने मृतक युवक के शव को कब्जे में लेकर निम्स अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। पुलिस प्रथमदृष्टया युवक की मौत सड़क पार करते समय किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आने को मान रही है, लेकिन पुलिस मामले की जांच भी कर रही है। पुलिस ने मृतक की शिनाख्त दौलतपुरा थाना इलाके के गांव कालीघाटी निवासी मूलचंद मीणा पुत्र हरिनारायण मीणा उम्र 25 साल के रूप में की। मृतक डंपर का चालक का काम करता था। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। पुलिस युवक की मौत के कारणों की जांच में जुट गई हैं।

# सख्ती के बावजूद जोधपुर में बजरी माफिया बेखौफ

- बजरी के डंपर ने दो विद्युत पोल तोड़ दिए, चालक फरार

**जोधपुर,** (कासं)। जोधपुर में बजरी माफिया पुलिस की सख्ती के बावजूद बेरोकटोक अवैध बजरी परिवहन कर रहे हैं। शहर के झालामंड इलाके में शनिवार देर रात बजरी डंपर ने दहशत फैला दी। डंपर ड्राइवर ने खनन विभाग की टीम से बचने के लिए सड़क पर ही डंपर खाली कर दिया। इस दौरान बिजली के तार भी तोड़ दिए। बाद में चालक डंपर लेकर मौके से फरार हो गया। घटना को लेकर वीडियो भी सामने आया है जिनमें डंपर चालक सड़क पर बजरी खाली कर भागते हुए नजर आ रहा है। डंपर चालक लिफ्ट ऊपर कर डंपर को भगाता रहा। इसके चलते दो बिजली के पोल क्षतिग्रस्त हो गए। बाद में लोगों ने पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी। वहीं विद्युत विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची और पोल को दुरुस्त करवाया। फिलहाल डंपर चालक का पता नहीं चल पाया है। बजरी डंपर की इस घटना को लेकर स्थानीय लोगों और व्यापारी में भी रोष है। उनका कहना है कि तेज स्पीड में दौड़ते डंपर की वजह से हादसा हो सकता था। अवैध बजरी के परिवहन पर पुलिस को सख्त कार्रवाई करनी चाहिए।

# मधुमक्खियों के हमले में दो दर्जन से अधिक लोग घायल

- दाह संस्कार के दौरान मधुमक्खियों ने हमला कर दिया था
- लोगों ने सुरक्षा के लिए हेलमेट पहनकर अंतिम संस्कार किया

**श्रीमाधोपुर,** (निसं)। इलाके के कंचनपुर गांव में एक दाह संस्कार के दौरान मधुमक्खियों के हमले से हड़कंप मच गया। इस हमले में दो दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। घायलों को श्रीमाधोपुर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है।

जानकारी के अनुसार, गांव कंचनपुर के बुजुर्ग माधोसिंह शेखावत का निधन हो गया था। परिजन और ग्रामीण अंतिम संस्कार के लिए शमशान भूमि पहुंचे ही थे कि अचानक मधुमक्खियों का झुंड आ गया और लोगों पर हमला कर दिया। मधुमक्खियों के डंक से बचने के लिए लोग इधर-उधर भागने लगे। कुछ लोग पास के खेतों की ओर दौड़ पड़े, तो कुछ ने कपड़ों और हेलमेट से खुद को बचाने का प्रयास किया। हमले में करीब 25 से अधिक लोग घायल हुए, जिनमें से कई को गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया। मधुमक्खियों के हमले के चलते अंतिम संस्कार भी बाधित हो गया। बाद में लोगों ने सुरक्षा के साथ, हेलमेट पहनकर अंतिम संस्कार की प्रक्रिया पूरी की। ग्रामीणों के अनुसार, पास के पेड़ पर मधुमक्खियों का बड़ा छत्ता था,जो कि अचानक लोगों के पहुंचते ही हमला हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही एसडीएम अनिल कुमार ने मामला को गंभीरता से लेते हुए बीसीएमओ को निर्देशित कर घटना में घायल हुए लोगों का तत्काल उपचार करवाने के निर्देशित किए।


# युवक की हत्या के मामले का पर्दाफाश, एक गिरफ्तार

- गत 19 फरवरी को नेशनल हाईवे स्थित खटाना मार्केट के पास वारदात को अंजाम दिया था
- घायल युवक ने जयपुर के एसएमएस अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया था

**कोटपूतली,** (निसं)। स्थानीय थाना पुलिस ने युवक की हत्या के मामले का पर्दाफाश करते हुये एक अभियुक्त को बापर्दा गिरफ्तार किया है।

एसपी राजन दुष्यन्त ने गत 19 फरवरी को कस्बे में राष्ट्रीय राजमार्ग पर दिनदहाड़े एक युवक पर चाकू से हमला करने के मामले को गंभीरता से लेते हुये अज्ञात आरोपी की पहचान कर शीघ्र गिरफ्तार करने के निर्देश दिये थे। जिस पर एएसपी वैभव शर्मा के सुपरविजन व डीएसपी राजेन्द्र कुमार बुरडक व थानाधिकारी राजेश शर्मा के नेतृत्व में विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया। टीम ने तकनीकी सहायता एवं गुप्त रुप से आसूचना संकलन कर सीसीटीवी फुटेजों का गहनता से अवलोकन कर अज्ञात आरोपी की पहचान कर वारदात को अंजाम देने वाले अभियुक्त को बापर्दा गिरफ्तार किया। वारदात में घायल हुये युवक गोपीराम की ईलाज के दौरान एसएसमएस अस्पताल जयपुर में मौत हो गई। जानकारी के अनुसार गत 24 फरवरी को परिवादी दयाराम (35) पुत्र लीलाराम गुर्जर निवासी पनियाला ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 19 फरवरी को करीब दो बजे पनियाला से कोटपूतली अपनी निजी गाड़ी से आ रहे थे।

जैसे ही राजमार्ग पर खटाणा मार्केट पहुंचा तो वहां पर ट्रेलर व स्कार्पियो के बीचे में झगड़ा हो रहा था। प्रार्थी व प्रार्थी का भाई गोपीराम पुत्र लीलाराम अपनी निजी गाड़ी से उतरकर दोनों चालकों का बीच बचाव करने लग गये। इतने में स्कार्पियो में सवार व्यक्ति ने गोपीराम को जान से मारने की नियत से चाकू से वार कर घायल कर दिया। प्रार्थी गोपीराम को बी.डी.एम. हॉस्पिटल ले गया। जहाँ उसकी हालत ज्यादा खराब होने के कारण चिकित्सकों ने जयपुर रैफर कर दिया। घायल हुये युवक गोपीराम की इलाज के दौरान एसएमएस अस्पताल जयपुर में मौत हो गई। पुलिस ने अभियुक्त को बापर्दा गिरफ्तार किया गया, जिससे गहनता से अनुसंधान किया जा रहा है।



हत्या के मामले में पुलिस ने युवक को बापर्दा गिरफ्तार किया।

# पर्यावरण संरक्षण आज की महती आवश्यकता : शिक्षा मंत्री दिलावर

- तीन दिवसीय हरित संगम मेले का उद्घाटन, दिलावर ने सभा में उपस्थित लोगों से हाथ खड़े कराकर भविष्य में पॉलिथीन का उपयोग न करने की शपथ दिलाई

**नागौर,** (निसं)। जिला मुख्यालय पर तीन दिवसीय हरित संगम मेला-2025 का आयोजन हुआ। शिक्षा व पंचायत राज्य मंत्री के मुख्य आतिथ्य में आयोजित यह कार्यक्रम सूरज नाथ महाराज के सान्निध्य में हुआ। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के राजस्थान क्षेत्र प्रचारक निंबाराम का मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम में संगीतकार सतीश देहरा, सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर जीगिशा जोशी मंचस्थ अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

वहीं शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने नागौर में पर्यावरण संगोष्ठी एवं प्रतिभा प्रोत्साहन मेले का उद्घाटन किया। सेठ किशनलाल कांकरिया राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मैदान में आयोजित कार्यक्रम को मुख्य अतिथि के तौर पर संबोधित करते हुए शिक्षा एवं पंचायत मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज की महत्ती आवश्यकता है। ये तभी संभव है जब हम पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचाएं और पर्यावरण प्रदूषण का सबसे बड़ा कारण है गंदगी। जिसको रोका जा सकता है परंतु हमारी विलासिता पूर्ण जीवनचर्या तथा लापरवाही के कारण हम स्वयं नित्य प्रतिदिन पर्यावरण में गंदगी फैलाकर प्रदूषण को बढ़ावा दे रहे हैं।

दिलावर ने कहा कि हम छोटी-छोटी दैनिक आदतों पर नियंत्रण करें तो हम पर्यावरण को प्रदूषण से मुक्त रख सकते हैं। उन्होंने कहा कि सबसे पहला काम यह करना होगा कि पॉलीथिन के उपयोग को पूरी तरह छोड़ना होगा। पॉलिथीन की बजाय हम कपड़े से बनी थैली का प्रयोग करें तो गंदगी को काफी हद तक रोक सकते हैं। इसके अलावा डिस्पोजल आईटम के बजाय स्टील की थाली, ग्लास और अन्य बर्तन का उपयोग करें। इसके लिए सरकार पंचायतों को बर्तन बैंक बनाने के लिए एक लाख रुपए भी दे रही है। आपसी सहयोग से भी बर्तन बैंक बनकर उनका संचालन किया जा सकता है।

इस अवसर पर शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री दिलावर ने सभा में उपस्थित लोगों से हाथ खड़े कराकर भविष्य में पॉलिथीन का उपयोग न करने की शपथ भी दिलाई। इसके बाद मंत्री ने क्रीड़ा भारती की खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में अपना पावन सान्निध्य प्रदान करते हुए पांचाल सिद्धा आश्रम के सूरजनाथ महाराज ने कहा कि अपना ऐसा मानना है कि धरती में आत्मा है, धरती अपने आप में जीवित है, इसलिए इस बात के प्रति हम संवेदना रखें। अगर संवेदना रखेंगे तो इसमें जहर नहीं डालेंगे और वृक्ष राज को भी दूषित नहीं करेंगे। अगर ऐसा ध्यान नहीं रखा तो 25 वर्ष के पश्चात हम सबके लिए जीवन दुर्लभ हो जाएगा। इस संपूर्ण आयोजन में मंचस्थ अतिथियों द्वारा नगर परिषद क्षेत्र के 10 स्वच्छता सैनानियों का माल्यार्पण करके, पहनाकर व स्मृति चिह्न प्रदानकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के राजस्थान क्षेत्र प्रचारक निंबाराम ने कहा कि आज विश्व जलवायु परिवर्तन से परेशान है। भारतीय संस्कृति में प्रकृति का शोषण नहीं पोषण करने की बात कही गई है। प्रकृति का शोषण करने के कारण से ही हरित संगम जैसे मैलों के आयोजन की आवश्यकता पड़ रही है।

इस अवसर पर राजस्थान किसान आयोग के अध्यक्ष सीआर चौधरी, पूर्व सांसद ज्योति मिर्धा, मेड़ता विधायक लक्ष्मण राम कलरू, खींवसर विधायक रेवंत राम डांगा, पूर्व विधायक मानसिंह किंगसरिया, जिला प्रमुख भागीरथ राम चौधरी, पूर्व विधायक मोहन राम चौधरी, जितेंद्र सिंह जोधा, गजेंद्र सिंह, रामगोपाल गहलोत, आयोजन समिति के संरक्षक भोजराज सारस्वत, शिवकरण डेलू, पार्षद नवरत्न बोथरा, शिव राव, हरिराम धारणिया, बनवारी लाल अठावाल, संघ के विभाग प्रचारक गिरधारी लाल, विभाग संचालक हनुमान सिंह देवड़ा, जिला संघ चालक मुकेश भाटी, आनंद पुरोहित, रामचंद्र पोटलिया व भूराराम चौधरी सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। कार्यक्रम में मेला संयोजक मोहन राम सुथार ने कार्यक्रम की प्रस्तावना रखते हुए प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।




हरित संगम मेला का शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने उद्घाटन किया।

# एसएमएस अस्पताल के सफाईकर्मी पर नाबालिग से छेड़छाड़ का आरोप

## अश्लील हरकत करने पर बालिका की मां ने टोका तब भी नहीं माना

**जयपुर।** एसएमएस थाना पुलिस ने नाबालिग बच्ची के साथ गंदी बाते और हरकत करने वाले एक युवक के खिलाफ पुलिस ने पॉक्सो एक्ट में मामला दर्ज किया है। बच्ची की मां की ओर से दी शिकायत के आधार पर थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच सीआई एसएमएस थाना धर्मेंद्र कुमार कर रहे हैं।

सीआई एसएमएस थाना धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि बच्ची के साथ में एसएमएस अस्पताल के न्यूरोलॉजी वॉर्ड में सफाई का काम करने वाले जैकी वाल्मिकी ने छेड़छाड़ करने की शिकायत बच्ची की मां की ओर से दी गई। बच्ची की मां ने शिकायत में आरोपी जैकी पर आरोप लगाया है कि वह बच्ची के साथ गंदी हरकत करता है साथ ही बच्ची के साथ में गंदी-गंदी बाते करता है। बच्ची ने इस लेकर उसे कई बार बताया जिस के बाद बच्ची की मां ने कई बार आरोपी जैकी को बच्ची से दूर करने के लिए भी कहा, लेकिन आरोपी नहीं माना। जिस पर बच्ची की मांग की ओर से शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत पर आरोपी जैकी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट में एफआईआर दर्ज की गई हैं। बच्ची से आरोपी को लेकर पूछताछ की गई हैं कल नाबालिग के कोर्ट में बयान दर्ज कराए जाएंगे जिस के बाद आरोपी को गिरफ्तार किया जाएगा।

# बदमाशों ने बाइक सवार युवक को जमकर पीटा

**जयपुर।** श्याम नगर थाना इलाके में ऑटोरिक्शा सवार बदमाशों के बाइक सवार युवक से लूट की वारदात को अंजाम दिया। लात-घुसों से जमकर मारपीट कर ऑटोरिक्शा में पटक कर हजारों रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर कर लिए। रोड किनारे पटक कर ऑटोरिक्शा में बैठकर बदमाश फरार हो गए। पुलिस ने सूचना पर नाकाबंदी करवाई। लेकिन, ऑटोरिक्शा सवार लुटेरों को सुराग नहीं लग सका।

पुलिस ने बताया कि हीरापुरा करणी विहार निवासी सांवरमल (48) के साथ लूट की वारदात हुई। गुरुवार रात करीब 8 बजे वह बाइक लेकर 200 फीट स्थित संतोषी माता मंदिर के पास खड़ा था। इसी दौरान ऑटोरिक्शा आकर उसके पास रुका। ऑटोरिक्शा में सवार तीन लड़कों ने नीचे उतरकर उसे पकड़ लिया। तीनों बदमाशों ने लात-घुसों से मारपीट कर उसे ऑटोरिक्शा में पटक लिया। मारपीट कर मोबाइल के पासवर्ड पूछकर ऑनलाइन 62 हजार रुपए ट्रांसफर कर लिए। रुपए लूटने के बाद रोड पर पटककर बदमाश मोबाइल अपने साथ ले गए। राहगीरों से मदद लेकर पीड़ित ने पुलिस को लूट की सूचना दी। श्याम नगर थाना पुलिस ने तुरंत नाकाबंदी करवाकर मौके पर पहुंची। पुलिस वारदातस्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगालने के साथ ही बदमाशों की तलाश कर रही है।

# 'युवाओं को स्टार्टअप के लिए प्रोत्साहित किया जाए'

- उद्यमिता और स्टार्टअप के लिए कार्य करने वालों को राज्यपाल ने किया सम्मानित

**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा है कि भारत तकनीकी दृष्टि से प्राचीन काल से ही समृद्ध रहा है। यहां नालंदा जैसा महान विश्वविद्यालय था। उन्होंने बख्तियार खिलजी द्वारा नालंदा के पुस्तकालय को जलाने की चर्चा करते हुए कहा कि भारतीय ज्ञान को नष्ट करने के निरंतर प्रयास हुए। उन्होंने कहा कि दशमलव पद्धति पूरे विश्व को भारत ने दी। ऋषि भारद्वाज ने वायुयान पर अपने ग्रंथ में पहले ही अवगत करा दिया था। न्यूटन ने बहुत बाद में गुरूत्वाकर्षण का सिद्धांत दुनिया को बताया। भारत में तो वैदिक ग्रंथों में बहुत पहले ही इसके बारे में बता दिया गया था। उन्होंने कहा कि अंग्रेजों ने आने के बाद भारतीय ज्ञान को दबाने का प्रयास किया।

राज्यपाल ने "विकसित भारत" की संकल्पना को पूरा करने किए उद्यिमता विकास के लिए युवाओं को अधिक से अधिक अवसर प्रदान करने का आ ान किया। उन्होंने कहा कि नवाचार अपनाते हुए युवाओं को स्टार्टअप के लिए प्रोत्साहित करना हमारी प्राथमिकता बने। इसी से भारत विकसित भारत 2047 के लिए तेजी से अग्रसर हो सकेगा। राज्यपाल बागडे रविवार को ग्लोबल कॉमर्स काउंसिल द्वारा आयोजित "ग्लोबल बिज़ समिट, और स्टार्टअप पवेलियन अवार्ड समारोह" में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने उद्यमिता और स्टार्टअप के लिए कार्य करने वालों को सम्मानित भी किया।

राज्यपाल ने केंद्रीय बजट की चर्चा करते हुए कहा कि यह देश के विकसित भविष्य की सुनहरी राह है। इस बजट में इंफ्रास्ट्रक्चर और इंडस्ट्री के साथ-साथ युवाओं के जरिए अर्थव्यवस्था और इनोवेशन को प्राथमिकता दी गई है। उन्होंने नवीन राष्ट्रीय शिक्षा नीति को युवा कौशल और उद्यिमता केन्द्रित बताते हुए कहा कि इसमें आईआईटी का विस्तार, टेक्नोलॉजी का समन्वय और कृत्रिम बौद्धिकता पर विशेष जोर दिया गया है।

बागडे ने कहा कि वर्ष 2014 से अब तक केंद्र सरकार ने तीन करोड़ से अधिक युवाओं को कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया है। देश में एक हजार आईटीआई अपग्रेड हुए हैं और पांच एक्सीलेंस सेंटर बनाए गए हैं। पंथ प्रधान नरेंद्र मोदी की पहल पर देश में यह प्रयास किया जा रहा है कि विशेषज्ञों की मदद से भारतीय युवा विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार हो सके। उन्होंने सरकारी प्रयासों के साथ-साथ निजी क्षेत्र को भी आगे आकर राष्ट्र की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने में भूमिका निभाने का आव्हान किया।

# ए.डी.आर. भवन में सैनेटरी नैपकिन वैण्डिंग मशीन का उद्घाटन

**जयपुर।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के तत्वाधान में, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर महानगर द्वितीय के निर्देशन में सम्पूर्ण राजस्थान में पहली बार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर महानगर के कार्यालय में महिला कर्मचारियों एवं कार्यालय में आने वाले आमजन की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए सेनेट्री पैड वितरण मशीन का लोकार्पण किया गया।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित लोकार्पण कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि सदस्य सचिव, राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर हरिओम शर्मा 'अत्रि' द्वारा अपने उद्बोधन में कहा गया कि महिलाओं को अपने अधिकारों को जानने की आवश्यकता है क्योंकि एक महिला ही समाज का आधार है।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर महानगर द्वितीय रीटा तेजपाल ने बताया कि महिलाओं के लिए महिला दिवस की आवश्यकता तब हुई जब महिलाओं को पुरूषों के समान नहीं मानकर उनसे निम्नतर समझा जाने लगा। जबकि इस सम्पूर्ण सृष्टि का निर्माण महिला एवं पुरूष दोनों के अस्तित्व से हुआ है।

# वूमन रनर टीम ने केक काटकर महिला दिवस मनाया



अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर त्रिपोलिया बाजार में महिला रनर टीम की ओर से केक काटकर महिला सशक्तिकरण का मैसेज दिया गया।

**जयपुर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर त्रिपोलिया बाजार में महिला रनर टीम की ओर से केक काटकर महिला सशक्तिकरण का मैसेज दिया गया। इस मौके पर संगठन की अध्यक्ष ने देसिका चौहान ने कहा कि आज महिलाओं ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है आज महिलाएं मेट्रो से लेकर वैज्ञानिक क्षेत्र में अपनी विशेष पहचान बनाए हुए हैं। उन्होंने उन ग्रहणियों को विशेष तौर पर इस मौके पर सम्मान का पत्र बताया जो अपने घर गृहस्ती को संभालते हुए अपनी व्यावसायिक या प्रोफेशनल पहचान बनाए हुए हैं उन्होंने कहा कि महिलाओं को अपने स्वास्थ्य का भी विशेष ध्यान देना चाहिए घर के कामकाज के साथ में मनोरंजन और स्वास्थ्य के लिए उन्हें नियमित व्यायाम का ध्यान रखना चाहिए। उन्होंने कहा महिला दिवस के मौके पर आई फा के पहले दिन देश की बेटियां आज देश-विदेश में अपने अभिनय से सुर्खियां बटोरेगी। इस मौके पर हेमा चौहान, कुसुम चौहान, दीप्ति,मोनिका,नेहा, प्रियंका सहित कई रनर मौजूद रहे। वूमेन रनर टीम ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर और पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे को उनके जन्मदिन पर बधाई और शुभकामनाएं दी।

# मुकुन्द अग्रवाल को विकल्प रत्न सम्मान मिला

- फारूक आफरीदी, प्रेमचंद गांधी और एसएन पुरोहित को मिला ''कलम के योद्धा'' सम्मान



विकल्प नाट्यय संगठन के स्वर्ण जयंती उत्सव के अवसर पर रविवार को यहाँ पिंक कैफे में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

**जयपुर।** विकल्प नाट्यय संगठन के स्वर्ण जयंती उत्सव के अवसर पर रविवार को यहाँ पिंक कैफे में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त सारंगी वादक पद्मश्री उस्ताद मोइनुद्दीन खान ने कहा कि जो समाज कला और संस्कृति को जीवंत बनाए रखता है उसका सदैव सम्मान होता है और स्वर्ण अक्षरों में उसका इतिहास लिखा जाता है। कलाकार इसके संवाहक हैं जो संस्कृति को अक्षुण्ण बनाए रखते हैं।कलाकार ही देश और दुनिया में अपनी संस्कृति के सच्चे ध्वजवाहक की भूमिका निभाते हैं। इतिहास साक्षी है कि जो देश और समाज अपनी समृद्ध संस्कृति को संरक्षित नहीं रख पाते वे अपना गौरव खो देते हैं।

उस्ताद मोईनुद्दीन खान विकल्प की पचास वर्ष की रंगयात्रा पर कलाकारों और कलमकारों को सम्मानित कर रहे थे। उन्होने संरक्षक मुकुन्द देव अग्रवाल को "विकल्प रत्न",अध्यक्ष मोहनलाल गोयल को "विकल्प विभूषण", संस्थापक सदस्य राजेश रेड्डी और हरिनारायण को "विकल्प भूषण" तथा रंगकर्म और लेखन से जुड़े वरिष्ठ लेखकों एस.एन.पुरोहित, फारूक आफ़रीदी, प्रेमचंद गांधी और सुशील गुप्ता को "कलम के योद्धा" सम्मान से नवाजा। उन्होने संगठन के 38 रंगकर्मी सदस्यों को भी ''विकल्प गौरव'' सम्मान दिया गया। कार्यक्रम का संचालन गौरव शर्मा ने किया। इस मौके पर प्रतिभावन युवा सारंगी वादक साबिर खान ने मांड में केसरिया बलम आओ नी पधारो महरे देश के साथ मेहदी हसन की मशहूर ''ग़ज़ल चुपके चुपके रात दिन'', नीरज गोस्वामी, मनोज आडवाणी, भानुकुमार राव ने अपनी ग़ज़ल तथा शालू सागर ने राजस्थानी गीत सुनाकर सभी को सम्मोहित कर दिया। प्रारम्भ में अध्यक्ष एमएल गोयल, संरक्षक मुकुन्द देव अग्रवाल और महासचिव बीड़ी कृपलानी ने सभी आगंतुकों स्वागत एवं संयोजक फारूक आफरीदी ने आभार व्यक्त किया।

# बिल्डिंग मालिक ने की बुजुर्ग से की मारपीट

**जयपुर।** मुहाना थाना इलाके में एक बिल्डिंग मालिक के बुजुर्ग की पिटाई करने का मामला सामने आया है। दोनों के बीच बिल्डिंग का गेट बंद करने को लेकर विवाद हुआ था। पीड़ित की तरफ से थाने में शिकायत दी गई, लेकिन अब तक एफआईआर दर्ज नहीं की गई है। घटना का सीसीटीवी भी सामने आया है। इसमें बिल्डिंग मालिक सुभाष खर्रा बुजुर्ग राहुल अग्रवाल के साथ मारपीट कर रहा है। मामले में पीड़ित राहुल अग्रवाल के बेटे शिवांग अग्रवाल ने मुहाना थाने में शिकायत दी है। शिवांश अग्रवाल ने बताया कि वह अपने पिता के साथ इस्कॉन रोड स्थित गणेश नगर की श्री श्याम हाइट्स के फ्लैट 101 में तीन साल से रह रहे हैं। यह फ्लैट उनके पिता ने तीन साल पहले खरीदा था। बिल्डिंग मालिक आए दिन उन पर फ्लैट खाली करने का दबाव बनाते हैं। इसे लेकर कई बार उनके पिता राहुल अग्रवाल और बिल्डिंग मालिक सुभाष खर्रा के बीच विवाद हो चुका हैं। उन्होंने बताया कि 6 मार्च को शाम 6 बजे के लगभग उनके पिता पार्किंग एरिया में आए। इस दौरान सुभाष खर्रा गेट पर खड़े थे। गेट बंद करने की बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया। देखते ही देखते दोनों के बीच गाली-गलौच होने लगी।

# गाय को रोटी देने गई महिला को धक्का देकर तोड़ी चेन

- बाइक सवार दो बदमाशों ने दिया वारदात को अंजाम

**जयपुर।** शहर में बाइक्र्स गैंग ने आंतक मचा रखा है। कमिश्नरेट पुलिस इस गैंग के आगे पूरी तरह से नतमस्तक है। बाइक्र्स गैंग ने तीन लोगों को टारगेट कर दो से चेन और एक से मोबाइल छीनकर ले गए।

बजाज नगर थाना इलाके में गाय को रोटी देने घर से निकली महिला के साथ बदमाशों ने चैन स्नैचिंग की वारदात को अंजाम दिया। बदमाश चैन लूटने के बाद महिला को धक्का देकर नीचे गिरा गए। घटना के बाद महिला के शोर करने पर लोग एकत्रित हुए लेकिन तब तक बदमाश मौके से भाग निकले। स्नैचिंग की वारदात कॉलोनी में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। जिस पर पीड़ित ने पुलिस कंट्रोल रूम को घटना की जानकारी दी।

पीड़िता के पति अमित अग्रवाल (42) पुत्र श्याम सुन्दर अग्रवाल निवासी मकान न.22 जय वान कॉलोनी द्वितीय जयपुर ने थाने में रिपोर्ट दी कि 18 फरवरी को सुबह करीब 10:15 पर उनकी पत्नी नेहा अग्रवाल गाय को रोटी देने के लिए कॉलोनी में रोड़ पर आई। इसी दौरान बाइक सवार बदमाश ने नेहा के गले पर झपट्टा मारा और 30 ग्राम सोने की चैन तोड़ ली। जिस के बाद आरोपी ने नेहा को धक्का मारा जिस से वह सड़क पर गिरी। नेहा कुछ समझ पाती और पीछे मुड़ कर देखती को बदमाश मौके से निकल गया। जिस पर नेहा ने शोर किया जिस से लोग एकत्रित हुए लेकिन तब तक बदमाश मौके से निकल भागे। लूट की वारदात कॉलोनी में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई।

दूसरी घटना के अनुसार पुलिस के अनुसार इंद्रा कॉलोनी निवासी बादाम देवी ने मामला दर्ज करवाया कि वह घर से बाजार जा रही थी स्पेस सिनेमा के पास पीछे से बाइक सवार एक बदमाश आया और उसके गले से सोने की चेन तोड़कर ले गए। घटना 7 मार्च की है। इस पर पीडिता ने थाने पहुंच कर मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस इस मामले में घटना स्थल और उसके आस-पास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। तीसरी घटना में स्वणपुरी कॉलोनी निवासी कुणाल औदित्य ने करणी विहार थाने में मामला दर्ज करवाया कि वह बाजार जा रहा था इसी दौरान पीछे से बाइक सवार बदमाश आया और उसके हाथ से मोबाइल छीनकर ले गए।

# साईं महल में भागवत कथा का समापन



**जयपुर।** श्री साईंनाथ सेवा धाम समिति के तत्वावधान में स्व.सावित्री देवी धर्मपत्नी स्व. गोपालदास चंदलानी की पुण्यस्मृति में राजापार्क,सिंधी कॉलोनी स्थित स्वामी सर्वानंद पार्क स्थित साईं महल में चल रही भागवत कथा के अंतिम दिन रविवार को व्यासपीठ से सहारनपुर से आए मनोज महाराज ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण ने दुनिया के सामने मित्रता की मिसाल पेश की।

उन्होंने समाज में समानता का संदेश दिया है और कहा कि भगवान श्रीकृष्ण द्वारा सुदामा के पैरों को अपने आंसुओं से धोना, उनके लिए नंगे पैर दौड़कर उन्हें ह्रदय से लगाना और चावल को ग्रहण करना जैसा व्यक्तित्व भगवान श्रीकृष्ण के लिए ही संभव है। कहा कि सुदामा चरित्र का प्रेरक प्रसंग निस्वार्थ मित्रता की मिसाल है। इस प्रसंग से सभी के जीवन में रिश्तों की महत्ता का निर्माण करने की अनूठी सीख मिलती है।

कथा वाचिका ने कहा की मित्रता करो तो भगवान श्री कृष्ण और सुदामा जैसी, सच्चा मित्र वही है जो अपने मित्र की परेशानी को समझें और बिना बताए ही मदद कर दे। कथा के दौरान कृष्ण सुदामा चरित्र के माध्यम से लोगों को निस्वार्थ भाव से मित्रता निभाने का संदेश दिया गया।

कृष्ण सुदामा के मित्रता की कथा सुनाते हुए कहा कि इससे हमें और समाज को सीख मिलती है कि विषम परिस्थिति में भी मनुष्य को घबराना नहीं चाहिए। समय आने पर हमेशा अपने मित्र का सहयोग करना चाहिए। मन में किसी प्रकार का लोभ एवं आशा लेकर मित्रता नहीं करना चाहिए। कथा के आयोजक पार्षद घनश्याम चंदलानी ने बताया कि कथा प्रसंग रविवार को परीक्षित मोक्ष की कथा के साथ भागवत की पूर्णाहुति हुई।

# नेत्रदान महादान, इसके लिए अधिकाधिक लोगों को प्रेरित किया जाए : बागड़े

- राज्यपाल ने नेत्रदान के क्षेत्र में कार्य करने वालों को किया सम्मानित
- आई बैंक सोसायटी ऑफ राजस्थान द्वारा नेत्रदानी परिवार सम्मेलन समारोह आयोजित

**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा है कि नेत्रदान महादान है। इसके लिए अधिकाधिक लोगों को प्रेरित किया जाए। उन्होंने कहा कि देश में लगभग 1.25 करोड़ लोग दृष्टिहीन हैं। अंधता निवारण में नेत्रदान की संस्कृति विकसित करने में सभी सहयोग करें। राज्यपाल बागडे रविवार को आई बैंक सोसायटी आफ राजस्थान द्वारा आयोजित नेत्रदानी परिवार सम्मान समारोह में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने नेत्रदान करने वाले परिवारों का अभिनंदन और स्वागत करते हुए उन्हें सम्मानित भी किया।

उन्होंने कहा कि मृत्यु से पूर्व नेत्रदान का संकल्प कर यदि व्यक्ति अपनी आँखें दान कर जाएँ तो देश के सभी नेत्रहीन लोगों को एक ही साल में आँखें मिल जाएंगी। उन्होंने कहा कि जो नेत्रदान करता है, वह साधु होता है। मनुष्य वही है जो मनुष्य के काम आए। राज्यपाल ने इससे पहले आई बैंक सोसायटी के वार्षिक प्रतिवेदन का भी लोकार्पण किया।



राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने आई बैंक सोसायटी आफ राजस्थान द्वारा आयोजित समारोह में नेत्रदानी परिवार का सम्मान किया।

इस अवसर पर सिविल लाइन्स विधान सभा क्षेत्र के विधायक गोपाल शर्मा ने समारोह को संबोधित करते हुए नेत्रदान को हर परिवार की परंपरा बनाने की आवश्यकता पर जोर देते हुए नेत्रदान के साथ देह दान एवं अंगदान करने की अपील की। उन्होने नेत्रदानी परिवारों को सम्मानित किया।

समारोह में आई बैंक सोसायटी ऑफ राजस्थान के अध्यक्ष बी.एल. शर्मा ने नेत्रदान करने के लिए समाज मे जागरूकता के लिए किए जा रहे प्रयासों और सोसायटी की पहल से नेत्रदान क्षेत्र में की गई विशिष्ट उपलब्धियों के बारे में विस्तार से अवगत कराया। उन्होने स्वैच्छिक नेत्रदान के प्रति जागरूकता बढाने के अभियान का नेतृत्व करने महिलाओं को आगे आना चाहिए।

एसएमएस के प्रधानाचार्य एवं नियंत्रक डॉ. दीपक माहेश्वरी ने नेत्रदान से जुड़ी चिकित्सकीय भ्रांतियों के बारे में जानकारी देते हुए निराकरण केलिए आगे आकर पहल करने पर जोर दिया। सोसायटी के सचिव ललित कोठारी और उपाध्यक्ष विनय संचेती ने भी अपने विचार रखे।

## सार-समाचार

### भजनों से रिझाया बाबा श्याम को



**जयपुर।** गोपाल सेवा भाव ट्रस्ट के तत्वावधान में इंदिरा गांधी नगर, जगतपुरा के रिद्धि सिद्धि मैरिज गार्डन में श्री श्याम भजन संध्या एवं फागोत्सव का आयोजन किया गया। ट्रस्ट के संरक्षक एडवोकेट अखिल शुक्ला और अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि भक्ति संध्या में पुरूषोत्तम बृजवासी, मनोज पारीक, खुशी एवं खुशबू चौहान के साथ आशीष शर्मा ने अपने सुरीले भजनों से देर रात तक श्याम भक्तों को बांधे रखा तथा भक्ति से सराबोर करते हुए भजनों से अमृतपान करवाया। पुरूषोत्तम बृजवासी के भजनों से आस्था के इस अद्भुत समारोह में भक्त इतने डूब गए कि उनके नेत्रों से अश्रु प्रवाहित होने लगे। इस अवसर पर ट्रस्ट के अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार शर्मा ने स्वरचित श्याम भजन भी से माहौल भावुक कर दिया। संध्या में विधायक बालमुकुंद आचार्य, हाईकोर्ट बार अध्यक्ष महेन्द्र शांडिल्य एवं पार्षद छोटेलाल मीना सहित पत्रकार, साहित्यकार एवं क्षेत्र के निवासियों ने हर्ष और उल्लास से सरस गंगोत्री में डुबकी लगाई।

### चेटीचंड कार्यक्रमों की सफलता के लिए प्रार्थना

**जयपुर।** चेटीचंड सिंधी मेला समिति,महानगर जयपुर के तत्वावधान में चेटीचंड कार्यक्रमों के अंतर्गत श्री गणेशजी का पूजन हुआ। समिति अध्यक्ष दिलीप हरदासानी ने बताया कि रविवार को प्रात: 8.30बजे श्री मोती डूंगरी स्थित श्री गणेश जी मंदिर में विघ्नहर्ता को मोदक ए पुष्प और दुर्वा अर्पित कर चेटीचंड कार्यक्रमों की सफलता की प्रार्थना की गई ।गजानन महाराज को सिंधी शहनाई और ढोल पर डांडिए खड़का कर रिझाया गया। महाराज किशोर शर्मा ने श्री गणेश मंदिर के सामने आंगन में समिति पदाधिकारियों से आदि गणेश जी का पूजन करवाया ।मंदिर में पदाधिकारियों को पंडितों ने मुखारविंद प्रसाद देकर और पट्टिका पहना कर आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम संयोजक ईश्वर बच्चानी ने बताया कि विनायक पूजन के पश्चात सभी वाहन रैली द्वारा जवाहर नगर सेक्टर 5 स्थित श्री झूलेलाल मंदिर पहुंचें वहां वरुणावतार श्री झूलेलाल जी का पूजन होगा ।जल और ज्योति की आराधना हुई ।पल्लव प्रार्थना कर कार्यक्रमों की सफलता की कामना की गई। कार्यक्रम में अध्यक्ष दिलीप हरदासानी महासचिव दिलीप पारवानी एसंगठन महासचिव कमल आसवानी कोषाध्यक्ष दीपक दुलानी एपखवाड़ा सचिव दिलीप भूरानी एमुख्य संरक्षक छबल दास नवलानी एप्रमोद नावानी एपार्षद जितेंद्र लखवानीएचंद्र प्रकाश खेतानी एडवोकेट एमनोज ठाकवानीएहितेश आडवाणी एमनोहर राजानी पंकज रायचंदानी विनय वसंदानी अमर गुरबाणी एमोहन नानकानी एकन्हैया लाल लखवानी ए मूल चंद बसंतानी एहेमंत खटवानी एधन्ना मुखी एकुमार चंदानी झामन टेकचंदानी डी डी लधानीएसुरेश जयचंदानी एहीरा लाल तोलानी सहित कई समाज बंधु उपस्थित थे।

### शिव मंदिर में मना फागोत्सव



**जयपुर।** श्री प्रेमभाया मंडल समिति द्वारा आयोजित विभिन्न देवालयों में फागोत्सव के क्रम में आज शिव मंदिर, शिव मार्ग, डूंडलोद हाउस में फागोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर शिव पंचायत व श्री प्रेमभाया सरकार के भव्य श्रृंगार कर गुलाल अर्पित की गई। फागोत्सव में ढूंढाड़ी भजन से योगेश चतुर्वेदी ने कित ठाड़ो गावे अलबेल्यो रसियो बंसी में गारी, दिल खिंचतो ही जावे, रंग भीनी बंसी सुण कामणगारी। केशव शर्मा ने सखियां भक्ति-गुलाल उड़ाई, नीति-धर्म डफ झांझ सुहाई.....लोकेश सैनी ने होरी होरी आओ खेला सब होरी होरी खेल रहे नंदलाल.......सहित अन्य भक्तों ने भक्ति रस बरसाया। भक्तों ने भव्य फूलों की होली खेली।

### प्लास्टिक एवं अन्य कचरा संग्रहण कर निस्तारण किया

**जयपुर।** व्यावसायिक प्रशासन विभाग के अंतर्गत संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के चतुर्थ दिवस पर क्लीन अरावली ग्रीन अरावली के तहत जयपुर स्थित मिनी केदारनाथ स्थान पर स्वयंसेवकों ने ट्रैकिंग का कार्यक्रम तय किया जिसके तहत स्वयंसेवकों ने वहां पर जाकर ट्रेकिंग के साथ-साथ वहां पर जाकर वहां से प्लास्टिक व अन्य कचरा संग्रहण कर नीचे निस्तारण किया। इसी के साथ सभी स्वयंसेवकों ने अपने-अपनी रुचि के विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम किए, जिसमें पर्यावरण संरक्षण पर एक विशेष नाटक का मंचन किया तथा पर्यावरण को बचाने का संकल्प लिया। इस पूरी ट्रैकिंग और कार्यक्रम के दौरान व्यावसायिक प्रशासन विभाग के सहायक आचार्य निशांत स्वामी सर साथ में रहे तथा सभी स्वयंसेवकों को ट्रैकिंग से संबंधित सावधानियों से परिचित कराया तथा ट्रेकिंग के दौरान आने वाली परेशानियों व चुनौतियों का सामना करने संबंधित जानकारी प्रदान की तथा ट्रेकिंग के दौरान उनका मार्गदर्शन सभी स्वयंसेवकों को मिला, जिससे यह ट्रैकिंग कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हो पाया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. डी सी गहलोत साथ में रहे तथा प्लास्टिक मुक्त प्रदेश हेतु स्वयंसेवकों को प्रोत्साहित किया जिससे स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़कर इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान दिया योगदान दिया तथा स्वयंसेवकों के लिए ट्रैकिंग के दौरान अल्पाहार व जलपान की व्यवस्था की गई अंत में सभी को धन्यवाद व्यापित किया तथा आगामी दिवस की गतिविधियों पर चर्चा की और सभी स्वयंसेवक पुन: विभाग सुरक्षित पंहुचे तथा इसके उपरांत घर की ओर प्रस्थान किया।

### आरटीओ कार्यालय में खड़े ई-रिक्शा से बैट्रियां चोरी

**जयपुर।** जगतपुरा आरटीओ कार्यालय में खड़े ई रिक्शा से चोर बेट्रियां चोरी कर ले गए। पीडित ने इस सम्बंध में खोह नागोरियान थाने में मामला दर्ज करवाया है। पुलिस के अनुसार गांधी विहार विस्तार निवासी वसीम ने मामला दर्ज करवाया कि उसके ई रिक्शा को आरटीओ जब्त कर जगतपुरा आरटीओ कार्यालय में खड़ा करवाया था। पीडित ने कोर्ट में जुर्माना जमा करवाने के बाद आरटीओ कार्यालय पहुंचा और उसका ई रिक्शा रिलीज करने को कहा। जब वह ई रिक्शा के पास पहुंचा तो उसमें रखी बैट्रियां नहीं मिली। चोर ई रिक्शा से चार बेट्रिंया चोरी कर ले गए। इनकी कीमत करीब 50 हजार रुपए है। मामला 8 से 24 जनवरी के बीच की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### कौशल दक्षता बढ़ाने की पहल करेगी धाकड़ महासभा

**जयपुर।** राजस्थान धाकड़ महासभा की बैठक रविवार को दुर्गापुरा में हुई। इसमें समाज के विद्यार्थियों को बेरोजगारी की चुनौती का मुकाबला करने के लिए कौशल दक्षता कार्यक्रम शुरू करने के बारे में चर्चा हुई। इसके तहत ओरियंटेशन सेशन के माध्यम से नए तकनीकी और एआई आधारित पाठ्यक्रमों और रोजगार के अवसर में जानकारी दी जाएगी। महासभा के संरक्षक प्रो. बी.एल. वर्मा, महासभा के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. प्रहलाद धाकड़, घनश्याम धाकड़, एडवोकेट सुरेश नागर, गुमानीशंकर नागर सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।



## International Bagpipe Day

The International Bagpipe Organisation and the Bagpipe Society co-founded the celebration of International Bagpipe Day in 2012. They have helped to bring the bagpipe to new players since 1986. It is important to them that the history and playing of the bagpipes are not lost. Putting this day together was with the hope of bringing awareness of over 130 different types of bagpipe throughout the world. For the first International Bagpipe Day in 2012, there were reports of events held in some unique places. In South Africa, pipers gathered and played in an underground canyon. In Greece, they played on Athenian hill.



# It is all about the money, honey! Stars, Spills and 'Mausam'!

Award shows on TV? A seamless spectacle of stars, emotions, and dazzling performances. Award shows in real life? A survival challenge featuring overpriced snacks, questionable scripting, and the eternal struggle to spot celebrities from the nosebleed section. Welcome to the unedited version of IIFA 2025!





Shailaza Singh
*Published Author, Poet and a YouTuber*

It was my first time attending IIFA live. Naturally, I was excited, and not just because of the glitz and glamour that Bollywood promises. This was my chance to see what really happens behind the scenes, the awkward pauses, the misplaced jokes, the reality of award shows before they are polished, cut, and wrapped neatly for television audiences.

My mother, an award show loyalist, was probably more excited than I was. She belongs to that generation which treats film award nights like an annual festival, ensuring all work is completed well in advance, snacks are prepared, and then parking herself in front of the television to soak in every extravagant, emotional, and star-studded moment.

For the first time, I could give her an unfiltered, real-time report, before the editors worked their magic and before Kareena Kapoor's expressions were strategically cut to add 'extra drama' to someone else's victory. So, here it goes...

### A Seat with a View (Sort of...)

My seat was not exactly in the front row, which was naturally reserved for the stars, the sponsors, and the who's who of Bollywood. But hey, at least I wasn't complaining, yet. If I squinted hard enough (which I did a lot that night), I could see the actors on stage, though from my vantage point, they resembled well-dressed ants performing elaborate gestures. Thankfully, giant screens were placed all around the venue, ensuring that even those of us sitting lightyears away from the celebrities could still feel like we were part of the action. I looked around and sea of people stretched as far as the eyes could see in all directions. Why? Well, it is IIFA after all, and then, it was a Saturday!

A lady seated next to me was a seasoned IIFA attendee, having attended the previous edition in



Abu Dhabi. According to her, the Abu Dhabi venue had better seating arrangements, but Jaipur had the more extravagant stage design. (Rajasthan 1 - Abu Dhabi 0).

Then, the show began…

### Boman Irani and the Great Lip-Sync Disaster




The opening act was hosted by the ever-charismatic Boman Irani, who welcomed everyone with his signature wit. But then came the first unforgettable moment of the evening, one that would have me questioning the laws of sound and logic for the rest of the night.

A group of talented actors, Boman Irani, Nushrratt Bharuccha, Aparshakti Khurana, Vijay Varma, Jaideep Ahlawat, Karishma Tanna, and Nimrat Kaur, gathered to recite a poetic tribute to Rajasthan.

Sounds beautiful, right?

Except that there was one small issue, the recitation had been pre-recorded. So, instead of a live performance, the audience watched as these actors lip-synced to their own voices, much like playback singers (the concept overplayed, don't you think?). At one point, Nushrratt Bharuccha forgot to switch off her microphone, leading to an unintended horror movie moment. As the pre-recorded poem played, her actual voice whispered along with it, creating an eerie, spooky echo effect. If the intent was to recreate a scene from The Conjuring, they succeeded. The question that lingered in my mind (and the minds of many), 'Why not just recite the poem normally?'

It remains one of Bollywood's great unsolved mysteries.

## #IIFA

### The 'Gajgamini Walk' Contest

If the *mausam* moment was unexpectedly hilarious, what happened next was deliberately absurd, a segment where the hosts decided to force unwilling men to perform the 'Gajgamini Walk.' For those unfamiliar, the Gajgamini Walk is a signature graceful movement made famous by Aditi Rao Hydari in *Heeramandi.* One by one, actors like Ranvir Shorey, Taha Shah Badussha, Jaideep Ahlawat, and Ravi Kishan were dragged into this comedic catastrophe. The winner? Jaideep Ahlawat.The reason? He walked with such sheer commitment and confidence that even the most skeptical in the audience had to admit that he nailed it.

### The Business of Glitter and Overpriced Snacks

Award shows are a spectacle of grandeur, the dazzling lights, the towering stages, the star-studded line-up, and the elaborate sets. But let's be real, all that glamour isn't paid for by goodwill alone. Every moment of an award show is a carefully orchestrated business venture, and IIFA 2025 was no exception. From sponsorships to exclusive branding, from overpriced food stalls to ticketed access, everything had a price tag attached to it.

### The 500 Midnight Snack That Left Me Hungrier

As the night wore on and award after award was handed out, I and the girl sitting next to me both realized something critical, 'We were hungry.' So, at around 1 A. M., we decided to get some food. Surely, a star-studded international event would have some indulgent, world-class gourmet delicacies, right?Right? Wrong. We walked to the snack counter, hoping to get a quick bite, only to be met with prices that seemed to be curated for billionaires on cheat day.

- A taco, which was not even a taco (it resembled a sad, oversized papad), was 250.
- The 'loaded' French fries, which had, at best, three stray pieces of grated cheese and an identity crisis, were also 250.

So, there we were, out 500, staring at food that could have been an intern's failed attempt at a home economics project. The worst part? We were still hungry. We stared at each other, at our so-called midnight feast, and at the unapologetic glow of the IIFA snack counters, realizing that there was no escape, we had fallen victim to the great event food price scam.

### It is money all the way!

Let's be honest, Bollywood award shows are less about recognizing talent and more about making truckloads of money while convincing us that everything is 'celebrating cinema.' Behind every dazzling performance, emotional speech, and red carpet twirl lies a corporate cash cow dressed in sequins. These events are so financially optimized that if award shows were a business course, they'd be titled 'Capitalism in Couture: How to Monetize Glitter.' First, there's corporate sponsorship, because nothing says 'artistic excellence' like an award presented by an online shopping app. Every category, from Best Film to Best Star, who blinked twice on camera, has a sponsor.

- "XYZ Presents Best Actor" (because apparently, acting alone isn't enough).
- "Powered by ABC Telecom" (because buffering scenes are the real drama).
- "Brought to you by DEF Streaming" (ironically, the same platform that snubbed half the nominated films).

At this point, even the microphone stands probably have sponsorship stickers. If IIFA could monetize oxygen, they'd brand it "Breath of Bollywood - Brought to you by FreshAir Inc." Then, there's ticket sales, where the seating arrangement follows an unspoken social hierarchy. Want to see actual celebrities? Well, hope your great-great-grandparents left you an inheritance. The best seats are for VIPs, industry insiders, and people who bought overpriced insurance policies from the event's financial sponsors. But the real goldmine? Telecast rights. Award shows aren't about the live experience, they're about how they look on TV, carefully edited to create drama that didn't actually happen.

- "That standing ovation you saw? Might have been footage from last year."
- "The 'teary-eyed' celebrity reaction? Most likely spliced from an entirely different moment."
- "That 'electrifying audience energy?' heavily edited, because in reality, half of us were probably wondering why we spent 500 on French fries with commitment issues."

So, while award shows look like nights of cinematic glory, make no mistake, they're business empires in disguise. The glamour is dazzling, the speeches are moving, but at the end of the day, it's capitalism wrapped in couture, and we are just paying customers in the audience.

### Would I attend again?

IIFA 2025 was a beautiful, bizarre, and outrageously expensive experience.

Would I attend again?

Absolutely.

Would I bring my own snacks and a secret stash of water next time?

You bet.

And if they promise to leave out the pre-recorded poetry next time well, that would just be the cherry on top of an already dramatic, over-the-top, and hilariously chaotic Bollywood affair.

You bet.

### Shreya Ghoshal: The Redeeming Angel of the Night

Just when I was recovering from the lip-syncing horror, Shreya Ghoshal took the stage, and all was forgiven.

Dressed in a stunning ensemble, she sang her heart out, giving us one unfiltered, non-pre-recorded, no-lip-syncing performance. She performed a mix of her greatest hits, including,

*Deewani Mastani*
*Sun Raha Hai Na Tu*
*Kesariya Balam*

And then, in a breathtaking tribute, she paid homage to the four pillars of Indian music, Mohammed Rafi, Kishore Kumar, Lata Mangeshkar, and Mukesh. It was one of those rare, perfect moments, one where the audience collectively sighed in awe, realizing that no matter how chaotic award shows can get, music will always remain pure and magical.



### The Hosts and Their 'Low-Key' (Louki) Awards



Abhishek Banerjee, Vijay Varma, and Aparshakti Khurana were our hosts for the night, and while their chemistry was evident, it felt like they were either dealing with an underwhelming script or trying too hard to make up for it. Their biggest 'oops' moment? They introduced a new category of awards called the 'Low-Key' Awards... ...While holding an actual *Louki* (bottle gourd) in their hands. The audience groaned, some laughed, and the rest of us just sat there wondering if this was really happening!

### 'Mausam' Steals the Show



One moment that unexpectedly became a running gag throughout the evening came from Shalini Passi, who was accepting the award for *Fabulous Lives Vs. Bollywood Wives,* which won Best Reality Show. After thanking Karan Johar, her parents, and the usual suspects, she paused dramatically, looked up at the sky, and said... "Thank you, *Mausam* (weather)." And just like that, the night had a meme-worthy phrase.

For the rest of the evening, the hosts and winners thanked the 'mausam' for everything, their success, their careers, and even the availability of bottled water at the venue.

rajeshsharma1049@gmail.com

# Tears Laughter Sensation Drama...

# Our Very Own Movie

The press room soon resembled a full-blown *bhaji mandi*, some laughed at the absurdity, some cracked jokes to cope, but most were just plain furious. And, of course, what's drama without a classic *tutu-main main*? A real-life showdown broke out between the media and PR teams. I swear, for a second, it felt like we were in a high drama action Bollywood scene ourselves.



Shruti Kothari

The stage was set, the audience was buzzing with anticipation, and the stars were ready to shine. Jaipur was about to host its first-ever IIFA Awards, a historic moment for the city and Bollywood fans alike.

The two-day extravaganza kicked off with the inaugural edition of the IIFA Digital Awards, echoing the chant, "AA GAYA IIFA APNE GHAR!" Everything seemed picture-perfect. But was it really?

Well, let me take you behind the scenes for a little drama before the grand ceremony. Because what's an award show without a little drama, right? This is the story of how my dream, attending one of Bollywood's most prestigious award nights, almost came crashing down... but somehow, against all odds, became a reality (just as in the movies, lovers always get married in the end, hoping for love ever after?). Like many others who travelled from different parts of the country, I too made my way to Jaipur for the grand IIFA Awards from Kota. I was beyond excited. The thought of witnessing Bollywood's biggest stars, experiencing the glamour, and just being there made every effort worth it. And let me tell you, I was not disappointed. Well... at least not initially.

Because just when I thought I was about to live my dream, it almost turned into a nightmare.

The passes that had been assured me, the ones that would grant me access to both main event days, were suddenly denied. Yep, just like that. No warning. No explanation. Just a brutal reality check. I had just covered the IIFA press conference, seen all the celebrities up close, and clicked some amazing pictures for social media, all dressed up in my newly bought formals (I'm a journalist), mentally prepared for what was to come. And then, boom, ACCESS DENIED.

Heartbroken doesn't even begin to cover it. I'll admit it, I actually cried. And I wasn't the only one. The press room turned into absolute chaos, they too had been




denied. Journalists from different publications, media professionals from all over, everyone was in shock. One moment, we were gearing up for an unforgettable night, the next, we were uninvited guests at our own party. The press room soon resembled a full-blown *bhaji mandi*, some laughed at the absurdity, some cracked jokes to cope, but most were just plain furious. And, of course, what's drama without a classic *tutu-main main?* A real-life showdown broke out between the media and PR teams. I swear, for a second, it felt like we were in a high drama action Bollywood scene ourselves. Amid all the chaos, I did the only logical thing, I called my boss and told her I was heading back to Kota. Thank God, she didn't let me.

After what felt like an eternity (but was actually just a few hours), things started to settle. Just as the green carpet was about to begin for the first-ever IIFA Digital Awards, passes were miraculously found. Thanks to my incredible boss and colleague, I got mine too. I was over the moon. I heard many 'thank Gods' around me. And with that little detour of emotions behind me, let's move on to what actually went down at the IIFA Digital Awards!

### The Miniature Show

By now, you probably already know who took home the trophies at the IIFA Digital Awards, glamour stories travel fast. But what you might not know is what it actually felt like to be there, in the middle of all the action. Like most of you, I had only ever watched IIFA on TV, so, the thought of witnessing it live, surrounded by celebrities (and, well, a fair share of wannabes), was exhilarating.

### 100 ka paani

Finally, let's talk about one of the most jaw-dropping discoveries of the evening, water that cost 100.

While exploring the venue with my colleague, we were stunned to see that a single glass of water came with a triple-digit price tag. Before we could fully process this daylight robbery, we found out that the price wasn't just for the water, it was for a personalized IIFA tumbler. A sleek black cup, with IIFA written on one side and Celebrating 25 Years on the other. Were we impressed? Not really. Did we buy it anyway? Of course, we were thirsty. The silver lining? Once you bought the tumbler, you could refill it with unlimited water. So, in a way, it became a souvenir and a not-so-subtle reminder that we had officially attended IIFA. Because if struggling to get access to the event wasn't proof enough, owning an overpriced water cup certainly was.

So yes, if I had to sum up my first-ever IIFA experience in one word, it would be drama, and not just the kind you see on screen. There was excitement, anticipation, heartbreak, chaos, unexpected plot twists, and finally, a triumphant resolution. But if you think this was all the action, think again. Because the real magic of IIFA is yet to unfold. The stars, the performances, the moments that make this event legendary, all of that is coming up next. So, stay tuned. *Picture abhi baaki hai, mere dost!*

### 1.5 lakh tickets

The hosts, Abhishek Banerjee, Aparshakti Khurana, and Vijay Varma, did their best to keep the energy high. But while they worked the stage, some attendees in the audience were dealing with a different kind of drama, justifying their staggering 1.5 lakh tickets.

A group of ladies from Kolkata, whom I met at the Silver Podium section, had travelled all the way to Jaipur just for this event, only to find that their premium-priced seats weren't quite as premium as they had imagined. The Silver Podium was positioned right behind the celebrity and invite-only Gold Podium, meaning that while they were technically close, the stage still felt frustratingly distant. They spent most of the evening asking people around them how much they had paid for their tickets, hoping for some kind of validation. To be fair, they had a point. Watching the show from the Silver Podium felt less like attending a grand Bollywood event and more like watching miniature performers in action. The energy was electric, no doubt, but the lack of a clear view was a bit of a buzzkill. By the end of the night, I wouldn't be surprised if they had given up and sold their tickets.

**"Security waale bhaiya, baith jaao yaar!"**

Now, if watching Bollywood stars from a distance wasn't frustrating enough, imagine having your already limited view blocked by, wait for it, security personnel.

I understand that high-profile events require tight security. But when you're already struggling to make out your favourite celebrities from afar, the last thing you need is a human wall standing right in front of you. These men in black, stationed near the celebrity seating area, were doing their job, yes, but the audience took a very back seat, even the journalists. So nobody should mind a bit of ire.

Eventually, people had enough. A chorus of exasperated voices started calling out, "Security waale bhaiya, baith jaao yaar!"because, really, how were we supposed to enjoy the show otherwise?

#### "Haan, lage raho!"

**Another** unforgettable moment came when hosts Abhishek Banerjee and Aparshakti Khurana got a little too carried away with their script. Their banter, while entertaining, started dragging longer than expected. At one point, an impatient audience member couldn't hold back and jokingly yelled, "Haan, lage raho!"

### A True Bollywood Fan

One of the sweetest highlights of the evening was meeting an elderly couple seated right behind me. In their 60s, they had travelled from Delhi just to attend the show. The husband, as it turned out, was a die-hard Bollywood fan, so much so that he had attended almost every award show held in India over the years.

His wife, with a mix of amusement and fond exasperation, told me that back when they had just gotten married, he made her watch 15 movies in 15 days. After that, she stopped keeping count. Their son, knowing his father's passion, even surprised him on his 60th birthday by renting out a hall and decorating it with posters of all his favourite movies.

Now, that is what I call a true Bollywood buff. Meeting them was honestly one of the most heartwarming moments of the night.



## The Awards Go To...



### Film Category

- **Best Film:** *Amar Singh Chamkila*
- **Performance in a Leading Role, Female (Film):** Kriti Sanon for *Do Patti*
- **Performance in a Leading Role, Male (Film):** Vikrant Massey for *Sector 36*
- **Best Direction (Film):** Imtiaz Ali for *Amar Singh Chamkila*
- **Performance in a Supporting Role, Female (Film):** Anupriya Goenka for *Berlin*
- **Performance in a Supporting Role, Male (Film):** Deepak Dobriyal for *Sector 36*
- **Best Story Original (Film):** Kanika Dhillon for *Do Patti*

### Series Category

- **Best Series:** *Panchayat Season 3*
- **Performance in a Leading Role, Female (Series):** Shreya Chaudhry for *Bandish Bandits Season 2*
- **Performance in a Leading Role, Male (Series):** Jitendra Kumar for *Panchayat Season 3*
- **Direction (Series):** Deepak Kumar Mishra for *Panchayat Season 3*
- **Performance in a Supporting Role, Female (Series):** Sanjeeda Shaikh for *Heeramandi: The Diamond Bazaar*
- **Performance in a Supporting Role, Male (Series):** Faisal Malik for *Panchayat Season 3*

### Miscellaneous

- **Best Story Original (Series):** *Kota Factory Season 3*
- **Performance in a Supporting Role, Male (Series):** Faisal Malik for *Panchayat Season 3*
- **Best Reality or Best Non-scripted series:** *Fabulous Lives Vs. Bollywood Wives*
- **Best Docuseries/Docu Film:** *Yo Yo Honey Singh: Famous*
- **Best Title Track:** Anurag Saikia for *Ishq Hai* from *Mismatched Season 3*



Leading Role Female Kriti Sanon.




**Best Series:** Panchayat











Sambha... ! Kitney Aadmi they !!!!!

### THE WALL





### BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




### ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# व्यापारी को लूटने वाली गैंग का मुख्य सरगना सहित युवती बापर्दा गिरफ्तार

## फैसबुक पर फर्जी आईडी के जरिये प्रेमजाल में फंसाते थे, तीन सदस्य गिरफ्तार हो चुके हैं

**कोटा,** (निसं)। फैसबुक पर फर्जी आईडी बनाकर लोगों व व्यापारियों को प्रेमजाल एवं दुष्कर्म के झूठे मामले में फंसाकर लूटने वाली गैंग में वांछित चल रहे मुख्य सरगना सहित युवती को अनंतपुरा पुलिस टीम ने बापर्दा गिरफ्तार किया है। वहीं टीम ने एक ओर युवती को गिरफ्तार किया है।

शहर पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन ने बताया कि अनंतपुरा थाने में फरियादी ने 3 मार्च को रिपोर्ट दी। फरियादी ने रिपोर्ट में कहा था कि मोनिका सिंघानिया नाम की फैसबुक आईडी पर 5 दिन तक उसकी बात हुई, जिस पर 25 फरवरी को उसे कर्णेश्वर महादेव के समीप मिलने के लिये बुलाया। फरियादी ने कहा था कि जिस पर वह मौके पर पहुंचा तो कर्णेश्वर महादेव के रास्ते पर चार लड़कों ने कार में उसे किडनेप कर सुनसान इलाके में ले जाकर डरा धमकाकर फोन-पे के माध्यम से दो बार में 1 लाख रूपये ऑनलाईन ट्रांसफर करवा लिये। शहर एसपी ने कहा कि फरियादी की रिपोर्ट पर मामले को गंभीरता से लेते हुए पूर्व में कार्यवाही करते हुए गैंग का पर्दाफाश करते हुए तीन सदस्यों को पूर्व में गिरफ्तार कर लिया था। वहीं मामले में वांछित चल रहे मुख्य सरगना सहित महिला आरोपी की तलाश के लिये पुलिस उपअधीक्षक मनीष शर्मा के सुपरविजन में अनंतपुरा थानाधिकारी भुपेन्द्र सिंह के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया।



फैसबुक के जरिये व्यापारियों से लूट के सरगना व युवती को बापर्दा गिरफ्तार किया।

शहर एसपी ने बताया कि गठित टीम ने तकनीकी सूचना व कड़ी मेहनत करते हुए मुख्य सरगना सागर अग्रवाल को उद्योग नगर इलाके से पकड़ा एवं मामले में अलीना नाम की लड़की इवेन्ट में काम कर रही थी, जिसे टीम ने इवेन्ट से दस्तयाब किया और एक और युवती रहनुमा को दस्तयाब किया गया। शहर एसपी ने बताया कि पूछताछ मे अलीना के उघोग नगर थाना प्रकरण में सम्मलित होने पर अलीना को उद्योग नगर थाने के सुपुर्द किया। वहीं मुख्य सरगना सागर अग्रवाल उर्फ नन्नू व युवती रहनुमा द्वारा अनंतपुरा में वारदात करना स्वीकार करने पर अनंतपुरा पुलिस ने दोनों को बापर्दा गिरफ्तार किया। शहर एसपी ने बताया कि दोनों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से दोनों को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। शहर एसपी ने बताया कि जहां पीड़ित व्यापारी द्वारा शिनाख्ती करवाई जायेगी। शिनाख्ती के बाद आगे की कार्यवाही की जायेगी। शहर एसपी ने बताया कि दोनों के खिलाफ अनंतपुरा व महावीर नगर थाने में पूर्व में भी प्रकरण दर्ज है।

शहर एसपी ने बताया कि लोगों व व्यापारी से लूट करने वाली गैंग का मुख्य सरगना उद्योग नगर इलाके के बोम्बे योजना निवासी सागर अग्रवाल उर्फ नन्नू है जो अपनी मुंहबोली बहन रहनुमा को झांसे में

- दोनों के खिलाफ अनंतपुरा व महावीर नगर थाने में पूर्व में भी प्रकरण दर्ज हैं

लेकर साथ रहने लगे, जिनकी दोस्ती साजन वैष्णव व शोयब से हो गई, जिनकी एक मित्र विज्ञान नगर निवासी अलीना भी है। शहर एसपी ने बताया कि सागर अग्रवाल व शोयेब ने मिलकर रहनुमा व अलीना की सहायता से कोटा के लोगों व व्यापारियों से फैसबुक पर चैटिंग कर फंसाकर रूपये लूटने की योजना बनाई जिसके तहत शोयब ने दोनों लड़कियों की फर्जी फैसबुक अकाउंट मोनिका सिंघानिया (अंशु) के नाम से बनाया तथा उस अकाउंट को सागर अग्रवाल चलाता था जो लड़की बनकर सामने वाले व्यापारी से बात करता था और व्यापारी द्वारा वीडियो मांगने पर अलीना व रहनुमा द्वारा वीडियो कॉल पर बात कराता था। शहर एसपी ने बताया कि जब व्यापारी लड़की की बातों में आकर उससे मिलने के लिये तैयार होता तो लड़की द्वारा बताये गये सुनसान इलाके में पहुंचता, जहां गैंग के अन्य सदस्य छिपे रहते और व्यापारी के पहुंचते ही उसको कब्जे में लेकर डरा धमकाकर उससे नकदी छीन लेते थे।

# मादक पदार्थ सप्लाई का फरार आरोपी गिरफ्तार

**सांभरझील,** (निसं)। दूदू पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ सप्लाई करने के मामले में दो माह से फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है।

जयपुर ग्रामीण एसपी आनंद शर्मा ने बताया कि दूदू पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए गागरडू से हरसौली रोड़ पेट्रोल पम्प के पास से गाड़ी की चैंकिग के दौरान अभियुक्त जीवराज के कब्जे से 1.810 किलोग्राम डोडा-पोस्त छिलका जब्त कर एनडीपीएस एक्ट में अभियोग पंजीबद्ध किया था। प्रकरण में डोडा-पोस्त की सप्लाई करने वाला आरोपी फरार चल रहा था जिसकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम का गठन किया गया था। थानाधिकारी मौखमपुरा संजय प्रसाद के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा आसूचना संकलन व तकनीकी सहायता द्वारा रविवार को डोडा-पोस्त छिलका सप्लाई करने के मामले में 2 माह से फरार अभियुक्त राजू बाना पुत्र जगदीश बाना जाट निवासी वार्ड नंबर 3 धांधोली पुलिस थाना दूदू जिला जयपुर ग्रामीण को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। अभियुक्त से अवैध मार्दक पदार्थ सप्लाई करने के सम्बन्ध मे गहनता से अनुसंधान किया जा रहा है।



मादक पदार्थ सप्लाई के मामले में फरार आरोपी को गिरफ्तार किया।

# अरुणाचल प्रदेश से फर्जी दस्तावेज बनवा बस हड़पी

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। पुरानी आबादी पुलिस थाना में एक व्यक्ति द्वारा फर्जी दस्तावेजों के जरिए बस हड़पने का मामला सामने आया है। पीड़ित जगजीत सिंह पुत्र ज्ञान सिंह निवासी चक 3 आरबीए पदमपुर ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करवाई है कि हरमनदीप सिंह पुत्र गुरजंट सिंह निवासी 65 आरबी रायसिंहनगर ने उसके साथ धोखाधड़ी की है।

जगजीत सिंह ने बताया कि आरोपी हरमनदीप सिंह ने मार्च 2023 में उसे यह कहकर बस खरीदने के लिए प्रेरित किया कि इसे मिलकर चलाएंगे और अच्छा मुनाफा होगा। जगजीत सिंह ने बताया कि उसने हरमनदीप सिंह पर विश्वास करके अपने दोस्तों से 16 लाख

- पीड़ित ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करवाई है, जांच शुरु

रुपए उधार लिए। श्रीगंगानगर में कोडा चौक पर स्थित सुनील अनेजा की दुकान से 24 लाख रुपए में बस खरीद ली। इसके लिए 16 लाख रुपए नकद दिए जबकि बाकी आठ लाख रुपए फाइनेंस कंपनी से एनओसी लाने पर दिए गए। जगजीत सिंह ने बताया कि उसने हरमनदीप सिंह को बस चलाने के लिए दी। हरमनदीप ने इसे पहले श्रीगंगानगर-रायसिंहनगर और फिर चंडीगढ़-गोरखपुर रूट पर चलाया। इसके बाद हरमनदीप ने इसे प्रयागराज कुम्भ मेले में चलाने की बात कही। जगजीत सिंह ने बताया कि कुम्भ समाप्त हुआ तो उसने हिसाब मांगा, लेकिन हरमनदीप सिंह टालमटोल करने लगा। इसी बीच पता चला कि हरमनदीप ने फर्जी दस्तावेज तैयार कर बस को अरुणाचल प्रदेश में अपने नाम करवा लिया। इसके लिए कागजात में बस के रजिस्ट्रेशन नंबर के अलावा चेसिस और इंजन नंबर भी बदले गए। पुलिस ने जगजीत सिंह की शिकायत पर हरमनदीप सिंह के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की जांच एएसआई हेतराम को सौंपी गई है।

# जुआ खेलते 16 जुआरी गिरफ्तार



तीन थानों की पुलिस ने 16 जुआरियों को गिरफ्तार किया।

**मालपुरा,** (निसं) डिग्गी थाना पुलिस ने रविवार को सार्वजनिक स्थान पर रूपये पैसों का दाव लगा जुआ खेलते 16 जुआरियों को गिरफ्तार कर 1 लाख 28 हजार रूपये की जुआ राशि व दो वाहन जब्त किये।

थानाधिकारी सत्यनारायण चौधरी ने बताया कि उच्चाधिकारियों के निर्देशों पर डीएसटी टीम के साथ संयुक्त रूप से आमली पुरोहितान में दबिश देकर बालाजी मंदिर के पास रूपयो पैसों का दांव लगा जुआ खेल रहे गोरधन मीणा निवासी बीजवाड, शहीद निवासी मदारीपुरा थाना झिराणा, योगेन्द्र मीणा निवासी बीजवाड, हंसराज जाट निवासी झिराणा, अकील खां निवासी निमेडी इस्हाकपुरा, शरीफ खां निवासी मदारीपुरा, रामअवतार निवासी झिराणा, मदन जाट मौजमाबाद, प्रहलाद राजपूत निवासी पाऊसु थाना फागी, बद्री गुर्जर निवासी गणतपुरा मानसरोवर जयपुर, हरिओम खाती निवासी मलिकपुर, महेन्द्र जाट निवासी रेनवाल मांजी, गिर्राज जाट निवासी गोपाल नगर फागी, ज्ञानप्रकाश जाट निवासी धमाणा, चेनाराम निवासी पालूकलां मोखमपुरा व कर्ण जाट निवासी मोहनपुरा रणवां थाना फागी को गिरफ्तार कर 1 लाख 28 हजार रूपये की जुआ राशि व दो वाहन जब्ती की कार्यवाही की।

# शिक्षा मंत्री ने गौशाला का निरीक्षण किया

**नागौर,** (निसं)। शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर रविवार को एक दिवसीय दौरे पर नागौर पहुंचे। दिलावर यहां विभिन्न कार्यक्रमों में बतौर मुख्य अतिथि सम्मिलित हुए। मंत्री दिलावर ने नागौर के प्रवास के दौरान सर्वप्रथम सुबह गुड़ला रोड़ स्थित महावीर गौ सेवा समिति द्वारा संचालित गौशाला का निरीक्षण किया। इस अवसर पर दिलावर ने गोशाला की व्यवस्थाओं की जानकारी ली तथा गायों के भोजन प्रबंध एवं स्वास्थ्य जांच को लेकर संचालक टीम से चर्चा की। मंत्री दिलावर ने हिरन के एक नवजात शिशु को गोद में लेकर उसे दुलार भी किया।

इसके बाद राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, बड़ली पहुंचने पर शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर का स्वागत किया गया। विद्यालय क्रमोन्नत होने पर शिक्षा मंत्री श्री मदन दिलावर का अभिनंदन किया गया। इस दौरान नवक्रमोन्नत राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बड़ली में पत्रकारों को संबोधित करते शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री दिलावर ने कहा कि हमने शिक्षा में गुणात्मक सुधार के लिए परीक्षा व्यवस्था में अनेक कदम उठाए हैं, जिससे विद्यार्थियों को उनकी मेहनत का अनुकूल परिणाम प्राप्त हो और वे अपने परिणाम से पूर्णतः संतुष्ट हो। इसके लिए री-टोटलिंग के साथ री-चेकिंग की व्यवस्था प्रारंभ कर रहे है। साथ ही परीक्षा में प्रश्न पत्र खंडवार अलग अलग बनवाने की व्यवस्था शुरू कर रहे है, जिससे कि पेपर आउट होने की संभावना नहीं रहे। मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए मंत्री दिलावर ने कहा कि हमने शिक्षा में गुणात्मक सुधार के लिए परीक्षा व्यवस्था में अनेक कदम उठाए हैं। जिससे विद्यार्थियों को उनकी मेहनत का अनुकूल परिणाम प्राप्त होगा और वे अपने परिणाम से पूर्णतः संतुष्ट भी होंगे। इसके लिए री- टोटलिंग के साथ री-चेकिंग की व्यवस्था प्रारंभ कर रहे है। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि आज शिक्षा का बड़ा महत्व है, लेकिन इसके साथ ही बच्चों को संस्कार देना भी जरूरी है।

## नकदी व मोबाइल लूटा, आरोपी गिरफ्तार

**उदयपुर,** (निसं)। वाघपुरा थाना क्षेत्र में बाइक सवार बदमाश पीड़ित से नकदी व मोबाइल लूट ले गया। इस मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित हरिश पुत्र दिनेश अहारी निवासी जेतावाड़ा ने बंशी ननामा पुत्र धर्मा निवासी पालिया खेड़ा बाघपुरा के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया, जिसमें उसने बताया कि 6 मार्च को मैं उदयपुर से घर आने के लिए सिसारमा पर वाहन की प्रतिक्षा में खड़ा था। इस दौरान एक बाइक चालक मिला जो मुझे बाइक पर बिठाकर लेकर रवाना हुआ। इस दौरान बातचीत करने पर पूछताछ में बंशी ननामा के रूप में नाम बताया। अचानक बाइक चालक पालिया खेड़ा रोड़ पर मुझे नीचे उतार कर धमका कर मेरे जेब से1700 रूपये एवं एक मोबाइल लूट

# होटल से जेवर व नकदी चोरी, मामला दर्ज

**उदयपुर,** (निसं)। शहर के सविना थाना क्षेत्र में स्थित होटल से अज्ञात चोर जेवर व नकदी चुरा ले गए।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित सूर्यानगर तितरड़ी निवासी शौभालाल बारबर पुत्र मांगीलाल बारबर ने अज्ञात चोर के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें उसने बताया कि भतीजे की शादी होने से परिवार सहित एकलिंगपुरा स्थित होटल में ठहरे थे। जहां 5 मार्च को खिड़की के रास्ते से अज्ञात चोर कमरे में घुस कर जेवर एवं 5 हजार रूपये नकदी चुरा ले गए।

इसका पता चलने पर पड़ताल की लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। इस पर पुलिस को सूचना कर प्रकरण दर्ज करवाया। जिसकी जांच एएसआई चतरसिंह कर रहे है। वहीं खेत पर काम

- कमरे की खिड़की से घुसकर चोर ने वारदात की थी

करने जा रही वृद्धा के अज्ञात चोर जेवरात चुरा ले गए। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़िता गोपाल पुत्र भैरूलाल गर्ग निवासी मोड़ी खेरोदा ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया, जिसमें उसने बताया कि मेरी मां लक्ष्मीबाई (70) जो 4 मार्च को घर से खेत पर जा रही थी। जहां बीच रास्ते में बाइक पर आया बदमाश मां के गले पर झपट्टा मार कर सोने का मादलिया, कान के टॉप्स लूट ले गया। इसको देख चिल्लाने पर आरोपी मौके से फरार हो गया। इस मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है।

# दुबई के रास्ते अमेरिका भेजने का झांसा देकर 2.67 लाख की ठगी

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। गोल बाजार स्थित महावीर शॉपिंग सेंटर के पास केजी कुल्चा रेस्टोरेंट चलाने वाले युवक को दुबई के रास्ते अमेरिका भेजने का सपना दिखाकर 2.67 लाख रुपए ठगने का मामला सामने आया है। अब युवक के पिता की शिकायत पर तीन लोगों के खिलाफ कोतवाली थाना में मामला दर्ज हुआ है।

पी ब्लॉक निवासी ऋषि मिड्ढा ने बताया कि डी ब्लॉक में वकीलों की डिग्गी के पास शिव शक्ति इंटरप्राइजेज संचालक रोहित कुमार, उसकी पत्नी पाओलीन और अनिल टाक ने उनके बेटे मेहुल मिड्ढा को दुबई के रास्ते अमेरिका भेजने और वहां नौकरी दिलाने का झांसा दिया। आरोपियों ने कहा कि कैलिफोर्निया में उनके दोस्त का आयरन कुक नामक रेस्टोरेंट है जिसमें मेहुल को नौकरी दिलवा देंगे और इसके बाद पीआर दिलवाने का भी आश्वासन दिया।

- युवक के पिता की शिकायत पर तीन लोगों के खिलाफ कोतवाली थाना में मामला दर्ज

15 अगस्त 2023 को मेहुल ने अपना रिज्यूम और पासपोर्ट आरोपियों को सौंप दिया। आरोपियों ने कहा कि विदेश में व्यवस्था होने के बाद इनकम टैक्स रिटर्न, आधार कार्ड, फूड परमिट, पैन कार्ड आदि दस्तावेज भेजने होंगे। इसके बाद परिवादी और उनके बेटे ने आरोपियों के बताए खातों में 1 सितंबर से 15 मई 2024 तक ऑनलाइन माध्यम से 2.67 लाख रुपए ट्रांसफर किए। आरोपियों ने आश्वासन दिया कि दिसंबर 2023 तक वीजा लगवाकर दुबई भेज देंगे, फिर ओमान होते हुए अमेरिका पहुंचाकर नौकरी दिलवा देंगे। विश्वास में आकर मेहुल ने अपनी कुकिंग के वीडियो और पहचान संबंधी दस्तावेज भी आरोपियों को भेजे। इसके बाद आरोपियों ने दो बार दुबई के टिकट होने से संबंधित मैसेज भी भेजे लेकिन जाने का समय होते ही टालमटोल शुरू कर दिया जाता था। कभी पाओलीन की तबीयत खराब होने का बहाना बनाया तो कभी उनके संपर्कों की छुट्टी का हवाला दिया। इससे ऋषि मिड्ढा को यह अंदाजा हो गया कि आरोपियों ने उनसे पैसे ऐंठने के लिए ही पूरी साजिश रची है। पीड़ित ने मौजिज लोगों की मौजूदगी में आरोपियों से पैसे वापस मांगे तो आरोपियों ने झूठे केस में फंसाने की धमकी दी। इस बीच पीड़ित को यह भी पता चला कि आरोपियों की ओर से भिजवाए गए टिकट भी फर्जी हैं। इसके बाद ऋषि मिड्ढा ने कोतवाली थाना में मामला दर्ज करवाया। मामले की जांच सीआई पृथ्वीपाल कर रहे हैं।

## अधेड़ की मौत

**उदयपुर,** (निसं)। शहर के अम्बामाता थाना क्षेत्र में बीमार अधेड़ की मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार अम्बामाता थाना क्षेत्र भीलूराणा कॉलोनी निवासी रामकुमार सोनी (56) पुत्र बंशीलाल सोनी की तबीयत खराब होने पर परिजनों ने उसे उपचार के लिए एमबी चिकित्सालय में भर्ती करवाया, जहां उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर हेडकांस्टेबल महेन्द्रसिंह ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया।

# एरिया डोमिनेशन अभियान में सात अपराधी गिरफ्तार

**नारायणपुर,** (निसं)। नारायणपुर पुलिस ने एरिया डोमिनेशन अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई की है। इस विशेष अभियान में पुलिस ने सात वांछित अपराधियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस के उच्चाधिकारियों के निर्देशन में की गई हैं। थानाधिकारी ओमप्रकाश मीणा ने बताया कि अपराध नियंत्रण और कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से रविवार को विशेष अभियान चलाया गया। इसके लिए थाना स्तर पर तीन अलग-अलग टीमें गठित की गईं। अभियान के दौरान चालानशुदा अपराधी, स्थायी वारंटी, गिरफ्तारी वारंटी, संपत्ति संबंधी अपराध और फायर आर्म्स से जुड़े मामलों में संलिप्त दीपक, राजेश, रोशन लाल, अनिल सोनी, पवन कोली, विकास उर्फ विक्की और सुखराम को गिरफ्तार किया गया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि क्षेत्र में अपराध पर प्रभावी नियंत्रण बनाए रखने और आमजन को सुरक्षित माहौल प्रदान करने के लिए इस तरह के अभियान लगातार जारी रहेंगे।

## युवक की मौत

**मदनगंज-किशनगढ़,** (निसं)। मदनगंज थाना अंतर्गत मार्बल एरिया लिंक रोड़ स्थित रेलवे ट्रेक पर देर रात्रि को मालगाड़ी ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। इवेंट कंपनी में कार्यरत मृतक भीश्ती मोहल्ला चमड़ा घर निवासी सोहेल (26) पुत्र सलीम की वाइक शिवाजीनगर में घर के बाहर खड़ी मिलने पर मामला संदेह के दायरे में आ गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर पोस्टमार्टम की कार्यवाही के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

# वरिष्ठ अधिवक्ता की हत्या का मामला : प्रशासन और वकीलों में पांच मांगों पर सहमति बनी

**अजमेर,** (कासं)। पुष्कर में गत दिनों डीजे विवाद पर हुई वरिष्ठ अधिवक्ता जाखेटिया की मौत के मामले को लेकर जिला प्रशासन व वकीलों के प्रतिनिधि मंडल के सदस्यों में रविवार को पांच सूत्रीय मांगों पर सहमति बनने से मामले को लेकर चल रहा वकीलों का विरोध समाप्त हो गया।

प्रशासन और वकीलों में बनी सहमति में मृतक के परिजन को 35 लाख की आर्थिक सहायता, एक सदस्य को संविदा पर नौकरी, शराब ठेका को बंद करने सहित अन्य मांगें शामिल थी। पांच सदस्यों की मेडिकल बोर्ड द्वारा मृतक के शव का पोस्टमॉर्टम करा शव परिजन के सुपुर्द कर दिया। वहीं वकीलों के उग्र प्रदर्शन को देखते हुए जवाहर लाल नेहरू अस्पताल की मॉर्च्युरी पुलिस छावनी में तब्दील रही, तो वहीं वकीलों के रेल मार्ग व हाइवे जाम करने की चेतावनी के मद्देनजर रेल प्रशासन भी मुस्तैद रहा।

अजमेर जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक सिंह रावत ने बताया कि पुष्कर के वरिष्ठ अधिवक्ता पुरुषोत्तम जाखेटिया द्वारा डीजे बजा रहे युवकों टोका था, लेकिन युवकों ने उन पर जानलेवा हमला कर दिया था। पांच दिन जिंदगी और मौत से संघर्ष करने के बाद




सहमति बैठक में जिला प्रशासन के अधिकारी व जिला बार अध्यक्ष सहित पदाकधारी मौजूद रहे।

7 मार्च को जेएलएन अस्पताल में उनकी मौत हो गई। मृतक साथी वकील के परिवार को न्याय दिलाने के लिए वकील सडकों पर उतरे आंदोलन किया। अध्यक्ष रावत ने बताया कि प्रशासन और सरकार के पास पांच सूत्रीय मांगें रखी थी। सरकार और प्रशासन से लगातार मांगों को लेकर वार्ता चल रही थी। रविवार सुबह वकीलों के प्रतिनिधि मंडल के सदस्यों के साथ हुई बैठक में जिला प्रशासन से वार्ता के बाद सहमति बनी है, जिसमें 35 लाख रुपए राज्य सरकार के द्वारा मुआवजा दिया जाएगा, परिवार के एक सदस्य को संविदा पर नौकरी दी जाएगी, वकील के मकान के पास ही बने शराब के ठेके को बंद किया जाएगा, अवैध डीजे पर कार्यवाही की जाएगी। रावत ने बताया कि मांगों पर सहमति बनने पर हड़ताल समाप्त कर दी है। साथ ही पुष्कर पुलिस थाने में कार्यरत स्टाफ पर कार्रवाई की मांग पर भी जांच के बाद कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। प्रोटेक्शन एक्ट को लेकर भी अधिवक्ता आगे भी आंदोलन करते रहेंगे।

**अस्पताल की मोर्चरी बनी छावनी :** वकीलों और जिला प्रशासन मं सहमति बनने के बाद पुलिस प्रशासन के अधिकारियों ने जेएलएन अस्पताल के मुर्दाघर में रखे अधिवक्ता के शव का मेडिकल बोर्ड से पोस्टमॉर्टम कराया। पोस्टमार्टम की कार्यवाही के दौरान वकील भी मौजूद रहे। सुरक्षा के मद्देनजर

- पीड़ित परिवार को 35 लाख का मुआवजा, संविदा नौकरी मिलेगी

पुलिस का अतिरिक्त जाब्ता भी मॉर्च्यूरी में पर तैनात रहा। अतिरिक्त जिला कलेक्टर गजेंद्र सिंह, एडिशनल एसपी हिमांशु जांगिड़, दीपक शर्मा सहित अन्य अधिकारी और जवान मौजूद रहे। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजन के सुपुर्द कर दिया, बाद में पुष्कर में अंतिम संस्कार किया गया।

**जिला पुलिस व रेल प्रशासन रहा मुस्तैद :**-अजमेर में वकीलों के प्रदर्शन को देखते हुए जिला पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट और मुस्तैद रहा। मांगें नहीं मानने पर शनिवार को हुई वकीलों की बैठक में हाईवे जाम करने और रेल रोकने चेतावनी दी थी। चेतावनी के बाद रेल प्रशासन ने आरपीएफ को रेलवे स्टेशन पर अलर्ट पर रखा। इसके साथ ही हाईवे जाम को लेकर जिला पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा द्वारा पुलिस अधिकारियों और जवानों को मुस्तैद रहने के लिए कहा था, जिसके चलते पुलिस के जवान तैनात रहे।

# पॉवर हाउस में पिस्टल मिली, ठेकाकर्मी गिरफ्तार

**मंड्रेला,** (निसं)। अजमेर डिस्कॉम के बजावा सुरो का गांव स्थित पॉवर हाउस में स्थानीय पुलिस ने दबिश दी। जहां से उन्हें एक अवैध पिस्टल मिली। पिस्टल पॉवर हाउस में ही कार्यरत ठेकाकर्मी इसी गांव के रहने वाले 22 वर्षीय रोशन गोठवाल पुत्र घनश्याम मेघवाल के पास मिली है। पुलिस ने अवैध रूप से पिस्टल रखने के मामले में रोशन को गिरफ्तार कर लिया है।

एसएचओ सुरेश रोलन ने बताया कि मुखबिर के जरिए इत्तला मिली थी कि पॉवर हाउस में ठेकेदार के जरिए कार्यरत रोशन गोठवाल के पास अवैध रूप से हथियार है। जिस पर पुलिस ने पॉवर हाउस में दबिश दी, जहां पर रोशन गोठवाल मिला। जिसकी तलाशी ली गई तो उसके पास पिस्टल मिली। जिसका लाइसेंस भी नहीं था। पुलिस ने पिस्टल को जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी से पुलिस पिस्टल लाने की जानकारी प्राप्त कर रही है।

एसएचओ सुरेश रोलन ने बताया कि गिरफ्तार रोशन गोठवाल से दो-चार दिन पहले चिड़ावा थाना इलाके में मारपीट हो गई थी। जिसका मुकदमा भी रोशन ने दर्ज करवा रखा है। इससे पहले मंडावा में भी रोशन से मारपीट हुई थी। प्रारंभिक जानकारी में पुलिस के सामने आया है कि रोशन की नजदीकियां कुछ आपराधिक किस्म के युवकों से है। उन्हीं से ही रोशन को पिस्टल मिली है। बताया यह भी जा रहा है कि अपनी सुरक्षा के लिए रोशन ने यह पिस्टल ले रखी थी।

## गांजे सहित आरोपी गिरफ्तार

**उदयपुर,** (निसं)। टीडी थानाधिकारी देवेन्द्रसिंह के नेतृत्व में गठित दल ने नारायणलाल पुत्र नानजी निवासी जाबला उपला फला टीडी को गिरफ्तार कर इसके कब्जे से 356 ग्राम अवैध गांजा जब्त कर प्रकरण दर्ज किया।

वहीं भुपालपुरा थानाधिकरी आदर्श कुमार के नेतृत्व में गठित दल ने भगवतीलाल सुथार पुत्र भैरूलाल सुथार निवासी भोपाखेड़ा खेरोदा को गिरफ्तार कर इसके कब्जे से 6 किलो 728 ग्राम अवैध डोडा-चूरा जब्त कर प्रकरण दर्ज किया किया था। पूछताछ में उसने डोडा-चूरा नाहरसिंह उर्फ महेन्द्रसिंह से लाना बताया। इस पर महेन्द्रसिंह निवासी गणपति बिहार लोयरा बडगांव को गिरफ्तार कर इसके कब्जे से अवैध 5 किलो डोडा-चूरा व मिक्सर बरामद किया।

## संक्षिप्त

### आईएमए के प्रदेश पदाधिकारियों ने बैठक ली

**श्रीमाधोपुर।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) की राजस्थान ब्रांच के अध्यक्ष डॉ.एमपी शर्मा व सचिव डॉ. पी. सी. गर्ग रविवार को आधिकारिक यात्रा पर श्रीमाधोपुर आए। इस अवसर पर उन्होंने आईएमए श्रीमाधोपुर ब्रांच की मीटिंग भी ली और चिकित्सक और मरीज के बीच बेहतर सामंजस्य कैसे बने, इस विषय पर चर्चा हुई। उन्होंने आईएमए श्रीमाधोपुर ब्रांच की कार्यशैली की सराहना भी की। मीटिंग में आईएमए की श्रीमाधोपुर ब्रांच के अध्यक्ष डॉ.एमपी तिवारी, सचिव डॉ.माधव सिंह तथा सदस्य डॉ.विजय शर्मा, डॉ. सुरेंद्र सिंह शेखावत, डॉ. एस के वर्मा, डॉ. नीलकंठ कयाल व डॉ.कृष्णा कयाल आदि मौजूद रहे।

### जागरण 11 को

**पावटा।** युवा सेवा संघ ककराणा माँजूकोट के तत्वावधान में चौथा विशाल जागरण 11 मार्च मंगलवार की रात्रि 8 बजे से ककराणा माँजूकोट में हनुमान जी की बगीची में होगा। जिसमें श्री श्री 1008 मंगलदास महाराज टोरडा, सोहन लाल महंत जीडा वाला बालाजी महाराज, हरिदास महाराज ब्रह्मजोड़ी व नरसिंह मंदिर मांजूकोट महंत जयराम दास महाराज द्वारा द्वीप प्रज्वलित व हनुमान पूजन कर जागरण का शुभारंभ किया जायेगा। जागरण समारोह में शिवानी व मुक्कड़ म्यूजिकल ग्रुप व बीरबल सिंह व प्रकाश गुर्जर एवं सिमरन, सोनू शेखावटी, डांसर नीलम, कैलाश छैला, मुकेश मुक्कड़ एंड पार्टी बालाजी की महिमा गाएंगे।

### अवैध बजरी से भरे दो वाहन सहित चालक गिरफ्तार

**टोंक।** पीपलू उपखण्ड की बरोनी पुलिस ने अवैध बजरी खनन के खिलाफ कार्यवाही करते हुए एक डंपर व एक ट्रेलर को जब्त कर चालको गिरफ्तार किया।अवैध बजरी भरें एक ट्रेलर व एक डंपर को जप्त कर थाना परिसर में खड़ा किया। इस कार्यवाही में डम्पर चालक हरिसिंह पुत्र रामजीलाल जाति गुर्जर उम्र 45 वर्ष निवासी देवली थाना मलारना डूंगर जिला सवाई माधोपुर एवं ट्रेलर चालक रामधन पुत्र गोपाल जाति जाट उम्र 48 वर्ष निवासी झिराना थाना झिराना जिला टोंक को डिटेन किया गया। चालको के विरूद्ध एमएमडीआर एक्ट में मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है।

### पं. मिश्रा को किया सम्मानित

**श्रीमाधोपुर।** दहेज मुक्त आंदोलन के प्रणेता पं कृष्ण कांत मिश्रा निवासी मऊ,श्रीमाधोपुर को शेखावाटी समाज रत्न अवॉर्ड 2025 से सम्मानित किया गया है।यह जानकारी देते हुए बताया कि प .मिश्रा को अमित बुडानिया फाऊंडेशन सीकर के द्वारा महिला दिवस के अवसर पर सम्मानित किया गया है। सम्मानित होने पर विभिन्न सामाजिक कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है। ज्ञात रहें कि पं कृष्णकांत मिश्रा के नेतृत्व दहेज मुक्त समाज के लिए जन जागरण किया जा रहा है साथ ही सामाजिक समरसता को लेकर प्रयास करते है।

### शविर का आयोजन जारी

**कोटपूतली।** कस्बे के डाबला रोड़ स्थित राजपूताना पी.जी. कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना की तीनों ईकाईयों के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित सात दिवसीय एन.एस.एस. विशेष शिविर के 06 वें दिन रविवार को स्वयंसेवकों को नाहरगढ़ जूलॉजिकल पार्क में भ्रमण हेतु दो बसों से रवाना किया गया। राजस्थान निजी कॉलेज संघ के अध्यक्ष एवं कृष्ण लॉ कॉलेज के प्रबन्ध निदेशक रामसिंह यादव, डॉ. राजेश दौचानिया, आर्यन बी.एड. कॉलेज के निर्देशक रामनिवास यादव व डॉ. अंबेडकर विचार मंच के एड. सतीश हाडिया ने स्वयंसेवकों की बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

### अंकित छात्रावास संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष चुने

**सिकराय।** राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ (एकीकृत)के प्रदेश अध्यक्ष गजेंद्र सिंह राठौर के निर्देशन में हुए छात्रावास संघ के चुनाव में अंकित गुर्जर को प्रदेश उपाध्यक्ष के पद पर निर्विरोध चुना गया। अंकित गुर्जर सिकराय राजकीय छात्रावास में छात्रावास अधीक्षक के पद पर कार्यरत है प्रदेश उपाध्यक्ष चुने जाने पर छात्रावास संघ के कार्मिको के द्वारा अंकित गुर्जर को शुभकामनाएं प्रेषित की गई।

# विधायक धनकड़ ने पालिका क्षेत्र में 17 करोड़ की परियोजनाओं का किया शिलान्यास

**पावटा।** विराटनगर विधानसभा क्षेत्रीय विधायक कुलदीप धनकड़ ने 17 करोड़ रुपये की लागत से होने वाले विभिन्न निर्माण कार्यों का शिलान्यास किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों में विधायक धनकड़ ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में संपूर्ण प्रदेश में विकास का त्यौहार मनाया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि विराटनगर विधानसभा क्षेत्र में भी लगातार विकास और निर्माण कार्यों की सौगातें दी जा रही हैं। चाहे स्वास्थ्य की बात हो, शिक्षा की बात हो, सड़क की बात हो, रोजगार की बात हो। शहर के विभिन्न वार्डों में सड़कों और नालियों का निर्माण कराया जाएगा। इन परियोजनाओं का उद्देश्य क्षेत्रीय विकास को बढ़ावा देना और नागरिक सुविधाओं में सुधार करना है।



विराटनगर विधानसभा क्षेत्रीय विधायक कुलदीप धनकड़ ने 17 करोड़ रुपये की लागत से होने वाले कार्यों का शिलान्यास किया।

विराटनगर विधानसभा क्षेत्र के पावटा प्रागपुरा नगरपालिका के पावटा कस्बे के वार्डो में सीसी सड़क निर्माण कार्य, नाली व नाला मरम्मत व निर्माण कार्य, इंटरलॉकिंग टाइल्स निर्माण कार्य, सामुदायिक भवन निर्माण कार्य, सामुदायिक शौचालय निर्माण कार्य, पुलिया निर्माण कार्य किया जायेगा। परियोजना की लागत लगभग 17 करोड़ रुपये है।

विधायक धनकड ने मौके पर उपस्थित कार्यदाई संस्था के अभियंताओं को निर्देश दिया कि सभी कार्यों को शीघ्रता और गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि पावटा प्रागपुरा नगरपालिका के विस्तार से क्षेत्र के विकास को गति मिलेगी, पावटा कस्बे की प्रत्येक गली में रोड, नाली निर्माण एवं रोडलाइट जैसी मूलभूत सुविधाएं आमजन को मिलेगी एवं सभी वंचित क्षेत्रों में बिना किसी भेदभाव चहुंमुखी विकास कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार द्वारा देश व प्रदेश में जनहित में अनेक विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में बनी प्रदेश सरकार हर वर्ग को ध्यान में रखकर कार्य कर रही है। ग्रामीण क्षेत्र हो या शहरी क्षेत्र सरकार हर जगह जनहित में कार्य कर रही है। नगरपालिका क्षेत्र में करोड़ों के विकास कार्य होने है। कॉलोनियों में पक्की गलियां, नालियां, सीवरेज व अन्य मूलभूत सुविधाएं दी जाएगी।

- धनकड़ ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में संपूर्ण प्रदेश में विकास का त्यौहार मनाया जा रहा हैं

हाल ही में नगर निगम ने करोड़ों रुपये के विकास कार्यों के टेंडर लगाए है। टेंडर अलॉट होते ही शहर में कई सड़कें, गलियां, नालियां व अन्य परियोजनाओं को धरातल पर लाने का काम किया जाएगा। विधायक धनकड ने कहा कि पावटा प्रागपुरा को एक आदर्श नगरपालिका के रूप में विकसित करना हम सभी का मुख्य उद्देश्य है।

### चौरु के दो विद्यार्थियों का इंस्पायर अवार्ड में चयन

**उनियारा/चौरु।** उनियारा उपखंड राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय चोरू के दो छात्रों का इंस्पायर अवार्ड में चयन हुआ है। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य अरुण कुमार जैन ने बताया कि भारत सरकार के विज्ञान एवं तकनीकी विभाग की ओर से दिए जाने वाले इंस्पायर अवार्ड में विद्यालय के छात्र अमित मीणा कक्षा 8 व पायल खंगार कक्षा 7 का चयन हुआ है । इस अवार्ड के तहत प्रत्येक छात्रों को 10000 - 10000 रुपए मिलेंगे ।जो सरकार की ओर से उनके बैंक खाते में हस्तांतरित किए जाएंगे।इस योजना का उद्देश्य स्कूली बच्चों में रचनात्मकता और नवीन सोच की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए विज्ञान और सामाजिक अनुप्रयोगों में निहित मूल विचारों नवाचारों को लक्षित करना है विद्यार्थियों का चयन होने पर विद्यालय परिवार द्वारा सम्मान किया जाएगा।

# औरंगज़ेब पर अब्बू आजमी के बयान पर कांग्रेस अपना रुख साफ करे : केंद्रीय मंत्री यादव

**अलवर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए डबल इंजन की सरकार प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। यह बात केंद्रीय पर्यावरण वन मंत्री भूपेंद्र यादव ने रविवार को अपने संसदीय क्षेत्र अलवर में अम्बेडकर नगर स्थित भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय में प्रेस वार्ता के दौरान कही। इस दौरान भाजपा कार्यालय पर प्रबुद्धजन सम्मेलन भी आयोजित किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।

केंद्रीय मंत्री यादव ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि जो विकास के काम विगत 10 वर्षों के शासनकाल में मोदी सरकार ने किए हैं वे ऐतिहासिक साबित हुए हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा बिजली आपूर्ति को पूरा करने के लिए 100 मेगावाट के



गोविंदगढ़ में श्रीमद्भागवत कथा में पहुंच कर लोगों का अभिवादन करते केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव।

ऐसे संयंत्र लगाए जाने पर विशेष ध्यान रखा जा रहा है कि इस तकनीक में आत्मनिर्भरता हासिल करते हुए 5 प्लांट 2037 तक तैयार किए जाएं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक को बढ़ावा दिया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि यह ऐसी तकनीक है जो बहुत सारे डेटा को एकत्र कर मशीन लर्निंग के माध्यम से सोल्यूशन दे सकती है। उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक का उदाहरण देते हुए कहा कि ट्रेन की टिकट बुकिंग होने के बाद सीट खाली होने की 15 मिनट पहले यात्रियों को जानकारी दी जा सकती है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा पावर सेक्टर को रिफोर्म को बढावा देने के लिए इलेक्ट्रिक बैटरी को बढाने की दिशा में काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि छोटे उद्यमों को प्रोत्साहन दिए जाने के लिए सरकार निरन्तर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि हाल ही में पेश किया गया राजस्थान बजट ठोस जमीनी कार्यों को पूरा करने वाला बजट साबित होगा। उन्होंने बजट में अलवर व तिजारा में कन्या महाविद्यालय खोलने, हनुमान सर्किल पर बस स्टैण्ड बनाए जाने, 10 करोड़ की लागत से कृषि कॉलोनियों में सीसी सड़क, फोर लेन सड़क निर्माण, सोलिड वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट, तारामंडल, मूसी महारानी पुनरूद्धार कार्य, अलवर व भिवाड़ी को क्लीन सिटी जैसी अनेक घोषणाएं किए जाने पर आभार व्यक्त किया।


# ग्रामीणों ने समस्याओं को लेकर गृह राज्यमंत्री को सौंपे ज्ञापन

**कोटपूतली।** शनिवार को प्रदेश के गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढ़म के कोटपूतली आगमन पर कस्बे के डाबला रोड़ पर राजकीय कन्या महाविद्यालय के सामने जोधपुरा संघर्ष समिति धरनार्थियों ने झण्डा बैनर लेकर करीब दो घण्टे तक धरना प्रदर्शन किया। जिसके बाद गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढ़म को सामाजिक कार्यकर्ता राधेश्याम शुक्लावास के नेतृत्व में ज्ञापन

- स्वयंसेवकों ने किया श्रमदान, आशु भाषण प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

सौंपकर अपनी समस्याओं से अवगत करवाया। जिस पर गृह राज्यमंत्री ने समाधान का आश्वासन दिया। धरनार्थियों ने प्लांट से उडने वाली सीमेंट धूल से होने वाली परेशानियों और पुनर्वास की मांग रखी।

महिलाओं ने बताया कि घर की छतों तक सीमेंट जम रही है और बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही है। संघर्ष समिति ने चेतावनी दी कि अगर समाधान नहीं हुआ तो अनिश्चितकालीन आंदोलन जारी रहेगा। सामाजिक कार्यकर्ता



गृह राज्यमंत्री को ज्ञापन सौंपते ग्रामीण।

राधेश्याम शुक्लावास की अगुवाई में खड़ब गांव की मंदिर भूमि से अवैध खनन हटवाने को लेकर भी ज्ञापन सौंपा गया। समिति ने आरोप लगाया कि खनन माफिया ने जबरन अतिक्रमण कर रखा है और प्रशासन कार्यवाही के बजाय बहानेबाजी कर रहा है। जिला कलक्टर, एसडीएम व तहसीलदार को अनेक ज्ञापन देने के बावजूद कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढ़म व विधायक हंसराज पटेल ने आश्वासन दिया कि मंदिर भूमि को माफियाओं से मुक्त कराया जायेगा। लोगों ने मांग रखी कि मंदिर भूमि को गौशाला के लिये सुपुर्द किया जायें। ताकि गौमाता के संरक्षण में इसका उपयोग हो सके। इस मौके पर संघर्ष समिति के उपाध्यक्ष सतपाल यादव, सचिव कैलाश यादव, लीलाराम यादव, भूपसिंह धानका, हजारीलाल सोरल, सुबेसिंह मीणा, रामस्वरूप मीणा, हरिराम यादव, अजय योगी, रामनिवास अध्यापक, रामनिवास योगी, दिनेश यादव समेत अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।

### अभियान के तहत 74 अपराधियों को किया गिरफ्तार

**कोटपूतली।** राज्य सरकार एवं पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार अपराध एवं आपराधिक प्रवृति के व्यक्तियों पर लगाम कसने हेतु जयपुर रेंज आईजी अजयपाल लांबा के निर्देशानुसार जिले में एसपी राजन दुष्यंत के निर्देशन में अपराधिक गतिविधियों पर लगाम लगाने व सख्त कानुनी कार्यवाही करने के लिये कोटपूतली एएसपी वैभव शर्मा, नीमराणा एएसपी शालिनी राज के नेतृत्व में जिले के समस्त डीएसपी व थानाधिकारी द्वारा अपनी-अपनी टीमों के साथ जिले के अपराध नियंत्रण एवं आपराधिक प्रवृति के व्यक्तियों पर लगाम कसने हेतु आपराधिक प्रवृति के बदमाशान एवं संचालित गैंग, हिस्ट्रीशीटर आदतन अपराधी, आर्म्स एक्ट, एनडीपीएस एक्ट, आबकारी एक्ट, रंगदारी, लूट, डैकेती, स्थाई वारंटी उदघोषित, ईनामी अपराधी व सोशल मीडिया पर हथियारों की पोस्ट करने वाले गैंगस्टरों व अपराधियों को फॉलो एवं लाईक करने वालों व आमजन में भय कारीत करने वाले असामाजिक तत्वों के मकानों पर अल सुबह दबिश दी गई।

अभियान के दौरान 45 टीमों के करीब 269 पुलिसकर्मियों द्वारा 202 ठिकानों पर दबिश देकर 74 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया व एक्साईज एक्ट व एमएमडीआर एवं आरएनसी एक्ट में कुल 03 प्रकरण दर्ज किये गये।

- असामाजिक तत्वों, सोशल मीड़िया पर हथियारों की पोस्ट करने वालों एवं गैंगस्टरों को फॉलो व लाईक करने वालों के विरूद्ध की प्रभावी कार्यवाही
- 45 टीमों के 269 पुलिसकर्मियों द्वारा 202 ठिकानों पर दी गई दबिश

जिला पुलिस द्वारा समय-समय पर अपराधियों की धरपकड़ हेतु दबिश दी गई है। लगातार दबिशों से अपराधियों के हौंसले पस्त हो रखे है। अधिकतर अपराधी ईलाका छोडकर भूमिगत हो गये। आगे भी राजस्थान पुलिस के स्लोगन आमजन में विश्वास एवं अपराधियों मे भय को चरितार्थ करने हेतु दबिश कार्यवाही जारी रहेगी।

# ग्रामीण विकास प्रदेश की खुशहाली और प्रगति की आधारशिला : कन्हैया लाल चौधरी

**मालपुरा।** भारतीय जनता पार्टी भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष जिनेन्द्र जैन ने रविवार को महेश सेवा सदन मे आयोजित दायित्वभार ग्रहण समारोह मे केबिनेट मंत्री कन्हैयालाल चौधरी सहित तीन विधायको व हजारो भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता व गणमान्य लोगो की गरिमामय उपस्थिति मे भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष पद की शपथ ले संभाला दायित्व। केबिनेट मंत्री कन्हैयालाल चौधरी, केकडी विधायक शत्रुघ्न गौतम,निवाई विधायक रामसहाय वर्मा,चूरू विधायक हरलाल सारण,भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रवीर सिंह चौहान,जिला प्रमुख सरोज नरेश बंसल,पूर्व विधायक अजीत मेहता, मालपुरा पालिका अध्यक्ष सोनिया मनीष सोनी, टोडारायसिंह पालिका अध्यक्ष भरत लाल सैनी, राधा देवी चौधरी, प्रधान सकराम चौपडा, पूर्व प्रदेश पदाधिकारी व पूर्व पालिका अध्यक्ष राजकुमार जैन, नरेन्द्र जैन, संत कुमार जैन, डॉ. अंकित जैन की गरिमामय उपस्थिति मे पूर्व मंडल



केबिनेट मंत्री कन्हैयालाल चौधरी, विधायक शत्रुघ्न गौतम, जिलाध्यक्ष चन्द्रवीर सिंह चौहान, निवाई विधायक रामसहाय वर्मा की मौजूदगी मे जिनेन्द्र जैन ने भाजपा मंडल अध्यक्ष जिनेन्द्र जैन ने संभाला मंडल अध्यक्ष का कार्यभार।

अध्यक्ष त्रिलोक चन्द जैन ने नवमनोनीत मंडल अध्यक्ष जिनेन्द्र जैन को मंडल अध्यक्ष का दायित्व सौंपा।

भाजपाईयो ने मंडल अध्यक्ष को 21 किलो की माला पहना किया जोरदार स्वागत अभिनन्दन। केबिनेट मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने कार्यकर्ता का मान व सम्मान तो है ही पार्टी मे अन्तिम पंक्ति मे बैठे व्यक्ति को संगठन के प्रति उसकी कर्तव्य निष्ठा के अनुरूप अवसर दिया जाता है। जिसका उदाहरण है प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री। दोनो सर्वोच्च पदो पर बैठे पीएम नरेन्द्र मोदी व सीएम भजन लाल शर्मा ने सपने मे भी नही सोचा था कि आज वो इस मुकाम पर पहुंचेगें। केकडी विधायक गौतम ने कहा कि कांग्रेस परिवारवाद व भ्रष्टाचार का वटवृक्ष है। जिसका देश की जनता लोकतंत्र के माध्यम से कर रही है अंत। मालपुरा विधानसभा क्षेत्र मे 35 साल से कांगे स का खाता तक नही खुल रहा। लगातार तीसरी बार विधायक बने कन्हैयालाल चौधरी आज राजस्थान मे जलदाय मंत्री के पद पर सुशोभित है। संगठन की रीढ की हड्डी है भाजपा का युवा कार्यकर्ता जो देश की दिशा व दशा बदलने मे भारतीय जनता पार्टी कर रहा है सहयोग। जिनेन्द्र जैन को मंडल अध्यक्ष का पदभार ग्रहण कर संगठन मे सबको साथ लेकर चलने व संगठन को मजबूती देने का विश्वास दिलाया। वही मंत्री ने रविवार को क्षेत्र की धोली, लावा, कडीला, चबराना मे जनप्रतिनिधि आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जनसुनवाई कर आमजन को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित कर समस्याओं का निस्तारण किया।

### रामोत्सव पर भगवा यात्रा का आयोजन 30 को

**फुलेरा ।** कस्बे की न्यू कॉलोनी स्थित श्री सिद्ध गणेश मन्दिर परिसर में रविवार को प्रातः 11:15 बजे हिन्दू नववर्ष आयोजन समिति की एक आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान कार्यक्रम के विभिन्न बिन्दुओं एवं व्यवस्थाओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। जिसमें सर्वसहमति से आगामी 30 मार्च को रामोत्सव भगवा यात्रा का आयोजन करने का निर्णय लिया गया। गौरतलब है कि कार्यक्रम के दौरान रामोत्सव भगवा यात्रा का प्रारम्भ स्थल क्षेत्र के श्रीरामनगर स्थित बालाजी की बगीची होगा साथ ही नववर्ष आयोजन समिति द्वारा हरवर्ष की भांति इस वर्ष भी नवीन समिति का गठन किया गया। जिसमें सर्वसहमति से दीपेश सैनी को संयोजक तो वहीं सह- संयोजक के पद पर पुनीत धवन, मयूर सोनी, राहुल रतिवाल, अनिल भारद्वाज, रजत सैन एवं शुभम सोनी को नियुक्त किया गया। इसके अलावा कोषाध्यक्ष के पद पर मनीष यादव, सह कोषाध्यक्ष के पद पर पवन कुमार, इसी तरह प्रचार प्रमुख के पद पर मुकेश गेनोलिया, मोहित शर्मा, अनिल प्रजापति को नियुक्त किया।

## सार-समाचार

### छात्र अंकित को मिला गोल्ड मेडल

**खैरथल।** शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ रहे इंजीनियर पॉइंट स्कूल खैरथल के छात्र रहे अंकित कुमार पुत्र महेंद्र सिंह ग्राम बुराड़ी ने एमएससी फिजिक्स में सेंट्रल यूनिवर्सिटी अजमेर से गोल्ड मेडल प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया। छात्र अंकित वर्तमान में सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कर रहा है। इंजीनियर पॉइंट स्कूल खैरथल के निदेशक आजाद चौधरी ने बताया कि छात्र अंकित कुमार शुरुआत से ही मेधावी छात्र रहा है। अंकित के पिताजी नवोदय विद्यालय में कार्यरत हैं। छात्र ने सेंट्रल यूनिवर्सिटी किशनगढ़ - अजमेर से फिजिक्स से एमएससी कर गोल्ड मेडल प्राप्त किया है। उन्होंने बताया कि कुछ समय पूर्व बोर्ड के रिजल्ट के लिए विद्यार्थी सीकर कोटा जाया करते थे, जब से ई पी स्कूल खैरथल में खुला है तब से बच्चों का कोटा जाना रुक गया है। अब खैरथल के आस पास के अभिभावकों ने ई पी पर विश्वास किया है, ई पी की पूरी टीम अभिभावकों के विश्वास को बरकरार रखने के लिए दिन रात बच्चों पर कड़ी मेहनत कर रही है। इसलिए अब यहां फाउंडेशन के दम पर 12 वीं के साथ साथ आई आई टी/नीट/चार्टेड अकाउंट जैसे बड़े बड़े एग्जाम में प्रतिवर्ष बच्चों का सलेक्शन हो रहा है। स्कूल के टीचरों व विद्यार्थियों ने लगातार कड़ी मेहनत के दम पर खैरथल को एजुकेशन हब बना दिया है।

### शिविर में 121 रोगी लाभान्वित

**श्रीमाधोपुर।** रोटरी क्लब श्रीमाधोपुर सनराइज़ द्वारा रविवार को "निःशुल्क पाक्षिक होम्योपैथिक शिविर" का 453 वां शिविर चौधरी नाथूराम भामु रोटरी भवन में लगाया गया, जिसमे 121 मरीजों ने लाभ उठाया। क्लब के गिरिराज कयाल से ने बताया कि क्लब की ओर से इससे पूर्व लगाए गए नि;शुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविरो में 48 हजार से भी ज्यादा मरीजो ने लाभ प्राप्त किया है। क्लब की ओर से इस तरह के शिविर माह के हर दुसरे रविवार को रोटरी भवन में आयोजित किये जाते है, इनमे डॉ. एस. एल. चौधरी द्वारा सभी तरह की पथरी, प्रोस्टेट, चर्म रोग, पेट रोग, दमा-श्वास, सोरौसिस, साइटिका, नजला, जुखाम, टोंसिल्स, एलर्जी, माइग्रेन, फंगल इनफेंक्शन , जोडो का दर्द एवं अन्य कई रोगों से ग्रसित मरीजो को निःशुल्क परामर्श दिया तथा क्लब कि ओर से 14 दिनों की दवाइयां निशुल्क दी जाती है।इस होमियोपैथिक कैंप में डॉ. एस. एल. चौधरी के साथ क्लब के चार्टर अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद कसेरा, पूर्व सहप्रांतपाल डॉक्टर माधव सिंह, गिरिराज कयाल, विजय कुमार कसेरा एवं क्लब के और सदस्यों ने अपनी सेवाए प्रदान की है।

### विदाई समारोह का आयोजन

**फुलेरा।** प्रजापति विकास समिति दादर डुंगर के तत्वावधान में 1 मार्च को आयोजित किये गये सामूहिक विवाह सम्मेलन के बाद रविवार को समिति द्वारा गणेश जी का विदाई समारोह का आयोजन समिति अध्यक्ष कालूराम किरोड़ीवाल की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में प्रजापति समाज विकास एवं विवाह समिति भन्दे बालाजी के अध्यक्ष हुकमाराम दम्बीवाल रहे। उपरोक्त जानकारी देते हुए समिति के मीडिया प्रभारी डॉ सुरेश कुमार प्रजापति ने बताया कि उक्त कार्यक्रम के दौरान सामूहिक विवाह सम्मेलन के गणेश विदाई समारोह एवं मीटिंग का आयोजन किया। जिसमें विवाह सम्मेलन होने वाले जमा खर्च का लेखा-जोखा समिति एवं समाज के लोगों के बीच प्रस्तुत किया गया। इसके बाद गणेश जी महाराज के प्रसाद का भोग लगाकर सहभोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समिति के कोषाध्यक्ष नेमीचन्द प्रजापति, बाबूलाल प्रजापति, काजोडमल, मोहन लाल, केदारमल, बाबूलाल तुनगरिया, बाबूलाल किरोड़ीवाल, पप्पू लाल सारड़ीवाल, रामनारायण प्रजापति, रामेश्वर लाल प्रजापति सहित अन्य कई समाज बन्धु उपस्थित रहे।

### विधायक को सौंपा ज्ञापन

**शाहपुरा।** आस-पास के क्षेत्र के निजी स्कूल संचालकों ने पिछले सत्र का आरटीई के तहत भुगतान करवानें को लेकर विधायक को ज्ञापन सौंपा। गौरतलब है कि निजी स्कूलों में आरटीई के तहत 25 प्रतिशत सीटों पर दुर्बल और असुविधाग्रस्त परिवार के बच्चों के होने वालें निशुल्क प्रवेश का पैसा सरकार की तरफ से दिया जाता है। जिसके अंतर्गत सत्र 23-24 का भुगतान अभी तक सरकार की ओर से बकाया चल रहा। विधायक ने कहा कि भुगतान को लेकर मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है, जल्द ही भुगतान नही हुआ तो सदन में मुद्दा उठाया जायेगा। शाहपुरा में तकरीबन 152 करोड़ की लागत से बननें वालें बाईपास के लिए उपमुख्यमंत्री द्वारा सैद्धांतिक सहमति दिये जानें पर क्षेत्रवासियों ने विधायक का साफा व माला पहनाकर आभार जताया। गौरतलब है कि विधायक यादव शाहपुरा कस्बें में जाम से निजता दिलानें के लिए विधानसभा के प्रथम सत्र से प्रयासरत थे तथा बजट सत्र में भी मजबूती से बाईपास निर्माण के लिए आवाज उठाई थी जिस पर उपमुख्यमंत्री ने बाईपास निर्माण के लिए सहमति जारी की है।

### गुड्डू सैनी को किया सम्मानित

**शाहपुरा।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने भाजपा मुख्यालय पर भाजपा ओबीसी मोर्चा द्वारा आयोजित एक समारोह में क्षेत्र के भाजपा नेता भाजपा ओबीसी मोर्चा प्रदेश मंत्री गुड्डू सैनी को भाजपा का दुप्पटा ओढ़ा कर व प्रतीक चिन्ह भेंट कर उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया। भाजपा ओबीसी मोर्चा द्वारा संगठन पर्व में सदस्यता अभियान, सामाजिक सम्मेलन एवं मन की बात कार्यक्रम के संयोजक के नाते प्रदेश भर में अव्वल कार्य करने पर सम्मानित किया। इस अवसर पर भाजपा ओबीसी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष चंपालाल गैदर, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मोतीलाल मीणा, ओबीसी मोर्चा राष्ट्रीय मंत्री, निर्मल कुमावत, भाजपा राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य पराग चौधरी सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद थे। उल्लेखनीय है गुड्डू सैनी पूर्व में भाजपा जयपुर देहात जिला महामंत्री, किसान मोर्चा प्रदेश मंत्री, युवा मोर्चा में मंडल महामंत्री, शहर अध्यक्ष, जिला महामंत्री, जिला उपाध्यक्ष सहित शाहपुरा नगरपालिका में तीन बार पार्षद, दो बार जिला परिषद में जिला आयोजन बोर्ड के सदस्य सहित विभिन्न प्रदेशों में होने वाले विधानसभा चुनाव के विधानसभा प्रभारी रह चुके है।

### भाजपाईयों ने मनाया फाग उत्सव

**टोंक।** आनंदम संस्था टोंक द्वारा पन्नाधाय महाविद्यालय में फाग उत्सव मनाया गया, रंगों और उल्लास के इस पर्व पर भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान सहित सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने साथ मिलकर फाग उत्सव का आनंद लिया। भाजपा जिलाध्यक्ष चौहान ने सभी कार्यकर्ताओं को गुलाल लगाई तथा इस अवसर पर चौहान ने कहा कि फाग उत्सव सामाजिक समरसता का महापर्व हैं, हमारे सभी पर्व सनातन धर्म को मजबूत करते हैं। इस प्रकार के आयोजन भारतीय संस्कृति और परंपराओं को सजीव बनाए रखते है, यह रंगों, सकारात्मकता, जीवंतता, खुशी और सद्भाव से जुड़ा त्योहार है।

### दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**दूदू।** निकटवर्ती पड़ासोली स्थित बिफ एण्ड ब्राइट टीटी कॉलेज सभागार में राष्ट्रीय संगोष्ठी महिला सशक्तिकरण एवं चुनौतियां पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया कार्यशाला शुभारंभ प्राचार्या डॉ अंजु भारद्वाज द्वारा किया गया कार्य शाला के दौरान मुख्य अतिथि डॉक्टर मधु माथुर डॉक्टर रिता अरोरा ने महिला सशक्तिकरण पर व्याख्यान देकर बताया कि महिलाएं शक्तिशाली बने अपने जीवन के सभी निर्णय स्वयं लेकर आगे बढ़े भारत में महिला सशक्तिकरण के लिए सरकारी योजना जो चलाई जा रही है उनका लाभ प्राप्त करें महिलाएं आज कमजोर कहीं नहीं है लेकिन स्वयं को आगे आना होगा समापन पर डॉक्टर निम्मी महर्षि ने बताया कि यह एक सशक्त कम है जो महिलाओं को किसी और साये में बल्कि स्वयं के बल पर खड़ा होने का अवसर प्रदान करता है कार्यशाला के दौरान महाविद्यालय परिवार के सभी शिक्षक छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

### फागोत्सव कार्यक्रम आयोजित

**राजगढ़।** आगे की मस्ती एवं रंग बिरंगे फूलों की होली के साथ जोश पूर्ण अंदाज में खंडेलवाल महिला समिति ने खंडेलवाल धर्मशाला में महिला दिवस एवं फागोत्सव कार्यक्रम मनाया। इस दौरान फूलों की होली सहित राधा कृष्ण की झांकी एवं अन्य कार्यक्रम प्रमुख आकर्षण रहे। फाग की मस्ती से पूर्ण माहौल में होली गीतों पर महिलाओं ने जमकर ठुमके लगाएं। समिति की अध्यक्ष इंद्रा रावत ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रस्तुतियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली महिलाओं को पुरस्कार वितरण किया। इस अवसर पर महिलाओं ने तिलक लगाकर होली मनाई। फागोत्सव कार्यक्रम के दौरान वर्षा गुप्ता, निशा पाटोदिया, सुमन झालानी, सरिता रावत, आशा तांबी, अनिता सोखिया, सुशीला, रामा, मंजू, उमा, रेखा, कृष्णा, गीता, मीनाक्षी, गायत्री, मीना, मधु, अनीता बडाया,गमा,सुनीता भागला, ब्लू एवं अनीता सहित अन्य महिला सदस्य मौजूद रही।

# रोडवेज बस में बाइक घुसी, टायर के नीचे आने से महिला की मौत

- दिल्ली रोड पर मानबाग की घटना, आक्रोशित लोगों ने दिल्ली रोड पर लगाया जाम

**जयपुर।** दिल्ली रोड पर रविवार शाम एक बाइक बेकाबू होकर रोडवेज बस से जा टकराई। हादसे में एक महिला की मौत हो गई, जबकि पति मामूली रुप से चोटिल हो गया। हादसे की जांच जयसिंहपुरा खोर थाना पुलिस कर रही है। हादसे के बाद आक्रोशित लोगों ने दिल्ली रोड पर जाम लगा दिया। मौके पर पहुंच कर पुलिस ने आक्रोशित लोगों को समझा-बुझाकर शांत किया।

पुलिस के अनुसार ईदगाह दिल्ली निवासी रेहान अपनी पत्नी 25 वर्षीय महक के साथ बाजार गया था। वापस लौटने के दौरान शाम साढ़े चार बजे उनकी बाइक बेकाबू होकर मानबाग दिल्ली रोड पर आगे चल रही रोडवेज से जा टकराई। बाइक के टकराने के बाद महिला बस के साइड में गिरकर पीछे के टायर के नीचे आ गई। इससे वह गंभीर रुप से घायल हो गई। हादसे की सूचना पर मौके पर पहुंच कर पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां पर महक की उपचार के दौरान मौत हो गई। हादसे के बाद आक्रोशित लोग दिल्ली रोड जमा हो गए। विभिन्न मांगों को लेकर सड़क पर धरने पर बैठ गए। स्थानीय लोग मृतका के परिवार को सरकारी नौकरी, आर्थिक सहायता सहित अन्य मांगों को लेकर सड़क पर जाम लगा दिया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने आक्रोशित लोगों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन लोग नहीं माने। करीब एक घंटे तक लोग धरने पर बैठे रहे। पुलिस अधिकारियों ने किसी तरह आक्रोशित लोगों को समझा-बुझाकर रास्ता खुलवाया। हादसे के बाद दिल्ली रोड पर करीब एक किमी लम्बा जाम लग गया। जाम से वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। पुलिस ने करीब आधा घंटे की मशक्कत के बाद यातायात सामान्य करवाया।

थानाधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि एक बाइक बेकाबू होकर रोडवेज बस में जा घुसी थी। इससे बस के पीछे से टायर के नीचे आने से बाइक सवार महिला की मौत हो गई तो उसका पति रेहान चोटिल हो गया। हादसे के बाद लोगों ने मानबाग दिल्ली रोड पर जाम लगा दिया था। लोगों को समझा बुझाकर रास्ता खुलवाया। हादसा ग्रस्त बस और बाइक को जब्त कर थाने पर खड़ा करवा दिया है। हादसे की सूचना पर यातायात पुलिस, एक्सीडेंट थाना पुलिस और स्थानीय थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई थी।

## क्रीड़ा भारती जयपुर प्रान्त का प्रान्त सम्मेलन

**जयपुर।** अग्रवाल पीजी कॉलेज जयपुर के सभागार में आज क्रीड़ा भारती जयपुर प्रांत के प्रान्त सम्मेलन का आयोजन हुआ। अतिथियों द्वारा भारत माता व बजरंग बली के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन पश्चात क्रीड़ा भारती जयपुर प्रांत के प्रांत मंत्री कैलाश चंद्र शर्मा ने क्रीड़ा भारती व प्रांत सम्मेलन की प्रस्तावना रखी। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता दीप भाटिया, अध्यक्ष, राज्य मानवाधिकार आयोग हरियाणा सरकार एवं अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य क्रीड़ा भारती ने उद्घाटन सत्र में क्रीड़ा भारती के वास्तविक लक्ष्यों व उद्देश्यों के बारे में विस्तार से बताया। योगाचार्य एवं भारतीय शिक्षा बोर्ड राजस्थान इकाई के प्रमुख कुलभूषण बैराठी ने अष्टांग योग एवं कुण्डलिनी जागृति आदि विषयों पर कार्यकर्ताओं का प्रभावी प्रबोधन किया।



राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने रविवार को आदर्श नगर दशहरा मैदान में गौ सेवा समिति और आर्य समाज के तत्वावधान में विश्व शांति और कल्याण के लिए आयोजित 201 कुंडीय महायज्ञ में भाग लिया। बागडे ने यज्ञ में आहुति दी और गौ माता की पूजा अर्चना कर सबके मंगल की कामना की। राज्यपाल ने इस दौरान भक्ति संगीत भी सुना।

# फाल्गुनी भजनों के साथ नृत्य और धमाल की हुई जुगलबंदी



गोविंददेवजी मंदिर में साठ कलाकारों ने बृज की लट्ठमार होली साकार की।

**जयपुर।** शहर के आराध्य श्री राधा गोविंद देव जी मंदिर में आयोजित पारंपरिक फागोत्सव के तीसरे दिन रविवार को फाल्गुनी भजनों के साथ नृत्य और धमाल की ऐसी जुगलबंदी हुई कि श्रद्धालु अपने स्थान से खड़े होकर नाचने लगे। गोविंद देव जी मंदिर के महंत अंजन कुमार गोस्वामी, मंदिर के सेवाधिकारी मानस गोस्वामी ने मुन्ना लाल भाट को गायन में संतोष मारु को नृत्य और कौशल कांत पंवार को वादन के क्षेत्र में उल्लेखनीय सेवाएं देने के लिए गोविंद सम्मान प्रदान किया। कार्यक्रम संयोजक गोविंद धामानी ने बताया कि अविनाश शर्मा और उनके दल के लगभग साठ कलाकारों ने बृज की लठमार होली साकार की। महिलाओं ने पुरूषों के साथ लठमार होली खेली।

वरिष्ठ भजन गायक पं. जगदीश शर्मा ने होरी खेल रहे फागण में गणपति से कार्यक्रम की शुरुआत की। हुई। उन्होंने अब काहे की होली.... और नथ म्हारी दीज्यो रचना भी प्रस्तुत की। तुषार शर्मा, नीलम शर्मा और नेहा शर्मा ने रंग दो मोरी श्याम चुनरिया गीत प्रस्तुत किया। हिण्डौन से आये उमाशंकर ने रसिया बन्यौ मदन मोहन प्यारो रसिया गीत प्रस्तुत किया। आकाशवाणी के संगीतकार दीपक माथुर ने होली खेले नंद का लाल.... तथा श्याम रंग में रंगी चुनरिया गीतों की सरस प्रस्तुति देकर तालियां बटोरी। गौरव जैन ने रंग डारो ना बीच बाजार तथा कन्हैया रंग डारेगो होली गीतों की प्रस्तुति दी। अंकिता माहेश्वरी, रिंकी चटर्जी और अन्य ने नृत्य प्रस्तुत किया। नृत्य निर्देशक अंजू माथुर के दल के लगभग एक दर्जन कलाकारों ने रंग मत डारे रे गीत पर नृत्य प्रस्तुत कर माहौल को फाल्गुनी बना दिया। प्रसिद्ध नृत्य गुरु ज्योति भारती गोस्वामी तथा उनके दल के सभी कलाकारों ने राधे के संग नंदलाल भजन पर जयपुर घराने के कथक नृत्य की प्रस्तुति दी। नृत्य गुरु नमिता कौशल तथा कौशल कांत पँवार के शिष्यों शिष्याओं ने फाग गोविन्द के ठहरायो गीत पर कथक नृत्य किया। गायन रमेश मेवाल ने किया। बबलू दयाशंकर तथा याशिका ग्रुप के डेढ दर्जन कलाकारों ने होरी गीत आज बिरज में होरी रे रसिया तथा मेरो खोय गयो बाजूबंद रसिया होली में प्रस्तुत किया। सुरेन्द्र मिश्रा तथा राहुल शर्मा ने गायन में साथ दिया। दिल्ली सें आये नृत्य गुरु घनश्याम गंगानी के निर्देशन में उनकी शिष्या ऋचा गुप्ता ने ठुमरी श्याम बाराजोरी मोसे खेलो ना होरी पर कथक नृत्य प्रस्तुत किया। वरिष्ठ नृत्य गुरु शशि साँखला के निर्देशन में उनकी शिष्य मंडली ने सखी मैं तो बाल कुँवारी रे गीत पर कथक नृत्य प्रस्तुत किया। मुन्ना लाल भाट ने गायन में साथ दिया। नृत्य गुरु मनस्विनी शर्मा तथा उनके दल के कलाकारों ने घनन घन घनश्याम भीजत ठुमरी पर कथक तथा भाव नृत्य प्रस्तुत किया। चेन्नई से आई कलाकार हेंदवी ने राग शुद्ध सारंग में ठुमरी प्रस्तुत की। युवा गायक कुंजबिहारी जाजू ने बाजै छै नौबत बाजा डिग्गी पुरी का राजा लोक भजन की प्रस्तुति दी। मंच संचालक संजय रायजादा और मंजू शर्मा ने किया। हारमोनियम पर शेर खान , की बोर्ड पर हबीब खान, तबला पर सावन डाँगी, ढोलक पर अकबर खान , नगारे पर गोपाल खींची ने संगत की।

## गरीब जमानत मिलने पर भी जेल में रहता है, यह सिस्टम की विफलता : सीजे

**जयपुर।** हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश एमएम श्रीवास्तव ने कहा कि गरीब आदमी जमानत मिलने के बाद भी जेल से बाहर नहीं आ पाता है। पहले तो वह कोर्ट तक नहीं पहुंच पाता है। अगर कोर्ट में पहुंचने पर उसे बेल मिल जाती है तो भी वह गरीबी के चलते जेल से बाहर नहीं आ पाता है। सीजे ने कहा कि गरीबी की वजह से वह बेल बॉन्ड नहीं भर पाता है, सिक्योरिटी जमा नहीं करा पाता है। इसलिए उसके मामले में जितनी सजा होती है, उससे ज्यादा समय तक जेल में रहना पड़ता है। उन्होंने कहा कि यह सिस्टम की विफलता है, जिसे आज तक दूर नहीं किया जा सका है।

सीजे श्रीवास्तव रविवार को लीगल एन्ड डिफेंस कौंसिल के लिए आयोजित कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। सीजे ने कहा की जमानत आदेश के बाद गरीब बेल बांड नहीं भर पाता। इसमें जेल वाले भी नहीं समझ पाते और हमारे लीगल एड क्लिनिक भी कुछ नहीं कर पाए और वह व्यक्ति पूरी सजा से ज्यादा समय तक जेल में रहा। उन्होंने कहा कि कोर्ट को बताना चाहिए कि गरीब व्यक्ति है। 25 हजार रुपए की सिक्योरिटी नहीं दे पाएगा। एक लीगल एड डिफेंस कौंसिल के तौर पर आप इस सिस्टम का बहुत महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। इस पूरे सिस्टम की सफलता आप पर निर्भर करती है। कार्यक्रम में जस्टिस अनिल उपमन ने भी अपने विचार रखे।

# पशु कल्याण माह में हिंगोनिया गोशाला में दीवारों पर नारे लेखन शुरू

**जयपुर।** पशुपालन, डेयरी एवं गोपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने पशुपालन एवं पशु कल्याण माह के अंतर्गत हिंगोनिया गोशाला में दीवारों पर पशु कल्याण से संबंधित नारों के लेखन कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कुमावत ने इस अवसर पर गौ पूजन कर उन्हें चारा भी खिलाया और बाद में पौधारोपण भी किया। उन्होंने गौशाला परिसर में पक्षियों के पानी और चुग्गे के लिए परिंडे भी बांधे और परिसर में स्थित पॉलीक्लिनीक का अवलोकन भी किया। इस अवसर पर उनके साथ विभाग के शासन सचिव डॉ समित शर्मा, पशुपालन निदेशक डॉ आनंद सेजरा, गोपालन निदेशक प्रह्लाद सहाय नागा भी उपस्थित थे।

इस अवसर पर मंत्री कुमावत ने कहा कि पशुपालन हमारी ग्रामीण आर्थिक व्यवस्था का एक महत्वपूर्ण अंग है और पशु उसके आधारा स्तंभ। जिस तरह मकान के निर्माण में नींव की भूमिका होती है, उसी तरह ग्रामीण समाज में पशुधन की। हमारी अर्थव्यवस्था में जीडीपी का एक बड़ा हिस्सा पशुपालन विभाग से आता है। ऐसे में पशुओं को सुरक्षित और संरक्षित रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। इस वर्ष केंद्र सरकार ने पशु कल्याण पखवाड़े को माह के रूप में मनाने का निर्णय लिया। उन्होंने बताया कि इस पशु कल्याण माह के अंतर्गत विभाग की ओर से पशुओं के कल्याण और उनके प्रबंधन के लिए गोष्ठियों, रैलियों, चेतना शिविरों, विभिन्न माध्यमों पर वार्ताओं का प्रसारण आदि गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है जिससे आम जन में इनके प्रति जागरूकता का संचार हो। श्री कुमावत ने बताया कि दीवारों पर अंकित नारे काफी समय तक लोगों के बीच में रहते हैं जिससे आम जन में जीव कल्याण और पशुओं के अधिकारों के बारे में जागरूकता आती है और लोग कल्याणकारी गतिविधियों के लिए प्रेरित होते हैं। इसीलिए पशु कल्याण माह के तहत नारे लेखन का यह अभियान शुरू किया गया है।



**चैम्पियंस का जश्न :** चैम्पियंस ट्रॉफी में भारत के न्यूजीलैंड को हराकर चैम्पियन बनने पर जयपुर में राजापार्क व जनपथ पर जमकर जीत का जश्न मनाया व वंदे मातरम व भारत माता की जय के नारे लगाए। फोटो : दिनेश भारद्वाज

# प्रेग्नेंट महिला से रेप का आरोपी कांस्टेबल गिरफ्तार

**जयपुर।** सांगानेर थाना इलाके में पुलिस के एक कॉन्स्टेबल पर प्रेग्नेंट महिला से रेप करने का मामला सामने आया है। बयान दर्ज करने के बहाने होटल में ले जाकर तीन साल के बेटे के सामने आरोपी कॉन्स्टेबल ने महिला से रेप किया। विरोध करने पर पति को बंद करने की धमकी देकर मुंह में कपड़ा तक ठूंस दिया। पीड़िता के पति ने मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने जांच के साथ ही आरोपी कॉन्स्टेबल को डिटेन किया है।

एसीपी सांगानेर विनोद कुमार शर्मा ने बताया कि सांगानेर थाने में तैनात कॉन्स्टेबल भागाराम को डिटेन किया गया है। सांगानेर की रहने वाले एक व्यक्ति ने मामला दर्ज करवाया कि शुक्रवार रात को उनका पड़ोसी के साथ झगड़ा हो गया था। कहासुनी के बाद झगड़े पर पड़ोसी ने मारपीट की थी। पड़ोसी के खिलाफ शिकायत देने के लिए सांगानेर थाने गया था। मौके पर आकर पुलिस जाब्ता दोनों को अपने साथ थाने ले आई। दोनों पक्षों में समझाइश कर घर भेज दिया। आरोप है कि उस पुलिस जाब्ते में कॉन्स्टेबल भागाराम भी था। शनिवार सुबह बयान दर्ज करवाने के बहाने वह उसके घर पहुंच गया। उसके काम पर जाने के कारण घर पर उसकी पत्नी व तीन साल का बेटा ही था।

प्रेग्रेंट महिला को बयान दर्ज करवाने की कहकर घर से कुछ दूरी पर बुला लिया। तीन साल के बेटे को लेकर पहुंची महिला को बाइक पर बैठाकर आरोपी कॉन्स्टेबल भागाराम एक होटल में ले गया। होटल रिसेप्शन पर मिले युवक को खुद का परिचय दिया। साथ आई महिला की तबीयत ठीक नहीं होने और कपड़े चेंज करने की कहकर रुम मांगा। होटल के रुम में आरोपी कॉन्स्टेबल ने महिला के साथ उसके तीन साल के बेटे के सामने रेप किया। विरोध करने पर पति को जेल में बंद करने की धमकी दी। चिल्लाने पर मुंह में कपड़ा ठूंस दिया।

## गलताजी में फागोत्सव आज

जयपुर। गलता तीर्थ पर 10 मार्च सोमवार को अबध-ब्रज फागोत्सव के साथ ही विविध धार्मिक आयोजन व सांस्कृतिक कार्यक्रम रखे गए हैं। देवस्थान सचिव डॉ. कृष्णा कांत पाठक ने बताया कि क्रार्यक्रमों का प्रारंभ अपराह्न 12 बजे से रंगोली व बाल कृष्ण राम छवि प्रतियोगिता और झाँकी प्रदर्शन से होगा। इसके साथ ही भगवान राम व कृष्ण की रथ पर चंग, रास, गेर आदि नृत्य के साथ दिव्य झांकी निकाली जाएगी। पहली बार गोकुल व अयोध्या दोनों का भाव लिए गलता तीर्थ के मंदिर श्री ज्ञान गोपाल जी व मंदिर श्री सीताराम जी के समक्ष ब्रज-अवध फागोत्सव भी रखा गया है। पाठक ने बताया कि कार्यक्रम के अंत में महाआरती की भव्य व्यवस्था की गयी है।


**SBI Life**
Apne liye. Apno ke liye.

**सूचनाः पते में परिवर्तन**

संबंधितों को सूचित किया जाता है कि 01/06/2025 से हमारी मौजूदा अलवर ( शाखा कोड-0398 ) निम्न पते पर स्थानांतरित होगी :

**नया पताः**
एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड., मोर्डन ट्रेड टॉवर, तीसरी मंजिल, प्लॉट नं.1, मौहल्ला जुबली बास, जय मार्ग, अलवर, राजस्थान, पिन-301001

**पुराना पताः**
एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड., पहली मंजिल, ए 16-17, अशोक विहार, कर्मचारी कॉलोनी, अलवर, राजस्थान, पिन-301001

ऊपर दर्शाया गया ट्रेड लोगो भारतीय स्टेट बैंक का है जिसे एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लाइसेन्स के अधीन उपयोग करती है । कंपनी का प्रधान कार्यालय ''नटराज'', एम वी रोड वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे जंक्शन, अंधेरी (पूर्व), मुंबई - 400069 है जिसका पंजीयन विवरण निम्नानुसार है :IRDAI Regn. No.111 I CIN: L99999MH2000PLC129113 I Website: www.sbilife.co.in I Email: info@sbilife.co.in I टोल फ्री नं. 1800 267 9090 ( ग्राहक ग्राहक सेवा समय : 24X7)



**कार्यालय पंचायत समिति गोविन्दगढ़, जयपुर**
Email ID: bdo.jai.gov@gmail.com, Phone No. 01423-230025

क्रमांक-पंसगो/लेखा/ई-निविदा/2025/133 दिनांक-05.03.2025

**ई-निविदा सूचना संख्या /2024-25**

पंचायत समिति गोविन्दगढ एवं अधीनस्थ ग्राम पंचायतों में वित्तीय वर्ष 2024-25 में विभिन्न योजनाओं में स्वीकृत कार्यो/संकर्म हेतु ई-प्रोक्यूरमेंट प्रक्रिया से सक्षम श्रेणी में पंजीकृत प्रतिष्ठानों/संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विस्तृत विवरण eproc.rajasthan.gov.in व sppp.rajasthan.gov.in से upload/download की व देखी जा सकती है।

**NIB NO. online-PFA2425A0717 TO PFA2425A0729, PFA2425A0738-0739**
**UBN NO.online-PFA2425WSOB00722 TO PFA2425WSOB00734, PFA2425WSOB00743-00744**
**NIB NO. online-PFA2425A0730 TO PFA2425A0736, PFA2425A0740-0741**
**UBN NO.online-PFA2425WSOB00735 TO PFA2425WSOB00741, PFA2425WSOB00745-00746**

विकास अधिकारी
पंचायत समिति गोविन्दगढ़ (जयपुर)


# झालावाड़ में एक आरोपी को पकड़कर 63 ग्राम स्मैक बरामद

- तस्करी में प्रयुक्त स्विफ्ट कार जब्त, जब्त स्मैक की कीमत 12.60 लाख

**जयपुर।** झालावाड़ डीएसटी एवं थाना सदर पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई कर शनिवार देर रात गश्त के दौरान 12.60 लाख रुपए कीमत की 63 ग्राम स्मैक, 24.68 लाख रुपए नगद एवं तस्करी में प्रयुक्त स्विफ्ट कार जब्त कर आरोपी वाहिद खान पुत्र अब्दुल रईश उम्र 37 साल निवासी उंचावदा थाना घाटोली जिला झालावाड को गिरफ्तार किया है।

एसपी ऋचा तोमर ने बताया कि आदतन अपराधी, मादक पदार्थ व अवैध आग्नेयास्त्रो की धरपकड़ के लिए पुलिस मुख्यालय द्वारा विशेष अभियान चलाया हुआ है। अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चिरंजीलाल मीणा व सीओ हर्षराज सिंह खरेडा के सुपरविजन में थानाधिकारी सदर रामस्वरूप राठौर व डीएसटी प्रभारी एएसआई विश्वनाथ सिंह मय टीम द्वारा शनिवार मध्य रात नेशनल हाईवे एनएच 52 खानपुरिया पुलिया के पास पर गश्त के दौरान अवैध मादक पदार्थ 63 ग्राम स्मैक, 24 लाख 64 हजार 400 रूपये नकद एवं एक स्विफ्ट कार सहित आरोपी वाहिद खान को गिरफ्तार करने में सफलता अर्जित की है। आरोपी वाहिद खान के पास रकम 24,68,400 रुपए मादक पदार्थों के खरीद फरोख्त के लिये प्रयुक्त की जाती। आरोपी को कोर्ट में पेश कर पुलिस रिमांड प्राप्त किया गया। जिससे अवैध मादक पदार्थ स्मैक प्राप्ति के स्त्रोतो एवं अन्य व्यक्तियो की संलिप्तता के सम्बन्ध में गहन अनुसंधान किया जा रहा है।

## सीसी सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास

**जयपुर।** मालवीय नगर विधायक कालीचरण सराफ ने विधायक कोष द्वारा प्रदत्त राशि 10 लाख रुपये लागत से वार्ड 137 रेलवे लाइन के पास नाले पर फेरों कवर एवं सीसी सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। नटवर कुमावत ने बताया की वार्ड 137 में रेलवे लाइन के पास नाले पर फेरों कवर टूटे हुए थे।


**खोया पाया**

मेरा भूखण्ड मूल खातेदार राजेन्द्र प्रसाद सैनी हाल 52 के पास राजगढ से जरीए इकरारनामा रामसिंह पुत्र हरलाल जाति जाट निवासी चैनपुरा बड़ा (चूरू) से खरीदशुदा है, जो ख.नं. 1437 रोही राजगढ में जरीए इकरारनामा 23.12.2015 तादादी 1030 दरगज है। जिसका मूल खातेदार राजेन्द्र प्रसाद सैनी पुत्र शिव नारायण सैनी से खरीद किया मूल इकरारनामा गुम हो गया। शपथग्रहिता-जयप्रकाश पुत्र केशुराम जाति मीणा निवासी रतनपुरा तह. राजगढ, चूरू (राज.)



**आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वाके महानगर जयपुर, चौकडी पुरानी बस्ती, चांदपोल बाजार, बगरूवालों का रास्ता, नारायण तेली की गली में म.नं. 932 पूर्वमुखी स्थित है। नगर निगम के सिटी सर्वे रिकार्ड के पेज नम्बर 31 पर मो. शफी पुत्र अलादीन का नाम दर्ज है। मो. शफी ही म.नं. 932 का एक मात्र मालिक स्वामी व काबिज रहे। मो. शफी का दिनांक 21.06.1970 को देहान्त हो गया, तथा उनकी धर्मपत्नि श्रीमती इमामन का दिनांक 08.03.1998 को देहान्त हो गया। मो. शफी के इन्तेकाल के बाद उनके जीवित वारिसों में (1) रईस (2) सईद (3) वहीद पुत्रान स्व.श्री शमशाद अली तथा (1) अंसार (2) इरफान पुत्रान श्री अहसान अली एवं श्री कमरूद्दीन, श्री रियाजुद्दीन तथा श्री कल्लु खां पुत्रान स्व. मो. शफी ही म.नं. 932 के संयुक्त रूप से मालिक, स्वामी काबिज है। अन्य कोई व्यक्ति उक्त मकान का मालिक नहीं है। स्व. मो. शफी के उक्त वारिसान म.नं. 932 को विक्रय करना चाहते है। यदि किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो, तो सात योम में प्रस्तुत करें। अन्यथा आपत्ति मान्य नही होगी।
जयपुर (मुजीब-उर-रहमान) एडवोकेट
दिनांक-09.03.2025 मो.नं. 95878-60191



**आम सूचना** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल मोहम्मद सलीम पुत्र खाजू खां निवासी-42, दरबार कॉलोनी, दिल्ली बाईपास रोड, जयपुर की पुत्री शाहिस्ता बानो आयु 34 वर्ष उनके कहे में नहीं है और वह पिछले कुछ समय से अपनी मर्जी मुताबिक जिन्दगी जी रही है, मेरे मुवक्किल ने अपनी उक्त पुत्री के दो विवाह सम्पन्न करवाए लेकिन शाहिस्ता बानो ने अपने पूर्व पति सलमुद्दीन मंसूरी से तलाक लेने के पश्चात दूसरा निकाह मोहम्मद अकील हाफिज से किया और दूसरे पति से भी दिनांक 26.07.2024 को तलाक ले लिया तथा उसके पश्चात शाहिस्ता बानो मेरे मुवक्किल के घर निवास कर रही थी लेकिन वह पिछले करीब एक माह पूर्व अपने पुत्र अब्दुल रहीम उम्र 12 वर्ष को साथ लेकर अन्यत्र चली गई और वह अपनी मर्जी मुताबिक जिन्दगी बसर कर रही है तथा वह मेरे मुवक्किल के कहे में भी नहीं है जिस कारण मेरे मुवक्किल ने अपनी उक्त पुत्री शाहिस्ता बानो को अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति व परिवार से बेदखल कर दिया है जो कोई व्यक्ति शाहिस्ता बानो से किसी भी तरह का सनव्यवहार करेगा उसका वह स्वयं जिम्मेदार होगा कृपया सूचित रहे।
**(फारूक अहमद) एडवोकेट**



**नम्बर मिलाइए 9587884433**



**सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।**


# विप्र फाउंडेशन महिला प्रकोष्ठ कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण

**जयपुर।** विप्र फाउंडेशन महिला प्रकोष्ठ जयपुर जोन की प्रदेश कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण आज प्रदेश अध्यक्ष सोनाक्षी वशिष्ठ के नेतृत्व और महिला आयोग की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष ममता शर्मा के सानिध्य में हुआ।

इस गरिमामय आयोजन में महिला विंग ने संकल्प लिया कि सामाजिक कार्यों में भी बढ़-चढकर अपनी भागीदारी निभाएगी। इस अवसर पर प्रदेश कार्यकारिणी में सोनाक्षी वशिष्ठ के साथ डॉ. सम्पति मिश्रा, शिल्पा शर्मा, रंजीता जोशी, नीलू शर्मा, संतोष गौतम, मंजुलता, नीतू शर्मा, शिवकांता पांडेय, युक्ति शर्मा, डॉ. रिंकू शर्मा, डॉ. आशा शर्मा, डॉ. रेखा शर्मा, डॉ. प्रीति शर्मा, रितु शर्मा, कल्पना पारीक, सुनीता पारीक, मीनाक्षी शर्मा, प्रीति कौशिक, बीना शर्मा, अर्चना पारीक, किरण शर्मा, रुचि शर्मा, शैल शर्मा, ममता शर्मा, बीना चौबे, स्नेह गौतम, पुष्पा शर्मा, मंजू शर्मा, सीमा गौतम, अणिमा शर्मा, भुवनेश्वरी शर्मा, चेताली सेन गुप्ता, डॉ. सुनीता पांडेय, खुशबू शर्मा, मधुलिका शर्मा, ममता सारस्वत, मनीषा दीक्षित, नीलिमा शर्मा, रिचा शर्मा, रीटा शर्मा, सरोज शर्मा, सपना तिवारी, सुमन पारीक, उमा शर्मा, मनीषा शर्मा, डॉ. संध्या मिश्रा, कल्पना पुरोहित, शालिनी शर्मा, पूनम शर्मा, संचिता शर्मा, बरखा शर्मा, सीमा भारद्वाज, बीना शर्मा, संतोष शर्मा, सीमा शर्मा, अनामिका शर्मा ने पद और गोपनीयता की शपथ ली। इस अवसर पर विप्र फाउंडेशन जयपुर जोन प्रदेश अध्यक्ष राजेश कर्नल, राष्ट्रीय महामंत्री पवन पारीक, पूर्व उप महापौर मनीष पारीक, ज्योति जोशी, राष्ट्रीय सचिव नरेंद्र हर्ष व सुनीता शर्मा, इस्पेक के राष्ट्रीय प्रभारी प्यारे लाल शर्मा, युवा समन्वयक मनोज पांडे, प्रदेश महामंत्री गजेंद्र ज्ञानपुरिया, राजेंद्र मंगलहारा,जयपुर शहर अध्यक्ष महेंद्र शर्मा,जयपुर ग्रामीण जिला अध्यक्ष रमेश मावेवाला आदि मौजूद थे।



विप्र फाउंडेशन महिला प्रकोष्ठ जयपुर जोन की प्रदेश कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण आज प्रदेश अध्यक्ष सोनाक्षी वशिष्ठ के नेतृत्व और महिला आयोग की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष ममता शर्मा के सानिध्य में हुआ।


**राजस्थान सरकार**
**कार्यालय ग्राम पंचायत सोड़ा**
**पंचायत समिति-मालपुरा (जिला-टोंक) राज.**

क्रमांक-ग्रापंसो/2024-25/0048 दिनांक-07.03.2025

**व्यापक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पं. क्षेत्र के सभी राजस्व ग्रामों में खातेदारी/अपने स्वामित्व की भूमि में स्थित कुए, ट्यूबवैल/बोरवेल जो खुले हुए है, उनको जरिए नोटिस सूचित किया जाता है कि व्यक्तिगत स्वामित्व के कुएं, जिनको ढकवाया जाना है, उनकी सूची ग्राम पं. नोटिस बोर्ड पर अवलोकनार्थ चस्पार्थ है एवं ग्राम विकास अधिकारी द्वारा आपको पूर्व में भी व्यक्तिशः अवगत करवा दिया गया था। अत प्रकाशन के साथ ही अपने-अपने स्वामित्व में स्थित खुले कुएं/बोरवैल/ट्यूबवैल ढकने/जमीदोज कर दिया जावें। अन्यथा आपके विरूद्ध प्रशासन द्वारा कानूनी कार्यवाही करते हुए सदोष हत्या/जाखिम एवं क्षतिपूर्ति/अपकृत की श्रेणी में मानते हुए स्वामित्वधारी के खिलाफ कानूनी कार्यवाही अमल में लाई जावेगी।अतः सरकार द्वारा चलाई जा रही मुहिम कार्यवाही में अपने दायित्व/कर्तव्य का निर्वहन करते हुए प्रशासन द्वारा जनहित में चलाए जा रहे महाअभियान में सहयोग कर अपनी सहभागिता का परिचय देवे।

**ग्राम विकास अधिकारी** / **प्रशासक**
**ग्राम पंचायत सोड़ा** / **ग्राम पंचायत सोड़ा**
**पंचायत समिति मालपुरा (टोंक)** / **पंचायत समिति मालपुरा (टोंक)**



मैं बतौर असिस्टेंट कोच आईपीएल में वापसी कर रहा हूं। मैं आईपीएल 2025 के लिए गुजरात टाइटंस के कोचिंग स्टाफ में शामिल हुआ हूं।

- मैथ्यू वेड

पूर्व ऑस्ट्रेलियाई विकेटकीपर बल्लेबाज, गुजरात टाइटंस के असिस्टेंट कोच बनने पर कहा।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी** — डेरिल मिचेल



न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर डेरिल मिचेल ने बेहतरीन बल्लेबाजी की। उन्होंने दुबई के मैदान पर मुश्किल हालात में भारत के खिलाफ अर्धशतकीय पारी खेली। मिचेल ने 101 गेंदों में 63 रन बनाए, जिसमें तीन चौके शामिल हैं। ये मिचेल के वनडे करियर का सातवां अर्धशतक है। उन्होंने फिफ्टी जड़कर कीर्तिमान रचा है। 3 वर्षीय खिलाड़ी ने रिकी पोंटिंग के एक स्पेशल क्लब में एंट्री कर ली है। मिचेल आईसीसी वनडे नॉकआउट में भारत के खिलाफ दो बार 50 प्लस पारी खेलने वाले पांचवें क्रिकेटर बन गए हैं।

**क्या आप जानते हैं ?...** सचिन तेंदुलकर ने पूरी दुनिया में सबसे ज्यादा 62 बार वनडे क्रिकेट में मैन ऑफ द मैच का अवॉर्ड जीता है।

## रोहित ब्रिगेड ने दुबई में लहराया तिरंगा

### // न्यूजीलैंड टीम को 4 विकेट से हराकर चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का खिताब जीता //



दुबइ, 9 मार्च। भारत ने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का खिताब जीत लिया है। रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम इंडिया ने रविवार को न्यूजीलैंड को चार विकेट से मात देकर खिताब अपने नाम किया। वहीं रोहित शर्मा की सेना ने दुबई में तिरंगा लहराया।

भारत ने हाइब्रिड मॉडल के तहत अपने सभी मैच दुबई के मैदान पर खेले और एक भी हार नहीं झेली। न्यूजीलैंड ने फाइनल में 252 रनों का टारगेट दिया, जिसे भारत ने 49 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर चेज किया। भारत ने न्यूजीलैंड से फाइनल में हार का हिसाब बराबर कर लिया है। न्यूजीलैंड ने साल 2000 में चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में भारत को हराया था। कीवी टीम ने इसके अलावा 2021 में वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल जीता था। लक्ष्य का पीछा करते हुए टीम इंडिया के लिए रोहित शर्मा और शुभमन गिल ने अच्छी शुरुआत दिलाई। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 105 रन की साझेदारी हुई। गिल 50 गेंद में 31 रन बनाकर आउट हुए। कुछ गेंद के बाद विराट कोहली दो गेंद के बाद विराट कोहली दो गेंद में एक रन ही बनाकर एलबीडब्ल्यू हो गए। रोहित 83 गेंद में 76 रन बनाकर पवेलियन लौटे। श्रेयस अय्यर ने 62 गेंद में 48 रन की पारी खेली। उन्होंने अक्षर के साथ 61 रन की साझेदारी की लेकिन 39वें ओवर में सेंटनर का शिकार बने। अक्षर 40 गेंद में 29 रन बनाकर पवेलियन लौटे। हार्दिक पंड्या 18 गेंद में 18 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें काइल जैमीसन ने आउट किया। जबकि केएल राहुल और रविंद्र जडेजा नाबाद लौटे।

वहीं, पहले बल्लेबाजी के लिए उतरी न्यूजीलैंड टीम की शुरुआत सधी हुई थी। विल यंग और रचिन रविंद्र ने अच्छी शुरुआत दिलाई। दोनों के बीच 57 रन की साझेदारी हुई। वरुण चक्रवर्ती ने भारत को पहली सफलता दिलाई। उन्होंने यंग (15) को पवेलियन का रास्ता दिखाया। रचिन रविंद्र 29 गेंद में 37 रन बनाकर आउट हुए। कुलदीप ने उन्हें क्लीन बोल्ड किया। केन विलियमसन 14 गेंद में 11 रन ही बना पाए। टॉम लैथम ने 30 गेंद में 14 रन बनाए। ग्लेन फिलिप्स ने 34 रन की पारी खेली। डेरिल मिचेल ने कीवी टीम के लिए सबसे ज्यादा 63 रन की पारी खेली। उन्हें शमी ने आउट किया। इसके बाद कप्तान मिचेल सैंटनर महज 8 रन बनाकर पवेलियन लौटे। वहीं माइकल ब्रेसवेल शतकीय पारी खेलकर नाबाद लौटे। टीम इंडिया की ओर से वरुण चक्रवर्ती और कुलदीप यादव ने 2-2 विकेट लिए। फिलहाल, भारत को खिताब जीतने के लिए 252 रन चाहिए।

## रोहित से डेरिल मिचेल का कैच छूटा

### रचिन को 2 ओवर में 3 जीवनदान, लेकिन कुलदीप की पहली गेंद पर बोल्ड हो गए; मोमेंट्स

दुबई। चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में न्यूजीलैंड ने भारत को 252 रन का टारगेट दिया है। दुबई स्टेडियम में डेरिल मिचेल और माइकल ब्रेसवेल की फिफ्टी की बदौलत कीवी टीम ने 251/7 का स्कोर बनाया। भारत से कुलदीप यादव और वरुण चक्रवर्ती ने 2-2 विकेट लिए। रविवार को कई मोमेंट्स देखने को मिले। रचिन रवींद्र को 2 ओवर में 3 जीवनदान मिले। कुलदीप ने अपनी पहली बॉल पर उन्हें बोल्ड कर दिया। रोहित शर्मा ने मिचेल का कैच ड्रॉप किया। रवींद्र जडेजा ने रन आउट का मौका गंवाया। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज मैट हेनरी फाइनल में नहीं खेल रहे हैं। उनकी जगह नाथन स्मिथ को टीम में शामिल किया गया। स्मिथ टीम के लिए 7 वनडे खेल चुके हैं। हेनरी साउथ अफ्रीका के खिलाफ सेमीफाइनल मुकाबले में चोटिल हुए थे। वे फील्डिंग के दौरान 29वें ओवर में हेनरिक क्लासेन का कैच लेने की कोशिश में लॉन्ग ऑन की ओर दौड़े और डाइव लगाई। उन्होंने यह कैच तो पकड़ लिया, लेकिन चोटिल हो गए। रविवार को मैच से पहले उन्होंने प्रैक्टिस के समय बॉलिंग की प्रैक्टिस की लेकिन टीम फिजियो ने उन्हें फिट घोषित नहीं किया। बाद में उन्हें मैच से बाहर होने पड़ा।

## अनीता चौधरी ने 42वीं पैरा रोइंग राष्ट्रीय चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता



जयपुर, 9 मार्च। मणिपाल विश्वविद्यालय जयपुर (एमयूजे) की ऑनलाइन एमबीए की छात्रा, अनीता चौधरी ने हाल ही में भोपाल, मध्य प्रदेश में आयोजित 42वीं पैरा रोइंग राष्ट्रीय चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक हासिल किया है। वे झुंझुनूं जिले के नवलगढ़ के निवाई गांव की निवासी हैं। चौधरी ने असाधारण कौशल, धीरज और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन करते हुए प्रतिष्ठित आयोजन में राजस्थान का प्रतिनिधित्व किया। उनके उल्लेखनीय प्रदर्शन ने विश्वविद्यालय, राज्य और राष्ट्र को बहुत गौरवान्वित किया है। उनका समर्पण और दृढ़ता देश भर के महत्वाकांक्षी एथलीटों के लिए एक प्रेरणा के रूप में काम करती है। यह जानकरी निदेशक, खेल डॉ. रीना पूनिया ने दी। अनिता चौधरी की इस उपलब्धि पर मणिपाल विश्वविद्यालय जयपुर के अध्यक्ष डॉ. एन.एन. शर्मा; प्रो प्रेसिडेंट डॉ. करुणाकर ए कोटागर; रजिस्ट्रार डॉ. अमित सोनी; डीन डॉ. मधुरा यादव और निदेशक डॉ. मल्लिकार्जुन गडपा ने अनिता को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## शुभमन गिल को चुन सकते हैं कप्तान

नई दिल्ली, 9 मार्च। भारतीय बैटर शुभमन गिल को चुन सकते हैं कप्तान, गेंदबाज शमी को उप कप्तान बना सकते है। पियंस ट्रॉफी 2025 का फाइनल मुकाबला आज भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेला जाएगा। मैच दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में दोपहर 2:30 बजे शुरू होगा। मैच में फैंटेसी-11 के लिए आप भारतीय बैटर शुभमन गिल को कप्तान चुन सकते हैं और व मोहम्मद शमी को उप कप्तान चुन सकते हैं। चैंपियंस 2025 के खेले 4 मैच में उन्होंने 106 रन बनाए हैं। इस साल खेले 7 मैचों में 97.53 की स्ट्राइक से 158 रन बनाए हैं। वहीं न्यूजीलैंड के खिलाफ अब तक 7 वनडे में 294 रन बनाए हैं। बैटर्स बल्लेबाज के तौर पर शुभमन गिल, विराट कोहली, रचिन रवींद्र और केन विलियम्सन को चुन सकते हैं। शुभमन गिल-चैंपियंस ट्रॉफी के खेले 4 मैचों में 78.89 की स्ट्राइक से 157 रन बनाए हैं। वहीं इस साल खेले 7 मैचों में 92.65 की स्ट्राइक से 449 रन बनाए हैं। वहीं न्यूजीलैंड के खिलाफ खेले 11 मैचों में 108.62 की स्ट्राइक से 592 रन बनाए हैं।

## जैंड्सचुल्प से हार कर जोकोविचव इंडियन वेल्स से हुये बाहर

कैलिफोर्निया, 9 मार्च। सार्बिया के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच दूसरे दौर में बोटिक वैन डे जैंड्सचुल्प से हराकर इंडियन वेल्स मास्टर्स से बाहर हो गए हैं। दो घंटे से अधिक समय तक चले मुकाबले में शनिवार को डच खिलाड़ी बोटिक वैन डे जैंड्सचुल्प ने नोवाक जोकोविच को 6-2, 3-6, 6-1 से हराया। 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन जोकोविच के साथ पिछले कई सालों में यह दूसरी बार है जब उन्हें कैलिफोर्निया में हार का सामना करना पड़ा हैं। मैच के बाद जैंड्सचुल्प ने कहा कि मैंने वास्तव में अच्छी शुरुआत की लेकिन दूसरे सेट में नोवाक ने वापसी की। अंत में तीसरे सेट में अपनी लय वापस पाकर मैं खुश था। वहीं दिन के अन्य मुकाबलों में सातवीं वरीयता प्राप्त आंद्रे रुबलेव को इटली के माटेओ अर्नाल्डी से 6-4, 7-5 से हार का सामना करना पड़ा तथा 17वीं वरीयता प्राप्त फेलिक्स ऑगर-अलियासिमे को अमेरिका के जेनसन ब्रुक्सबी से 6-4, 6-2 से हार का सामना करना पड़ा।

## आईपीएम मोहाली में 5 अप्रैल को, पंजाब और राजस्थान के बीच पहला मुकाबला

नई दिल्ली, 9 मार्च। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 18वें सीजन में पंजाब किंग्स फ्रेंचाइजी अपने होम ग्राउंड महाराजा यादविंद्र सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम, मुल्लांपुर मोहाली में होने वाले मैचों के लिए टिकटों की ऑनलाइन बुकिंग आज (रविवार) दोपहर 1 बजे से शुरू कर रहा है। प्रशंसक 5 अप्रैल को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ होने वाले मुकाबले की टिकट बुक कर सकते हैं।इस बार दर्शकों को पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी और विराट कोहली को पहली बार इस मैदान पर खेलते देखने का मौका मिलेगा। इससे पहले चेन्नई सुपर किंग्स के अधिकतर मैच धर्मशाला में होते थे, लेकिन इस बार धोनी और कोहली दोनों ही मुल्लांपुर स्टेडियम में पहली बार खेलते नजर आएंगे।

## सैनी से देशवाल व हरविंदर ने की भेंट

चंडीगढ़, 9 मार्च। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी से रविवार को उनके निवास संत कबीर कुटीर पर पद्मश्री से सम्मानित साहित्यकार डॉ संतराम देशवाल और पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता हरविंदर ने सपरिवार भेंट की। सैनी ने डॉ संतराम देशवाल और हरविंदर को शॉल एवं स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया और पद्मश्री सम्मान प्राप्त करने के लिए बधाई व शुभकामनाएं दी। इस दौरान मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी सुमन सैनी ने भी पद्मश्री सम्मान के लिए बधाई दी। गौरतलब है कि डॉ संतराम देशवाल हरियाणवी लोक साहित्य के साथ-साथ हिन्दी साहित्य के भी प्रतिष्ठित विद्वान हैं। उनकी पहचान हरियाणा की लोक भाषा, लोक संस्कृति एवं लोक साहित्य के संरक्षक के रूप में प्रतिष्ठापित हो चुकी है।

## डेरिल मिचेल ने रचा कीर्तिमान

### //पोंटिंग और जयवर्धने के क्लब में की एंट्री//



दुबइ, 9 मार्च। भारत के खिलाफ खिताबी मुकाबले में न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर डेरिल मिचेल ने बेहतरीन बल्लेबाजी की। उन्होंने दुबई के मैदान पर मुश्किल हालात में भारत के खिलाफ अर्धशतकीय पारी खेली। मिचेल ने 101 गेंदों में 63 रन बनाए, जिसमें तीन चौके शामिल हैं। ये मिचेल के वनडे करियर का सातवां अर्धशतक है। उन्होंने फिफ्टी जड़कर कीर्तिमान रचा है। 3 वर्षीय खिलाड़ी ने रिकी पोंटिंग के एक स्पेशल क्लब में एंट्री कर ली है। मिचेल आईसीसी वनडे नॉकआउट में भारत के खिलाफ दो बार 50 प्लस पारी खेलने वाले पांचवें क्रिकेटर बन गए हैं।

मिचेल के अलावा ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग, श्रीलंका के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज महेला जयवर्धने, न्यूजीलैंड के धाकड़ क्रिकेटर केन विलियमसन और कंगारू बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने भी बारत के खिलाफ दो-दो बार पचासा ठोका है। मिचेल ने 2023 में वनडे वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में भारत के सामने शतक ठोका था। उन्होंने तब 119 गेंदों में 9 चौकों और 7 छक्कों की मदद से 134 रन बनाए। भारत ने 397/4 का स्कोर खड़ा करने के बाद 70 रनों से सेमीफाइनल मैच जीता था। उस मैच में भारत के लिए विराट कोहली (117) और श्रेयस अय्यर (105) ने सेंचुरी लगाई थी। वहींपहले बल्लेबाजी के लिए उतरी न्यूजीलैंड टीम की शुरुआत सधी हुई थी। विल यंग और रचिन रविंद्र ने अच्छी शुरुआत दिलाई। दोनों के बीच 57 रन की साझेदारी हुई। वरुण चक्रवर्ती ने भारत को पहली सफलता दिलाई। उन्होंने यंग (15) को पवेलियन का रास्ता दिखाया। रचिन रविंद्र 29 गेंद में 37 रन बनाकर आउट हुए। कुलदीप ने उन्हें क्लीन बोल्ड किया। केन विलियमसन 14 गेंद में 11 रन ही बना पाए। टॉम लैथम ने 30 गेंद में 14 रन बनाए। ग्लेन फिलिप्स ने 34 रन की पारी खेली। डेरिल मिचेल ने कीवी टीम के लिए सबसे ज्यादा 63 रन की पारी खेली। उन्हें शमी ने आउट किया।

## मैट हेनरी फाइनल मैच से बाहर होने के बाद भावुक हो गए

दुबइ, 9 मार्च। आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल मुकाबले में भारत के सामने न्यूजीलैंड के मुख्य गेंदबाज मैट हेनरी इंजरी के कारण बाहर हो गए। दरअसल, सेमीफाइनल मुकाबले में वह चोटिल हो गए थे, जिसके बाद वह फाइनल के लिए फिट नहीं हो पाए। वह टीम के लिए अच्छी कर रहे थे और उनके बाहर होने से टीम को बड़ा झटका लगा। फाइनल में प्लेइंग 11 से बाहर होने के बाद हेनरी की आंखों से आंसू आ गए। एक क्रिकेटर का सपना होता है कि वह अपने देश के लिए क्रिकेट खेले और टीम को जिताए। मैट हेनरी भी इसी भावना के साथ टूर्नामेंट में आए होंगे। वह अच्छा भी कर रहे थे लेकिन सेमीफाइनल में उनके कंधे में चोट लग गई। वह भारत के खिलाफ फाइनल के लिए फिट नहीं हो सके। टीम इंडिया के कप्ता रोहित शर्मा और कीवी कप्तान मिचेल सेंटनर जब फाइनल के लिए टॉस पर आए, उससे पहले जब मैट हेनरी मैदान छोड़ रहे थे तो उनकी आंखों में आंसू थे। फिलहाल, न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सेंटनर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। न्यूजीलैंड ने सेमीफाइनल में साउथ अफ्रीका को हराया था। टीम इंडिया ने सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया को शिकस्त दी थी।

## फाइनल में टीम आरपीसी बनी आरपीसी कप की विजेता



जयपुर, 9 मार्च। राजस्थान पोलो क्लब ग्राउंड पर रविवार को आरपीसी कप (आउट ऑफ हैट) का फाइनल मैच खेला गया। फाइनल के इस कड़े मुकाबले में टीम आरपीसी ने 6.5-5 के स्कोर से टीम जयपुर को हराकर कप अपने नाम कर लिया। विजेता टीम आरपीसी के लिए विशाल सिंह राठौड़ ने 3 गोल हासिल किए। वहीं, कुलदीप सिंह राठौड़ ने 1 गोल, रणशय पुरोहित ने 1 गोल और भावना चौहान/युवराज सिंह ने 1 गोल किया। मैच के दौरान टीम आरपीसी को आधे गोल का एडवांटेज मिला। इसी प्रकार, जयपुर टीम से एचएच महाराजा सवाई पद्मनाभ सिंह और संजुला मान ने 2-2 गोल किए। वहीं, लोकेन्द्र सिंह धीरावत ने 1 गोल किया। टीम से एलन शॉन माइकल भी खेले।

## क्वार्टरफाइनल में झारखंड़, महाराष्ट्र और मिजोरम ने जीत दर्ज की

पंचकूला, 9 मार्च। 15वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैम्पियनशिप 2025 के रविवार को खेले गये झारखंड, महाराष्ट्र और मिजोरम ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर सेमीफाइनल में जगह बना ली हैं आज यहां खेले गये दिन के पहले क्वार्टर-फाइनल मुकाबले में झारखंड ने डिवीजन 'ए'में मध्य प्रदेश को 3-1 से हराया। झारखंड की ओर से कप्तान अलबेला रानी टोप्पो ने (चौथे) मिनट में मैच का पहला गोल किया, उसके बाद रजनी केरकेट्टा ने (41वें) और प्रमोदनी लाकड़ा ने (59वें) मिनट में एक-एक गोल किया। वही मध्य प्रदेश की ओर से करिश्मा यादव ने (55वें) मिनट में सांत्वना गोल किया। दूसरे क्वार्टर फाइनल मैच में महाराष्ट्र ने कर्नाटक को 5-0 से हराया। कर्नाटक की ओर से आकांक्षा सिंह ने (41वें, 54वें) मिनट में गोल किए। प्रियंका वानखेड़े ने (30वें) मिनट में, काजल सदाशिव अटपडकर ने (44वें) मिनट और योगिता बोरा ने (59वें) मिनट में एक-एक गोल करके कर्नाटक को हराकर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की की।

## राजस्थान फुटबॉल रेफरी कोर्स बीकानेर में आयोजित




जयपुर, 9 मार्च। राजस्थान फुटबॉल एसोसिएशन द्वारा आयोजित ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन द्वारा लेवल 8 रेफरी लेवल 7, 6 अपग्रेडेशन कोर्स सर्टिफिकेट कोर्स का आयोजन चैन सिंह स्टेडियम बीकानेर में किया गया। इस कोर्स में लेवल -8 में 35 चयनित रेफरीयो ने भाग लिया लेवल-76 में 22 रेफरीयो ने भाग लिया इस कोर्स के इंस्ट्रक्टर ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन से श्री एडले कोस्टा जो गोवा से आए थे। सचिव दिलीप सिंह शेखावत ने बताया कि रेफरी डिपार्टमेंट के चेयरमैन महेंद्र सिंह बिजारनिया और हेड ऑफ़ रेफरी मनोज जाट के प्रयासों से राजस्थान फुटबॉल को विगत 3 सालों में 100 क्वालिफाइड रेफरी मिले है इन क्वालिफाइड रेफरी से रेफरीशीप का स्तर में सुधार आयेगा और सभी पास हुए योग्य रफेरीयो को शुभकामनाएं प्रेषित की।

## शतक से चूकी वॉल की धमक से यूपी वारियर्स 12 रन से जीता

लखनऊ, 9 मार्च। जॉर्जिया वॉल (99 नाबाद) भले ही अपने शतक से चूक गयी हों लेकिन उनकी तूफानी पारी की बदौलत यूपी वारियर्स ने वुमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के एक मुकाबले में न सिर्फ लीग के इतिहास में सबसे बड़ा स्कोर बनाया बल्कि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को ऑल आउट कर 12 रन की सनसनीखेज जीत अपने नाम कर ली। यूपी वारियर्स ने पहले खेलते हुये पांच विकेट पर 225 रन बनाये जिसके जवाब में रॉयल चैलेंजर्स की पूरी टीम 19.3 ओवर में 213 रन बना कर सिमट गयी। वारियर्स के विशाल स्कोर का पीछा करने उतरी चैलेंजर्स ने शुरु से आक्रामक अंदाज अपनाया मगर रन रफ्तार तेज करने के प्रयास में उसके पांच शीर्ष खिलाड़ी 11 ओवर के खेल में 107 रन बना कर पवेलियन लौट गये जिससे वारियर्स की आसान जीत के कयास लगाये जाने लगे मगर विकेटकीपर बल्लेबाज ऋचा घोष (69) ने छह चौकों और पांच छक्कों की मदद से मैच में जान फूंक दी वहीं पुछल्ली स्नेह राणा ने मात्र छह गेंदों पर तीन छक्के और दो चौकों की मदद से 26 रन बना कर मैच को अपने पक्ष में करने की पुरजोर कोशिश की मगर अंतत: जीत मेजबानों के खाते में आयी। इससे पहले प्लेऑफ की दौड़ से लगभग बाहर हो चुकी यूपी वारियर्स के बल्लेबाजों ने शनिवार को अपने घरेलू मैदान इकाना स्टेडियम में गरज चमक के साथ बल्लेबाजी की।

## शतरंज खिलाड़ी वाणी जैन का स्वागत किया



जयपुर, 9 मार्च। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में जयपुर में अलग-अलग स्थानों पर अलग-अलग संस्थाओ द्वारा विभिन्न प्रकार के सम्मान एवं अवार्ड देकर जयपुर की शतरंज खिलाड़ी वाणी जैन को नवाजा गया। राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर की ओर से भट्टारक जी की नसियां में वीमन्स पावर - 2025 के कार्यक्रम में संस्थापक अध्यक्ष ज्ञानचंद झांझरी , प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जैन, प्रदेश महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा एवं नवीन जैन के कर कमलो से तिलक, माला एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया। संगम सामाजिक विकास संस्थान द्वारा 7वां महिला सम्मान समारोह के कार्यक्रम संस्कृत विश्वविद्यालय त्रिवेणी नगर में मोमेंटो देकर सम्मानित किया। कलर ऑफ फ्यूजन की ओर से पांच दिवसीय एग्जीबिशन में प्रोजेक्ट डायरेक्टर शालिनी सक्सेना एंव प्रिया शर्मा जी के कर कमलों से शिल्पग्राम जवाहर कला केंद्र में मोमेंटो और एक सजीव पौधा देकर सम्मानित किया। इसी प्रकार 15 मार्च को भी कलांकित ब्रिगिंग आर्ट ऑफ लाइव की ओर से राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में 16 मार्च को डॉक्टर अंबेडकर उत्थान परिषद जयपुर की ओर से सियाम ऑडिटोरियम में नारी गौरव सम्मान देकर एवं 23 मार्च को इंद्रलोक फाउंडेशन की ओर से वूमेन इन्सपायरी अवार्ड देकर सम्मानित किया जाएगा।

## रॉयल रेंजर्स ने वायुसेना को हराया

नयी दिल्ली, 9 मार्च। डीएसए प्रीमियर लीग में रविवार को रॉयल रेंजर्स ने वायुसेना को 2-1 से हरा कर पूरे अंक अर्जित किए। आज यहाँ नेहरू स्टेडियम परिसर में खेले गए मैच के पहले हाफ में 1-1 की बराबरी के बाद वायुसैनिकों ने बेहतर प्रदर्शन किया लेकिन कई मौकों पर चूक के कारण उन्हें हार का मुंह देखना पड़ा। भारतीय वायुसेना पर रॉयल रेंजर की जीत का फायदा फ्रेंड्स यूनाइटेड को मिल गया। विजेता टीम रॉयल रेंजर्स के लिए प्लेयर ऑफ द मैच यमन सिँह और करमन्य बंसल ने एक-एक गोल किये। वहीं वायुसेना की ओर से एकमात्र गोल अमन सिंह ने दागा। इस हार के साथ वायुसेना अंत तालिका में नीचे लुढ़क गई है तो फ्रेंड्स यूनाइटेड पर से संकट टल गया है।

# रीको नये औद्योगिक क्षेत्रों के लिये लैंड बैंक बनायेगा

## मुख्यमंत्री भजनलाल ने राइज़िंग राजस्थान के एमओयू क्रियान्वयन की समीक्षा बैठक ली

जयपुर, 9 मार्च। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राइज़िंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के अंतर्गत हुए एमओयू को धरातल पर लागू करने की दिशा में प्रभावी रूप से कार्य किया जा रहा है, जिसके सुखद परिणाम आ रहे हैं। उन्होंने संबंधित विभागों को एमओयू की क्रियान्विति के लिए परस्पर सामंजस्य और सतत् मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए।

■ मुख्यमंत्री भजनलाल ने ऊर्जा तथा जनस्वास्थ्य अभियांत्रिक विभाग को आगामी गर्मी में बिजली तथा पानी की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।



*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को राइज़िंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के तहत हुए एमओयू के क्रियान्वयन की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित विभागों को एमओयू की क्रियान्विति के लिए परस्पर सामंजस्य और सतत् मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए।*

रविवार को भजनलाल शर्मा मुख्यमंत्री निवास पर राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के तहत हुए एमओयू के क्रियान्वयन की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जिन निवेशकों ने एमओयू किया है, उनमें से कई निवेशकों ने तो धरातल पर कार्य भी प्रारंभ कर दिया है।

शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार राजस्थान को देश का प्रमुख औद्योगिक केन्द्र बनाने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने रीको को, प्रदेश में नए औद्योगिक क्षेत्र के लिए जमीन की संभावना तलाश करने के निर्देश भी दिए। साथ ही, मुख्यमंत्री ने रीको को लैंडबैंक बनाने के लिए जिला कलक्टर्स के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। इस लैंडबैंक के माध्यम से निवेशकों को जमीन की उपलब्धता के बारे में सुगमता से जानकारी मिल सकेगी।

आगामी गर्मी के मौसम को देखते हुए मुख्यमंत्री ने ऊर्जा और जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को निर्बाध बिजली और पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया। शर्मा ने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को मौसमी बीमारियों की प्रभावी रोकथाम के लिए सभी स्वास्थ्य केन्द्रों पर दवा की उपलब्धता सहित आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर मुख्य सचिव सुधांश पंत, अतिरिक्त मुख्य सचिव ऊर्जा आलोक, अतिरिक्त मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री कार्यालय) शिखर अग्रवाल, प्रमुख शासन सचिव उद्योग अजिताभ शर्मा, प्रमुख सचिव (मुख्यमंत्री कार्यालय) आलोक गुप्ता सहित विभिन्न विभागों के प्रमुख शासन सचिव, शासन सचिव उपस्थित थे।

## कैलिफोर्निया के स्वामी नारायण मंदिर में तोड़-फोड़

नयी दिल्ली, 09 मार्च। भारत ने अमेरिका में कैलिफोर्निया के एक हिंदू मंदिर में तोड़फोड़ की घटना की कड़ी निंदा की है और अमेरिकी प्रशासन से दोषियों के खिलाफ कार्रवाई एवं धर्मस्थलों की सुरक्षा करने का आव्हान किया है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने इस घटना के बारे में मीडिया के सवालों के जवाब में कहा, ''हमने कैलिफोर्निया के चीनो हिल्स में एक हिंदू मंदिर में तोड़फोड़ की खबरें देखी हैं।

हम इस तरह के घृणित कृत्यों की कड़े शब्दों में निंदा करते हैं। हम स्थानीय कानून प्रवर्तन अधिकारियों से इन कृत्यों के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने और पूजा स्थलों की पर्याप्त सुरक्षा सुनिश्चित करने का आव्हान करते हैं।''

■ विदेश मंत्रालय ने अमेरिकी प्रशासन से त्वरित कार्यवाही की मांग की।

एक रिपोर्ट के अनुसार, दक्षिणी कैलिफोर्निया के सबसे बड़े हिंदू मंदिरों में से एक, स्वामीनारायण मंदिर को शनिवार रात अपवित्र किया गया और इसकी दीवारों पर भारत विरोधी नारे लिखे गए।

घटना के बाद मंदिर का प्रशासन संभालने वाले बीएपीएस ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, इस बार चीनो हिल्स कैलिफोर्निया में, एक और मंदिर के अपवित्रीकरण के सामने हिंदू समुदाय नफरत के खिलाफ मजबूती से खड़ा है।

# रणथंभौर: बाघिन टी-125 की मौत



*रणथंभौर टाइगर रिज़र्व में बाघिन टी-125 की मौत हो गई। वन विभाग की टीम ने बाघिन के शव का नाका राजबाग पर मैडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाया।*

सवाई माधोपुर, 9 मार्च। (निसं)। रविवार को रणथंभौर टाइगर रिज़र्व से एक बार फिर बुरी खबर आई। रणथंभौर में बाघिन टी-125 की मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही वन्य जीव प्रेमियों में गम का माहौल छा गया। सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। जिसके बाद बाघिन के शव को नाका राजबाग पर लाया गया, जहां मैडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवा कर उसका अंतिम संस्कार किया गया।

रणथंभौर टाइगर रिजर्व प्रथम के रामानंद भाकर ने बताया कि रविवार दोपहर को वनकर्मी को ट्रैकिंग के दौरान कुंडेरा रेंज के भदलाव वन क्षेत्र में एक बाघिन का शव मिला, जिसकी सूचना उन्होंने वनाधिकारियों को दी। सूचना मिलने के बाद वनाधिकारी मौके पर पहुंचे।

■ वन अधिकारियों के अनुसार, संभवतः बाघ टी-2311 के हमले में बाघिन की मौत हुई।

भाकर ने बताया कि इस इलाके में बीती रात कैमरा ट्रैप में बाघ टी 2311 कैद हुआ था। ऐसे में संभवतः बाघ 2311 के हमले में बाघिन की मौत हुई। बाघिन के शरीर पर चोट के निशान भी पाए गए। जिसने अनुमान लगाया जा रहा है कि उसकी मौत बाघ के हमले के कारण हुई होगी।

बाघिन टी-125 सिद्धी की उम्र करीब सात साल है। यह रणथम्भौर की मशहूर बाघिन एरोहेड टी-84 की बेटी है। जबकि बाघिन टी-124 रिद्धी की बहन है। बाघिन सिद्धि सितंबर माह में शावकों के साथ कैमरा ट्रैप में कैद हुई थी। उस समय शावकों की उम्र करीब दो माह थी।

## सुरंग हादसे ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

निकालने के लिए बचाव दल दो सप्ताह से प्रयासरत है। इससे पहले राज्य सरकार ने बचाव अभियान में केरल पुलिस के श्वान दस्तों को भी शामिल किया था और बचाव कर्मियों ने उन स्थानों पर खुदाई की जहां श्वान दस्तों ने मानव मौजूदगी का पता लगाया था। इन कुत्तों को लापता लोगों और शवों का पता लगाने के लिए प्रशिक्षित किया जाता है।

बीते दिन राज्य के सिंचाई मंत्री उत्तम कुमार रेड्डी ने बताया था कि खोजी कुत्तों ने खास जगह पर तेज गंध का पता लगाया। पता चला है कि वहां तीन लोग मौजूद हैं। इसके बाद वहां जमा मलबा हटाया जा रहा था। हालांकि, अभी यह साफ नहीं है कि शव उसी जगह मिला है या किसी अन्य जगह से। बचाव अभियान में तेजी लाने के लिए रोबोट का भी इस्तेमाल किया जा रहा है।

तेलंगाना के नगरकुर्नूल में श्रीशैलम लेफ्ट बैंक कैनाल (एसएलबीसी) सुरंग का एक हिस्सा 22 फरवरी को धंस गया था। इस वजह से सुरंग के अंदर काम कर रहे 8 मजदूर फंस गए थे।

## महिला कांग्रेस ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अलका लांबा के नेतृत्व में पार्टी की महिला इकाई इस कार्यक्रम का आयोजन कर रही है, जिसमें पार्टी की महिला कार्यकर्ता जंतर मंतर पर एकत्रित होंगी और सुबह 10.30 बजे संसद का घेराव करने के लिए मार्च करेंगी। लांबा ने बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ताओं को सोमवार सुबह जंतर मंतर पहुंचने का आवाहन किया है। उन्होंने कहा कि लोकसभा तथा राज्यसभा, संसद और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण देने का विधेयक पारित कर चुकी हैं लेकिन सरकार इसे क्रियान्वित नहीं कर रही है इसलिए सरकार पर दबाव बनाने के लिए उन्होंने संसद के घेराव का कार्यक्रम रखा है।

## सीरिया में ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

बड़े इलाकों में बिजली और पीने का पानी की सप्लाई काट दी गई है। ज्ञातव्य है कि तीन महीने पहले सीरिया के विद्रोहियों ने असद को हटाकर सत्ता संभाली थी। हिंसा से सबसे ज्यादा प्रभावित कस्बों में से एक बनियास के निवासियों ने कहा कि शव सड़कों पर बिखरे पड़े थे या घरों और इमारतों की छतों पर बिना दफनाए पड़े थे। कोई भी उन्हें इकट्ठा नहीं कर पाया। बनियास के 57 वर्षीय निवासी अली शेहा ने कहा कि बनियास के एक मोहल्ले में जहां अलावी रहते थे, वहां 20 लोगों की हत्याएं की गईं, उनमें से कुछ को दुकानों में या उनके घरों में मारा गया।

## संसद सत्र ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

प्रस्ताव में कहा गया है कि तमिलनाडु को परिसीमन में एक भी सीट का नुकसान नहीं होना चाहिए।

एक अन्य प्रस्ताव में कहा गया कि डीएमके परिसीमन के खिलाफ लड़ाई में कर्नाटक और केरल सहित अन्य राज्यों के साथ मिलकर काम करेगी। ऐसे राज्य जो परिसीमन के कारण सीटों का नुकसान झेलने वाले हैं, उनके साथ तालमेल बनाया जाएगा।

# सरकार को तदर्थ न्यायाधीशों के लिये नामों का इंतजार

नई दिल्ली, 09 मार्च। देशभर के न्यायालयों में लंबित मामलों की संख्या बढ़ रही है। इससे निपटने के लिए हाईकोर्ट में तदर्थ न्यायाधीशों की नियुक्ति को सुप्रीम कोर्ट ने एक महीने पहले मंजूरी दी थी। मगर सरकार को अब तक हाईकोर्ट से तदर्थ न्यायाधीश पद के उम्मीदवारों के नाम नहीं मिले हैं।

देशभर की अदालतों में 18 लाख से ज्यादा आपराधिक मामले लंबित हैं। इसे लेकर सुप्रीम कोर्ट ने 30 जनवरी को उच्च न्यायालयों को तदर्थ न्यायाधीशों की नियुक्ति करने की अनुमति दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि तदर्थ न्यायाधीशों की संख्या कोर्ट की कुल स्वीकृत संख्या के 10 प्रतिशत से अधिक नहीं हो सकती। संविधान का अनुच्छेद 224ए भी लंबित मामलों से निपटने में मदद के लिए उच्च न्यायालयों में सेवानिवृत्त न्यायाधीशों को तदर्थ न्यायाधीश के रूप में नियुक्त करने की अनुमति देता है।

■ सर्वोच्च न्यायालय ने गत 30 जनवरी को सभी उच्च न्यायालयों को तदर्थ न्यायाधीशों की नियुक्ति की अनुमति दी थी।

सूत्रों के अनुसार, केंद्रीय कानून मंत्रालय को तदर्थ न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए संबंधित उच्च न्यायालय के कोलीजियम से अभी तक कोई सिफारिश नहीं मिली है।

## डीआरआई ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

सदस्य को भी बंदरगाह पर जहाज आने के बाद आगे की जांच के लिए गिरफ्तार कर लिया गया।

जहाज की तलाशी लेने पर दो बैग बरामद हुए जिनमें 29 प्लास्टिक के पैकेट थे जिन पर खाद्य पदार्थों का विवरण छपा हुआ था। पैकेटों की जांच की गई और पाया गया कि उनमें काले रंग का तरल पेस्ट जैसा पदार्थ था। जांच से पता चला कि वो चरस का तेल था।

## मुख्यमंत्री ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

नेता विनोद तावड़े लखनऊ आए थे। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार तावड़े ने जिलाध्यक्षों की सूची पर भी मंथन किया था। माना जा रहा है कि जिलाध्यक्षों की सूची आने के बाद अध्यक्ष पद के लिए नामांकन होगा। बीते दिनों पत्रकारों से बात करते हुए यूपी भाजपा चीफ भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा था कि यूपी भाजपा संगठन में बदलाव जल्द ही होंगे।

# निर्माणाधीन बिल्डिंग के बाहर टैंक में दम घुटने से 4 मजदूरों की मौत

मुंबई, 09 मार्च। मुंबई के नागपाड़ा इलाके में एक निर्माणाधीन बिल्डिंग के वॉटर टैंक में दम घुटने की वजह से 4 मजदूरों की मौत हो गई। रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद सभी मजदूरों को जेजे अस्पताल लाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने चारों मजदूरों को मृत घोषित कर दिया। जे जे अस्पताल में मजदूरों को देखने वाले डॉक्टर ने बताया कि दम घुटने से पांच लोग बेहोश हुए थे, जिन्हें अस्पताल लाया गया। इनमें से चार लोगों को मृत घोषित कर दिया गया है।

■ दमकल अधिकारी के अनुसार, पाँच मजदूर पानी की टंकी साफ करने के लिये टैंक में घुसे थे। काम करते समय वे बेहोश हो गये।

शुरु में पांच मजदूरों की मौत की जानकारी सामने आई थी। बाद में मुंबई पुलिस ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि चार मजदूरों की मौत हुई है और पांचवें मजदूर की तबीयत ठीक है।

मुंबई पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि आज सुबह करीब 11-11.30 बजे, चार व्यक्ति/मजदूर दम घुटने के कारण मृत पाए गए। ये सभी लोग जेजे मार्ग पुलिस थाने के अंतर्गत मस्तान तालाब के पास, डिमटीमकर रोड पर, बिस्मिल्लाह स्पेस नामक एक निर्माणाधीन इमारत में किसी काम के लिए भूमिगत पानी की टंकी में घुसे थे। 5वां व्यक्ति ठीक है।

दमकल अधिकारी ने बताया कि पांच मजदूर पानी की टंकी साफ करने के लिए उसमें घुसे थे, लेकिन काम करते समय वे अंदर ही बेहोश हो गए। निर्माण स्थल पर मौजूद अन्य लोगों ने दमकल विभाग को सूचना दी, जिसने पांचों लोगों को रेस्क्यू किया और उन्हें सरकारी जेजे अस्पताल पहुंचाया। मामले की जांच चल रही है।

# मणिपुर: अनिश्चितकालीन बंद के दौरान कुकी बाहुल्य इलाकों में दुकाने बंद रहीं

इंफाल, 09 मार्च। मणिपुर में कुकी समूहों की ओर से सुरक्षा बलों की कार्रवाई के खिलाफ लागू किए गए अनिश्चितकालीन बंद का मिलाजुला असर नजर आया। राज्य के कुकी बहुल इलाकों में तनावपूर्ण शांति रही। कुछ जिलों में कुकी प्रदर्शनकारियों ने प्रदर्शन किया। वहीं बंद को देखते हुए सुरक्षा बल अलर्ट मोड पर रहे। चूराचंदपुर और टेंग्नौपाल जिलों के कुकी बहुल इलाकों में प्रदर्शनकारियों ने टायर जलाए और पत्थरों से सड़कें जाम कर दीं, जिन्हें सुरक्षा बलों ने हटाया।

कुकी बहुल इलाकों में दुकानें बंद रहीं। आंदोलनकारियों ने लोगों से घरों के अंदर रहने के लिए कहा। अफसरों ने बताया कि एनएच-2 (इंफाल-दीमापुर रोड) पर गमघीफाई और जिले के अन्य हिस्सों में अतिरिक्त सुरक्षा बलों को तैनात किया गया है और कानून व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए वाहनों की गश्त की जा रही है।

■ कुछ जिलों में प्रदर्शनकारियों ने प्रदर्शन किया व रास्ता रोका। कानून व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिये अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात किया गया।

आईटीएलएफ ने कुकी-जो काउंसिल (केजेडसी) द्वारा बुलाए गए अनिश्चितकालीन बंद को समर्थन दिया। इस बंद का उद्देश्य राज्य में सभी सड़कों पर मुक्त आवाजाही का विरोध कर रहे प्रदर्शनकारियों पर सुरक्षा बलों की कार्रवाई का विरोध करना था। आईटीएलएफ ने कहा कि कुकी-जो क्षेत्रों के माध्यम से मैतेई लोगों की आवाजाही की अनुमति देने के भारत सरकार के फैसले से कांगपोकपी में आंदोलन और विरोध हुआ। सुरक्षा बलों ने प्रदर्शनकारियों पर अत्यधिक बल का प्रयोग किया।

## जदयू नेता शमशाद आलम राजद में शामिल हुए

पटना, 09 मार्च। जदयू नेता और जमुई विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी मो. शमशाद आलम रविवार को अपने सैकड़ो समर्थकों के साथ राष्ट्रीय जनता दल में शामिल हो गये। राजद के राज्य कार्यालय के कर्पूरी सभागार में रविवार को मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें मो.शमशाद आलम ने अपने सैंकड़ों समर्थकों के साथ राजद के अनेक वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में राजद की सदस्यता ग्रहण की।

चतुर्थ पुण्यतिथि
10.03.2025



हमारे पूजनीय
श्री हरि नारायण शर्मा
(रिटायर्ड प्रो. राज. कृषि विश्वविद्यालय)
आपकी कर्तव्यपरायणता, उच्च विचार और जीवन मूल्य सदैव हमारा मार्गदर्शन करते हैं।
आज हम सभी आपका पुण्य स्मरण करते हैं और भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।
श्रद्धावनत
उषा शर्मा (पत्नी), गरिमा शर्मा-मनीष दुबे, चारू शर्मा-विनोद द्विवेदी (पुत्री-दामाद), सौम्या, रिद्धिमा (दोहिती) एवम् समस्त परिवार और मित्रगण




राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा। आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908